आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 27 अगस्त 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-08 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-149 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 28 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

होटल में पुलिस का छापा,10 जुआरी गिरफ्तार

रायपुर,27 अगस्त। राजधानी पुलिस ने जुआ पर एक बड़ी कार्रवाई की है. रायपुर के वीआईपी रोड स्थित होटल में पुलिस ने छापेमारी की. इस दौरान जुआ खेलते 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इन जुआरियों में शहर के कई हाई प्रोफाइल चेहरे भी शामिल हैं. पुलिस ने मौके पर से 2 लाख रुपये नगदी और ताश की पत्तियां भी जब्त की है. यह पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, तेलीबांधा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस की टीम ने होटल में दबिश दी. होटल के रूम नंबर 115 में जुआरियों को मजमा लगा हुआ था. पुलिस ने जुआ खेलते हुए 10 जुआरियों को गिरफ्तार किया और मौके से 2 लाख रुपये नगदी व अन्य सामग्री जब्त किया है. सभी आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. मामले की आगे की जांच जारी है.

जमीन विवाद में 7 भाइयों के बीच खूनी संघर्ष, 2 की मौत

मुंगेली,27 अगस्त। छत्तीसगढ़ के मुंगेली जिले में जमीन विवाद के चलते सगे भाइयों के बीच खूनी झड़प हो गया। इस झड़प में दो भाइयों की मौत हो गई। वहीं डंडे से पीटने पर दो और भाई घायल हो गए। इस वारदात से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज किया है। वहीं गांव की घेराबंदी करके 5 लोगों को हिरासत में लिया है। घटना के बाद से 4 आरोपी फरार हैं। दरअसल, यह पूरी घटना फास्टरपुर थाना क्षेत्र के बुधवारा गांव की है। जमीनी विवाद के चलते शुरू हुई कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गया। 7 सगे भाइयों में विवाद इतना बढ़ा कि, दो भाइयों की मौत हो गई। इनमें कुछ ने दो भाइयों पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया और दो अन्य भाइयों को लाठ-डंडे से पीट-पीट कर घायल कर दिया। घटना में एक भाई की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। इस खूनी वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव में घेराबंदी कर दी।

रायपुर रेलवे स्टेशन में लाश,हड़कंप

रायपुर,27 अगस्त। रायपुर रेलवे स्टेशन में एक यात्री की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक यात्री संभवतः ट्रेन से गिरकर पटरियों पर आ गया और उसकी मौत हो गई. हालांकि अभी सुसाइड की पुष्टि नहीं हुई है. आरपीएफ और जीआरपी के स्टॉफ रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 में पहुंच गए है. सूत्रों के मुताबिक आरपीएफ सीसीटीवी फुटेज निकालने और वहां मौजूद यात्रियों से बयान लेने का प्रयास कर रही है, जिससे स्थिति स्पष्ट होगी.

खेल अलंकरण समारोह 29 को

रायपुर,27 अगस्त। छत्तीसगढ़ में खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को खेल अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा. इसको लेकर खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश के खिलाड़ी को पुरस्कार जीत कर आए हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधान अध्यक्ष रमन सिंह कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे. उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने खिलाड़ियों के साथ अन्याय किया और अलंकरण समरोह का भी आयोजन नहीं किया. बता दें कि अलंकरण सम्मान के लिए आवेदन 10 जुलाई अंतिम तारीख तक 1329 खिलाड़ियों ने आवेदन किया है.

इनमें से नियमों के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण के बाद उत्कृष्ट खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा. इसके साथ ही मंत्री टंकराम वर्मा ने अन्य मुद्दों पर भी बयान दिया है.

नक्सल इलाके के बच्चे करेंगे रोबोटिक और एआई की पढ़ाई

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर, 27 अगस्त. छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है। यही वजह है कि साय सरकार को नक्सल मोर्चे पर बड़ी सफलता मिल रही है। साय सरकार के आने के बाद बड़ी संख्या में नक्सलियों ने सरेंडर किया है। वहीं कई खूंखार नक्सली जवानों की जवाबी कार्रवाई में ढेर हुए हैं। इसी बीच अब नक्सल प्रभावित इलाकों में शिक्षा की अलख जगाने के लिए साय सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। नक्सल प्रभावित इलाकों के छात्रों को अब रोबोटिक और ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की शिक्षा देगी। प्रदेश के

गृहमंत्री विजय शर्मा ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। साय सरकार के इस फैसले से नक्सल प्रभावित इलाके के 800 बच्चों को फायदा मिलेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के साथ अनुबंध किया है। अनुबंध के तहत पहले दो शैक्षणिक वर्षों में 800 सरकारी स्कूलों में कौशल शिक्षा लागू की जाएगी। इस अवधि के दौरान 1,600 शिक्षक कक्षा छठवीं से 10 तक के 40,000 छात्रों को कौशल और जीवन कौशल की शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। बता दें कि साय सरकार ने नक्सल इलाकों में शिक्षा की नींव को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सीएम साय ने आदेश दिया है कि आदिवासी बच्चों को उनकी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में प्रदान की जाए। ऐसे में मातृभाषा जानने वाले स्थानीय शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा नियद नेल्लानार योजना भी शुरू की गई है।

मोदी को जेपी नड्डा बनाएंगे पहला सदस्य

नई दिल्ली,27 अगस्त। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने पार्टी के संविधान का हवाला दिया और कहा कि जब इसके लिए कोई नया अभियान चलाया जाएगा तो मौजूदा सदस्यों को अपनी सदस्यता नवीनीकृत करने की आवश्यकता होगी। तावड़े ने कहा कि संविधान कहता है कि हर पांच से छह साल में सदस्यता अभियान चलाना होगा। भाजपा ने इस महीने चुनाव वाले जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड को छोड़कर पूरे देश में कम से कम 100 मिलियन नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। यह अभियान 2 सितंबर से 10 नवंबर तक चरणों में आयोजित किया जाएगा। तावड़े ने कहा कि व्यक्ति मिस्ड कॉल के माध्यम से, या पार्टी की वेबसाइट या अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साइन अप कर सकते हैं। 2014 में लगभग 110 मिलियन लोगों ने भाजपा के सदस्यों के रूप में साइन अप किया और 2019 में लगभग 70 मिलियन लोगों ने सदस्यता अभियान को सीमित अवधि के लिए खोला। उन्होंने कहा कि भाजपा के संविधान के अनुसार हर 5-6 साल बाद नए सिरे से सबको सदस्य बनाया जाता है। बीच में कोरोना के कारण सदस्यता अभियान सीमित रूप से ही चल पाया था। लेकिन अब 2 सितंबर से सदस्यता का संगठन पर्व शुरू होगा। जिसमें नए सिरे से सभी को फिर से सदस्यता लेनी होगी। भाजपा नेता ने कहा कि 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जेपी नड्डा पहला सदस्य बनाएंगे और उसके बाद पूरे देश में सदस्यता शुरू होगी। 2 सितंबर शाम को 5 बजे इस सदस्यता अभियान का शुभारंभ पार्टी के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2014 तक चीन की कम्युनिस्ट पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल था। 2014 में जब भाजपा के 11 करोड़ सदस्य बने, उसके पश्चात भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई। तावड़े ने कहा कि सदस्यता सिर्फसंपर्क का कार्यक्रम नहीं अपितु देश की जनता तक भाजपा के विचार और भाजपा की सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी पहुंचाना इसका लक्ष्य है। 2 सितंबर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान का पहला चरण 25 सितंबर तक पूरा होगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण की सदस्यता का विश्लेषण करने के बाद 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण चलेगा।

पूर्व सीएम के काफिले को रोकने का मामला गरमाया

कांग्रेसियों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, थाना प्रभारी घायल

भिलाई,27 अगस्त। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिले को रोकने का मामला काफी गरमा गया है. इस मामले को लेकर कल यानी सोमवार को भिलाई चरोदा निगम के सभापति और उनके समर्थकों ने जिम में घुसकर जिम संचालक के साथी अमित लखवानी से मारपीट की. जिसके विरोध में देर रात जिम संचालक पुष्पराज सिंह और भिलाई भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने भिलाई 3 थाने का घेराव कर दिया है. साथ ही मारपीट करने वाले कांग्रेस नेताओं के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की. वहीं आज कांग्रेस ने भी पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और बजरंग दल के युवाओं पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए भिलाई 3 थाना का घेराव करने कांग्रेसी निकले हैं. इस बीच पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज कर दिया है. इस बीच कांग्रेसियों और पुलिसकर्मियों के बीच जमकर धक्कामुक्की हुई. इस झड़प में थाना प्रभारी और नगर पालिका कुम्हारी अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर घायल हो गए हैं. मंगलवार को भिलाई तीन के सिरसा गेट में कांग्रेस का धरना प्रदर्शन जारी है. प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा,

चरोदा, भिलाई, और दुर्ग निगम के महापौर शामिल हैं. वहीं भिलाई 3 थाने में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है.कांग्रेस ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के काफिले को बजरंग दल के लोगों द्वारा रोकने और सुरक्षा कर्मी से धक्का मुक्की करने वाले बजरंग दल के युवाओं पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगते हुए कांग्रेस भिलाई 3 थाना का घेराव कर रही है. इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस के नगर पालिका कुम्हारी अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर और जामुल थाना के टीआई कपिल पांडेय घायल हो गए हैं. बताया जा रहा है कि लाठीचार्ज के दौरान कपिल पांडेय के नाक पर चोट लगी है. बता दें कि दुर्ग पुलिस ने आज चरोदा निगम के सभापति कृष्णा चन्द्राकर और दो पार्षदों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जिम संचालक अमित लखवानी को उनके जिम से पकड़कर थाने लाने और थाने में मारपीट करने के मामले में एफआईआर दर्ज किया है. सभापति कृष्णा चन्द्राकर और दोनों पार्षद फरार हैं.

(विस्तृत समाचार पृष्ठ 2 पर)

थाने पर हमले का आरोपी शहजाद अली गिरफ्तार

छतरपुर,27 अगस्त। मध्य प्रदेश के छतरपुर में थाने पर हमले के बाद से फरार मुख्य आरोपी शहजाद अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पैगंबर मोहम्मद साहब पर महाराष्ट्र में की गई एक टिप्पणी के विरोध में शहजाद अली 21 अगस्त को भीड़ लेकर कोतवाली थाने पहुंचा था और इस दौरान हिंसा हो गई थी। पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। हिंसा के बाद से शहजाद लगातार फरार चल रहा था। पुलिस की कई टीमों को उसकी गिरफ्तारी में लगाया गया था। बताया जा रहा है कि लोकल इंटेलिजेंस और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से उसे दबोचा गया है। हालांकि, पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। कांग्रेस पार्टी से जुड़ा रहा शहजाद अली छतरपुर में मुस्लिम समाज का एक प्रमुख व्यक्ति है। वह छतरपुर में सदर भी रहा है। पैगंबर मोहम्मद साहब पर टिप्पणी के खिलाफ आक्रोश जाहिर करते हुएए भीड़ के साथ वह थाने पहुंचा था। भीड़ की मांग थी कि आरोपी के खिलाफ छतरपुर में भी एफआईआर दर्ज की जाए। पुलिस के इनकार किए जाने पर भीड़ उग्र हो गई और थाने पर हमला कर दिया। मुख्यमंत्री मोहन यादव की ओर से सख्त ऐक्शन का आदेश दिए जाने के बाद अगले दिन पुलिस-प्रशासन ने शहजाद अली की करोड़ों की नई हवेली को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था। परिसर मं खड़ी कारों को भी नष्ट कर दिया गया था। शहजाद अली ने एक वीडियो जारी करते हुए खुद को बेकसूर बताने की कोशिश की। शहजाद अली ने कहा था कि नबी की शान में गुस्ताखी के विरोध में वह लोगों के साथ एफआईआर की मांग करते हुए कोतवाली पहुंचा था। वीडियो मैसेज में शहजाद ने कहा था कि कुछ असमाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया और उसने उन्हें रोकने की कोशिश की थी। अली ने मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए खुद को समाज सेवक भी बताया था।

राज्यपाल डेका ने दिलाई उबोवेजा को प्रमुख लोकायुक्त पद की शपथ

रायपुर,27 अगस्त। राज्यपाल रमेन डेका ने आज यहां राजभवन में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) इंदर सिंह उबोवेजा को छत्तीसगढ़ लोक आयोग के प्रमुख लोकायुक्त पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति इंदर सिंह उबोवेजा ने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु पिल्ले ने शपथ प्रक्रिया पूर्ण कराई। शपथ के पश्चात राज्यपाल श्री डेका एवं मुख्यमंत्री साय ने पुष्पगुच्छ से श्री उबोवेजा का अभिवादन किया।

आरपीएफ जवानों ने ट्रेन से चुराए आयरन प्लेट्स, कबाड़ी के बेटे को फंसाया

बिलासपुर,27 अगस्त। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में दो आरपीएफ जवानों पर रेलवे की संपत्ति को चोरी करने का आरोप लगा है। आरोप है कि, दोनों ने ट्रेन के वैगन से आयरन प्लेट्स को गिराया और फिर 50-60 बोरियों में भरकर उसे कबाड़ी में बेच दिया। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद दूसरे दिन दोनों जवान एक कबाड़ी के घर गए और घर वालों से दुर्व्यवहार किया। इतना ही नहीं वे कबाड़ी के बेटे को पकड़कर तिल्दा चौकी ले आए। बताया जाता है कि, कबाड़ी के यहां से चोरी का कोई सामान बरामद भी नहीं किया गया था। इससे परेशान कबाड़ी ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। इस मामले में विभागीय जांच पूरी होने के बाद दोनों से 15 दिनों के भीतर आला अफसरों ने जवाब मांगा था। दोनों ने जांच रिपोर्ट को निरस्त करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। जिसके बाद इस मामले की सुनवाई जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास के सिंगल बेंच में हुई। मिली जानकारी के अनुसार, बिलासपुर के तालापारा निवासी एके पात्रे और तिल्दा निवासी मोहित कुमार आरपीएफ के तिल्दा पोस्ट में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ थे। 28 दिसंबर 2021 को आयरन प्लेट्स से भरा रैक मांढर रेलवे स्टेशन पहुंचा। दोनों जवानों पर आरोप है कि, दोनों ने रैक के ताले खोले और कुछ लोगों की मदद से आयरन प्लेट्स गिराए। उसके बाद 50-60 बैग में भरकर इन आयरन प्लेट्स को एक कबाड़ी को बेच दिया। दूसरे दिन दोनों ने मांढर निवासी कबाड़ी अब्दुल खान को पकड़ लाये। पूछताछ के दौरान दोनों जवानों पर हमला करने के आरोप में कबाड़ी के बेटे साहिल खान पर झूठा मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। इस घटना से परेशान कबाड़ी अब्दुल खान ने 10 जनवरी 2022 को अमरकंटक एक्सप्रेस से कटकर अपनी जान दे दी थी। पिता की मौत के बेटी जन्नत खान ने आरपीएफ के दोनों जवानों के खिलाफ पिता व भाई को प्रताड़ित करने और झूठे आरोप में फंसाने का आरोप लगाती हुई शिकायत की और इस पूरे मामले की जांच की मांग की थी। जिसके बाद प्रारंभिक जांच के बाद 10 जनवरी 2022 को ही दोनों जवानों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। 30 जनवरी 2022 को आरोप पत्र जारी किया गया। इसके खिलाफ दोनों ने पूर्व में याचिका लगाई थी, जिसे हाई कोर्ट ने निराकृत कर दिया था। मामले की जांच पूरी होने के बाद जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। 27 अप्रैल 2022 और 28 अप्रैल 2022 को सौंपे जांच रिपोर्ट पर दोनों जवानों को 15 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए थे। जांच रिपोर्ट में लगाए गए आरोप को चुनौती देते हुए दोनों जवानों ने अपने अधिवक्ता के खिलाफ छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।आरपीएफ के दोनों जवानों पर जांच रिपोर्ट में गंभीर आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि, वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का उल्लंघन करने, चोरी में शामिल होने, कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने और मृतक अब्दुल खान के साथ दुर्व्यवहार- मारपीट करने का आरोप है। आरपीएफ के दोनों जवानों के खिलाफ आईपीसी की धारा 306 और 506 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरपीएफ के दोनों की याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने दोनों आरोपी जवानों को जांच रिपोर्ट में जवाब पेश करने की छूट दी है।

मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति से यूक्रेन और बांग्लादेश की स्थिति पर की चर्चा

नई दिल्ली,27 अगस्त। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन से टेलीफ़ोन पर बातचीत की. मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों नेताओं ने यूक्रेन और बांग्लादेश की स्थितियों सहित वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की. मोदी ने कहा कि उन्होंने बिडेन को यूक्रेन में शांति और स्थिरता की शीघ्र वापसी के लिए भारत के पूर्ण समर्थन को दोहराया. दोनों नेताओं के बीच बातचीत मोदी की यूक्रेन यात्रा के तुरंत बाद और ऐसे समय में हुई जब बांग्लादेश राजनीतिक संकट की चपेट में है. एक जन आंदोलन में प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने के बाद, सेना और हसीना विरोधी राजनीतिक समूहों द्वारा समर्थित मोहम्मद यूनुस की अनिर्वाचित सरकार कानून और व्यवस्था बनाए रखने में विफल रही है. हसीना विरोधी ताकतों ने हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ हिंसा की लहर छेड़ दी है. बांग्लादेश की स्थिति के बारे में मोदी ने कहा, हमने बांग्लादेश की स्थिति पर भी चर्चा की और सामान्य स्थिति की जल्द बहाली तथा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया.

भारत में फास्टैग सिस्टम का अंत

नई दिल्ली,27 अगस्त। भारत में ऑटो उद्योग में हर गुजरते दिन के साथ भारी वृद्धि देखी जा रही है, टोल कलेक्शन की संख्या भी बढ़ती जा रही है. अब, टोल कलेक्शन का यह पारंपरिक तरीका खत्म होता दिख रहा है, क्योंकि सरकार ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम नामक एक नए जमाने की तकनीक के ज़रिए इस तरीके को बदलने की तैयारी कर रही है. केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पहले ही उन्नत टोल कलेक्शन सिस्टम विधि की घोषणा कर दी है. वर्तमान में, यह परीक्षण चरण में है, और जल्द ही भारत में पुराने जमाने की टोल कलेक्शन प्रणाली को समाप्त कर दिया जाएगा. ठीक है, फास्टैग के विपरीत, भविष्य का त्रहस्स नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम पर आधारित होगा. यह सैटेलाइट-आधारित इकाई के साथ आएगा, जिसे वाहनों में लगाया जाएगा. इससे संबंधित प्राधिकरण को टोल हाईवे का उपयोग शुरू करने के बाद कारों को ट्रैक करने की अनुमति मिलेगी. जब वाहन टोल वाली सड़क से बाहर निकलता है, तो सिस्टम टोल रोड के वास्तविक उपयोग की गणना करेगा, और स्वचालित रूप से एक सटीक राशि काट लेगा.

हिंदू मंदिर परिसर में घुसा कट्टर ईसाइयों का समूह

वाशिंगटन,27 अगस्त। हाल ही में अमेरिका के टेक्सास में भगवान हनुमान की 90 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। 'स्टैच्यू ऑफयूनियन' नाम की यह नई प्रतिमा मीलों दूर से दिखाई देती है, क्योंकि यह अब अमेरिका की तीसरी सबसे ऊंची मूर्ति है। आयोजकों ने कहा कि इस भव्य प्रतिमा का अनावरण ÷अमेरिका के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिदृश्य में एक नया मील का पत्थर÷ है। ह्यूस्टन से लगभग 35 किलोमीटर दूर शुगर लैंड में श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में हिंदू देवता भगवान हनुमान की हाल ही में अनावरण की गई 90 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा के खिलाफ स्थानीय चर्च के 25 सदस्यों ने प्रदर्शन किया। चर्च के नेता ग्रेग गेरवाइस ने फेसबुक पर वायरल हुए एक वीडियो में भगवान हनुमान को 'राक्षस देवता' कहा, जबकि उनके अनुयायी मूर्ति के पास इकट्ठा हुए, प्रार्थना कर रहे थे और धर्मांतरण कर रहे थे, जब तक कि मंदिर के एक नेता ने पुलिस को बुलाने की धमकी नहीं दी। ह्यूस्टन क्रॉनिकल ने मंदिर के संयुक्त सचिव डॉ. रंगनाथ कंडाला के हवाले से कहा, शुरू में हमें लगा कि समूह मूर्ति देखने आया है, क्योंकि उन्होंने इंटरनेट या किसी और जगह पर इसके बारे में पढ़ा था। इसलिए, किसी ने उनसे कोई विवाद नहीं किया। हालांकि, थोड़ी देर बाद, समूह ने प्रार्थना करना शुरू कर दिया और मूर्ति के चारों ओर वामावर्त चक्र में घूमना शुरू कर दिया। कंडाला के अनुसार, कुछ प्रदर्शनकारियों ने मंदिर में आने वाले लोगों के पास जाकर उनसे आग्रह किया कि यीशु ही एकमात्र सच्चे भगवान हैं। कुछ प्रदर्शनकारियों को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि सभी झूठे भगवान जलकर राख हो जाएं। कंडाला ने कहा मैंने उनसे कहा, 'हमारी शिक्षा कहती है कि अपने भगवान की पूजा करो, लेकिन सभी का सम्मान करो। मैं तुम्हारे भगवान और तुम्हारा सम्मान करता हूं और मैं उम्मीद करता हूं कि तुम हमारा सम्मान करो। कुछ लोगों ने जो महसूस किया कि उनके

साथ छेड़छाड़ की जा रही है, उन्होंने जवाब दिया, 'आपको हमारे भगवद गीता और वेदों के बारे में क्या पता है कि आप मुझे उपदेश दे रहे हैं?' सौभाग्य से, कुछ भी बुरा नहीं हुआ। गेरवाइस ने कहा कि उनका समूह शांतिपूर्वक प्रार्थना करने के लिए मंदिर गया था, लेकिन उन्होंने कहा कि यीशु ही एकमात्र सच्चे भगवान हैं। उन्होंने कहा कि ÷हम मानते हैं कि यीशु ही एकमात्र मार्ग हैं, और वह (मूर्ति) जिसे आप झूठी मूर्ति का प्रतिनिधि कहेंगे, जिसका आध्यात्मिक अर्थ है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम सभी के साथ शांति से नहीं रहते हैं। 8 मिलियन डॉलर की लागत से बनी भगवान हनुमान की मूर्ति जिसे स्टैच्यू ऑफयूनियन÷ कहा जाता है, अब अमेरिका में स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी और पेगासस एंड ड्रैगन मूर्ति के बाद तीसरी सबसे ऊंची मूर्ति है। 90 फुट ऊंची कांस्य मूर्ति, जिसका नाम स्टैच्यू ऑफ यूनियन है, का अनावरण 18 अगस्त को ह्यूस्टन में एक भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान किया गया। यह स्मारकीय मूर्ति अब अमेरिका की तीसरी सबसे ऊंची मूर्ति है, जो केवल स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी और फ्लोरिडा के पेगासस और ड्रैगन की मूर्ति से ही आगे है। अमेरिका में एक नया सांस्कृतिक मील का पत्थर कार्यक्रम आयोजकों के अनुसार, 'स्टैच्यू ऑफ यूनियन' का अनावरण ÷अमेरिका के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परिदृश्य में एक नया मील का पत्थर÷ है। यह मूर्ति टेक्सास के शुगर लैंड में श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में स्थित है। परियोजना की वेबसाइट इसे एक आध्यात्मिक केंद्र के रूप में वर्णित करती है, जहाँ ÷दिलों को सांत्वना मिलती है, दिमाग को शांति मिलती है और आत्माएँ पारलौकिकता का मार्ग खोजती हैं। 'स्टैच्यू ऑफयूनियन' नाम भगवान हनुमान को शक्ति, भक्ति और निस्वार्थ सेवा के प्रतीक के रूप में दर्शाने के लिए चुना गया था। यह मूर्ति श्री राम को सीता से मिलाने में हनुमान की भूमिका का प्रतीक है, इसलिए इसका नाम ऐसा रखा गया है। इस मूर्ति की परिकल्पना पद्म भूषण पुरस्कार विजेता और सम्मानित वैदिक विद्वान परम पावन श्री चिन्ना जीयर स्वामीजी ने की थी। कार्यक्रम आयोजकों ने कहा कि स्वामीजी ने इस परियोजना को उत्तरी अमेरिका के लिए आध्यात्मिक केंद्र के रूप में देखा था।

राजधानी में तेज रफ्तार वाहन ने मवेशियों को रौंदा

हाईवे पर आधा दर्जन गौवंश के क्षत-विक्षत मिले शव

धरसीवा,27 अगस्त। रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर आज अज्ञात वाहन के रौंदने से आधा दर्जन मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की जांच में जुच गई. वहीं. गौवंश के साथ लगातार हो रही क्रूरता के चलते बजरंग दल और श्रीराम गौसेवा संगठन से जुड़े गौसेवकों ने घटनास्थल पर पहुंचकर भारी आक्रोश जताया जिसके चलते चक्काजाम के हालात बन गए. हालांकि, पुलिस प्रशासन की समझाइश के बाद मृत 5 गायों और 1 बछिया का विधिवत अंतिम संस्कार किया गया. बता दें, यह घटना रायपुर के टाटीबंध से बिलासपुर की ओर जाने वाले फोर लेन पर हुई है. इससे पहले तिल्दा के किरना में भी 18 गोवंश को रौंदने की एक बड़ी घटना घट चुकी है. प्रतिदिन क्षेत्र में सड़क पर गौवंश की मौत की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन इस गंभीर समस्या का कोई स्थायी समाधान अब तक शासन-प्रशासन द्वारा नहीं किया गया है. हाईकोर्ट भी

इस पर संज्ञान ले चुका है. इसके बावजूद, स्थिति बद से बदतर होती जा रही है. सड़क पर गौवंश की मौतें और दुर्घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे न केवल गौवंश की जान जा रही है, बल्कि आम लोग भी इन दुर्घटनाओं से प्रभावित हो रहे हैं. मवेशियों के सड़को पर आवारा घूमने से कई लोग आय दिन सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं,

एक नजर

मालगाड़ी के सामने कूदकर युवक ने दी जान

भिलाई, 27 अगस्त। सुपेला अंडरपास के ऊपर रेलवे ट्रैक पर सोमवार की दोपहर एक शख्स ने मालगाड़ी के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना सोमवार दोपहर लगभग 12 से 12ः30 बजे के बीच की है। डाउनलाइन पर यह हादसा हुआ। खास बात यह है कि हादसे के बाद शव करीब 5 बजे शाम तक रेलवे ट्रैक पर ऐसे ही पड़ा रहा।। इस दौरान डाउन ट्रैक पर एक दर्जन से अधिक ट्रेनें युवक के शव के ऊपर से गुजर गई। मिली जानकारी के अनुसार सुपेला अंडरपास के ऊपर डाउन ट्रैक पर एक शख्स अचानक मालगाड़ी के सामने कूद गया। जिस समय यह घटना घटी वहां कुछ महिलाएं खड़ी थीं। महिलाओं ने बताया कि जैसे ही मालगाड़ी नजदीक पहुंची शख्स ट्रैक पर लेट गया। शख्स का शरीर दो भागों में कट गया। हादसे की सूचना जीआरपी और भिलाई भट्टी पुलिस दी गई। शाम को लगभग पांच बजे भिलाई भट्टी पुलिस ने शव को उठवाया और पीएम के लिए भेजा। हुलिया देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच हो सकती है।

युवक हेरोइन सहित गिरफ्तार

भिलाई, 27 अगस्त। भिलाई दुर्ग पुलिस ने नशे के कारोबार करने वालों पर शिकंजा कस दिया है। जामुल के बाद सुपेला में एक नशे के सौदागर को पकड़ा है उसके कब्जे से 50 हजार रुपए का हेरोइन जब्त किया गया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि 25 अगस्त की शाम 5 बजे मुखबीर से सूचना मिली कि एक युवक कान्ट्रेक्टर कालोनी हनुमान मंदिर के पास सुपेला के पास अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन ;चिट्टाद्ध विक्रय करने आया है। मुखबीर सूचना के आधार पर सुपेला से संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा गया संदेही से पूछताछ करने पर अपना नाम हरजिंदर सिंग उर्फबल्लू ;45 वर्ष द्ध जो कान्ट्रेक्टर कालोनी सुपेला का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे लेडिस पर्स में रखे 2 पैकेट मादक पदार्थ हेरोइन ;चिट्टाद्ध वजन 6 ग्रामए 1 नग इलेक्ट्रानिक तराजू मशीनए 01 नग मोबाइल जब्त किया गया है क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक तापेश नेतामए थाना प्रभारी छावनी उप निरीक्षक चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में 26 अगस्त को सूचना मिलने पर दो व्यक्ति को विकास दुकान के सामने खण्डहर के पास हुसैन शरीफ;24 वर्षद्ध निवासी कैम्प 1ए गगनदीप सिंह ;26 वर्षद्ध निवासी जामुल को गांजा के साथ पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से सफेद रंग के थैला में हुसैन शरीफसे 3ण्230 किण्ग्राण् एवं गगनदीप सिंह से 3ण्622 किण्ग्राण् कुल 6ण्952 किग्रा मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया है।

पुलिस ने किया 7 किलो गांजा जब्त

भिलाई, 27 अगस्त। भिलाई एसीसीयू, दुर्ग व छावनी पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए 6.952 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया जिसकी कीमत 69,502 रुपए है पुलिस ने दो तस्कर को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी हुसैन शरीफ 24 साल, निवासी कैंप 1, भिलाई गोसिया मस्जिद के पास व गगनदीप सिंह 26 साल, निवार, नालंदा स्कूल ढांचा भवन, जामुल गांजा के साथ पकड़ा गया। इनके खिलाफ 377, 2024, धारा 20 यी एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई ।

चोर गिरोह के 4 सदस्य पकड़ाए

भिलाई, 27 अगस्त। भिलाई अंजोरा चौकी पुलिस ने चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है आरोपितों ने एक स्कूटी चोरी करने के बाद बीएसएनएल मोबाइल टावर की बैटरी और केबल चोरी की थी। आरोपितों के खिलाफ चोरी की धारा के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया है अंजोरा चौकी पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों में अभिषेक रामटेके (23), आदित्य दास उर्फ शुक्ला (25), आकाश यादव उर्फ हुआ (19) और गोकुल देवराज (22) शामिल हैं सभी आरोपित रसमड़ा के रहने हैं आरोपितों देशमुख होटल के सामने से एक स्कूटी चुराई थी इसके बाद उन्होंने बीएसएनएल मोबाइल टावर में लगी बैटरी और केबल को चोरी कर लिया था दोनों घटनाओं की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपितों की पतासाजी शुरू की और उन्हें गिरफ्तार किया चारों आरोपितों के पास से चोरी का सामान बरामद किया गया है उन्हें न्यायालय पेश किया गया जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है ।

यात्री प्रतीक्षालय पर कब्जा कर बना लिया अपना ऑफिस, जनता है नाराज

भिलाई, 27 अगस्त। भिलाई निगम के एक वार्ड में यात्री प्रतिक्षालय पर कब्जा कर उसमें कार्यालय खोले जाने का प्रयास जहां इन दिनों काफी चर्चा में है, वहीं स्थानीय नागरिकों में यात्री प्रतिक्षालय के रूप में वर्षों से वार्ड नागरिकों द्वारा उपयोग किए जा रहे इस स्थान पर जबरन ऑफिस बनाए जाने को लेकर रोष देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने तत्काल यात्री प्रतिक्षालय को कब्जा मुक्त करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। जानकारी मिली है कि लोगों की जरूरतों के अनुरूप व्यवस्थित यात्री प्रतीक्षालय को लेकर निगम में टेंडर भी हुआ मगर अब प्रतिक्षालय पर कब्जा जमा इसे कार्यालय में बदला जा रहा है। आपको बता दें कि बस की प्रतिक्षा स्टैंड के लिए आरक्षित वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड-15 अम्बेडकर नगर में सड़क 6ए से लगे यात्री प्रतिक्षालय को ऑफिस के रूप में डेवलप करने की जानकारी आ रही है जिससे लोग विरोध करने लगे हैं। स्थानीय नागरिक कूबेर शर्मा ने बताया कि यहां यात्री प्रतिक्षालय लंबे समय से है, विभिन्न स्कूलों की बस यहां रूकती है, छोटे से लेकर बड़े बच्चों के पालक और बच्चे इस जगह का प्रयोग बस की प्रतिक्षा में करते रहे हैं। व्यवस्थित यात्री प्रतिक्षालय न होने से तेज धूप और बारिश में काफी दिक्कत होती है, इसलिए स्थानीय नागरिकों की मांग अनुरूप यहां व्यवस्थित यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण होना था मगर अब किसी ने कब्जा कर इसे आफिस बना लिया है। हम सभी ने यात्री प्रतिक्षालय को व्यवस्थित बनाए जाने की मांग की थी, निगम ने स्वीकृति भी दी। परंतु अब यात्री प्रतिक्षालय को एक साजिश और निज स्वार्थ के तहत खत्म किया जा रहा है। इस संबंध में निगम आयुक्त और कलेक्टर से शिकायत कर तत्काल अन्य कार्य के लिए हो रहे निर्माण और प्रयोग पर रोक लगाते हुए स्थल का उपयोग केवल व्यवस्थित यात्री प्रतीक्षालय के लिए ही सुनिश्चित करने की मांग की जा रही है। शासन प्रशासन शीघ्र इस विषय पर ध्यान देकर कार्रवाई करें अन्यथा जनहित में हम सभी कलेक्टोरेट और निगम का घेराव करने विवश होंगे।

कवर्धा, 27 अगस्त। सड़क का हाल बेहाल, संधारण कब होगा

न्यू आदर्श नगर में हुआ सियान समिति का गठन

भिलाई, 27 अगस्त। न्यू आदर्श नगर दुर्ग में विगत दिनों सियान समिति का गठन किया । जिसमें अध्यक्ष-बी आर साहू, उपाध्यक्ष-बी.पी. सोनगरिया, एच एन टांकरिया, कोषाध्यक्ष-एम एल साहू, महासचिव-डी पी साहू, सचिव-राजेश यादव, सहसचिव-रघु साहू, संगठन महामंत्री-संतोष वर्मा, प्रचार सचिव-नरेश साहू, संरक्षक-संतोष कुमार देशमुख, बंशी राम मांडवी, ए पी सिंह, आरआर धीरेन्द्र एवं ललित कुमार शशि चुने गए। वरिष्ठ नागरिक एवं साहित्यकार रामनारायण सुनगरिया ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए समस्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कराई बॉर्डर स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,27 अगस्त। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज राजनंदगाँव दीपक कुमार झा के निर्देश पर राजनांदगाँव रेंज के सभी थाना चौकी में सामुदायिक पुलिसंग के तहत विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ. अभिषेक पल्लव, पुलिस अधीक्षक खैरागढ़ त्रिलोक बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेन्द्र बघेल के मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सीमा स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन थाना सालेवारा जिला खैरागढ़ अंतर्गत ग्राम बासभीरा में किया गया। ग्रामीणों के आमंत्रण पर कबीरधाम, खैरागढ़ पुलिस के अधिकारी कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर शामिल हुए। कबड्डी प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश की सीमा के नक्सल प्रभावित गांवों सहित कबीरधाम, खैरागढ़ के टीमों ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कबीरधाम पुलिस की ओर से रेंगाखार थाना प्रभारी श्री झुमुक लाल शाण्डिल्य शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि इस प्रकार का आयोजन जिले के सभी थानों में समय-समय पर कराया जा रहा है। जिसका उदेश्य मात्र एक है कि जनता और पुलिस को आपस में जोडे रखना, ताकि हर प्रकार से आमजनो को अपराध मुक्त, नशा मुक्त, पुलिस से मधुर संबंध स्थापित कर आम लोगो के बीच सरलता से पहुंचा जा सके और शासन प्रशासन के नियमों कि जानकारी जन जन तक पहुंचाई जा सके। उन्होंने यातायात नियमों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया और हम सब को इन नियम का पालन करना चाहिए ताकि वाहन दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंनें धोखाधड़ी से बचने और धोखाधड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों से दूर रहने तथा उनके रोकथाम के उपाय सभी को बताया गया। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेन्द्र बघेल, संजयधुर्वे (डीएसपी नक्सल आपरेशन,) के निर्देशन में कबीरधाम पुलिस द्वारा लगातार जिले में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत नक्सल प्रभावित ग्रामों में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है इसके साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर, शिक्षा से वंचित विद्यार्थियों को हर संभव मदद किया जा रहा है। पुलिस विभाग द्वारा वनांचल के आदिवासी युवाओं को भी मुख्य धारा में जोड़ा जा रहा है।

बाइक सवार से मोबाइल लूटा

भिलाई, 27 अगस्त। भिलाई चलती बाइक से एक व्यक्ति के जेब से मोबाइल झपटकर भागने वाले बाइक सवार तीन बदमाशों के खिलाफ पुरानी भिलाई पुलिस ने प्राथमिकी की है। पीड़ित ने तीनों आरोपितों का पीछा भी किया, लेकिन वे खुर्सीपार की गली की तरफ से भाग निकले पुरानी भिलाई पुलिस ने आरोपितों की पतासाजी शुरू की है पुलिस ने बताया कि पदुम नगर भिलाई- 3 निवासी पीड़ित रजनीश मेश्राम रविवार को अपने परिचित से मिलने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर रोड से होते हुए जामुल जा रहा था वो ट्रांसपोर्ट नगर रोड हथखोज के जेटवर्थ कंपनी के पास पहुंचा था ।

निगम सभापति को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम बैरंग लौटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भिलाई, 27 अगस्त। भिलाई सिरसा चौक भिलाई-3 में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ बजरंग दल कार्यकर्ताओं की नोंक झोंक और दुर्व्यवहार का मामला तुल पकड़ चुका है। इसी मामले को लेकर उपजे नए विवाद के बाद आज सुबह भिलाई - चरोदा नगर निगम सभापति कृष्णा चन्द्राकर को गिरफ्तार करने उनके सिरसा कला स्थिति निवास पर उच्च अधिकारियों के साथ भिलाई-3 पुलिस की टीम टीम पहुंची। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के वहां आ जाने से पुलिस पार्टी बैरंग लौट गई। बजरंग दल के कार्यकर्ता से मारपीट और उठाकर थाने ले जाने के मामले पर भाजपा के थाना घेराव के बाद निगम सभापति सहित कांग्रेस नेताओं पर देर रात पुलिस ने अपराध कायम किया है आज सुबह सीएसपी छावनी हरीश पाटिल के नेतृत्व में भिलाई-3 पुलिस की टीम अतिरिक्त जवानों के साथ निगम सभापति कृष्णा चन्द्राकर के सिरसा कला निवास पर उन्हें गिरफ्तार करने पहुंची। बताते हैं पुलिस की मौजूदगी का पता चलने पर श्री चन्द्राकर ने घर का दरवाजा नहीं खोला। काफी देर तक पुलिस उनके बाहर निकलने का इंतजार करती रही। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल वहां पहुंचे। इसके बाद बिना किसी कार्रवाई के पुलिस बल वापस लौट गई। दरअसल भिलाई-3 थाना में देर रात भाजपा के उग्र प्रदर्शन के बाद निगम सभापति कृष्णा चन्द्राकर सहित एमआईसी सदस्य एस वेंकट रमना, पार्षद अभिषेक वर्मा, ब्लाक कांग्रेस महामंत्री पप्पू चन्द्राकर, कांग्रेस नेताओं नजरुल इस्लाम और असफाक अहमद के खिलाफ गांधी नगर निवासी बजरंग दल कार्यकर्ता अमित लखवानी (26 वर्ष) की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 140 (3) , 189 (2) , 190 , 296, 351 (2) ,115 (2) , 3 (5) के तहत अपराध कायम किया गया है। इसी तरह एकता नगर मुक्तिधाम निवासी पुष्पराज सिंह (28 वर्ष) की शिकायत पर कृष्णा चन्द्राकर, एस वेंकट रमना, पप्पू चन्द्राकर और नजरुल इस्लाम सहित अन्य के खिलाफ धारा 189 (2) , 190 , 296 , 351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है बताया जाता है कि बीते शाम निगम सभापति कृष्णा चन्द्राकर सहित अन्य कांग्रेसी नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ दुर्व्यवहार करने वाले आरोपियों के गिरफ्तारी की जानकारी लेने थाने गए थे। वहां पर किसी की भी गिरफ्तारी नहीं होने की जानकारी मिलते ही सभी कांग्रेसी राम मंदिर के पास स्थित केजी फिटनेस जिम पहुंच गए। यहां पर उन्होंने जिम संचालक व बजरंग दल कार्यकर्ता पुष्पराज सिंह की तलाश की। उसके नहीं मिलने पर बगल के होटल में बैठकर चाय पी रहे अमित लखवानी से उसका नाम पूछा और फिर मारपीट करते हुए उसे थाने ले गए। इस बात की जानकारी मिलते ही जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, महामंत्री प्रेम लाल साहू, बिजेंद्र सिंह, भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री उपकार चन्द्राकर सहित ढाई सौ के करीब भाजपा व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। देर रात विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन भी मौके पर पहुंचे। बताते हैं प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा और दुर्ग सांसद विजय बघेल ने भी प्रदर्शनकारियों व पुलिस अधिकारियों से बात किया। जिसके बाद देर रात कांग्रेस नेताओं पर दो अलग-अलग अपराध दर्ज किया गया लंबे समय बाद भिलाई चरोदा में राजनीतिक उबाल लंबे समय के बाद भिलाई - चरोदा की राजनीति में उबाल देखने को मिला है। इस नए राजनीतिक उबाल की शुरुआत 24 अगस्त को उस वक्त हुई जब भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने काफिले के साथ भिलाई-3 से दुर्ग जा रहे थे। इसी दौरान सिरसा चौक पर बजरंग दल के कार्यकर्ता देर रात हुई मारपीट के मामले में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चक्का जाम कर रहे थे। इस दौरान कथित तौर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का रास्ता रोककर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने दुर्व्यवहार किया। इस मामले पर कांग्रेस की तीन जिला कमेटियों के अध्यक्ष और भिलाई - दुर्ग के महापौर के नेतृत्व में एसपी जितेन्द्र शुक्ला को ज्ञापन देकर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 48 घंटे का अल्टिमेटम दिया गया था। गिरफ्तारी नहीं होने पर आज अर्थात 27 अगस्त की दोपहर भिलाई-3 थाना घेराव की चेतावनी दी गई थी।

जिला पंचायत सदस्य चुनाव कौन लड़ेगा की चर्चा जोरों पर

कवर्धा, 27 अगस्त। जिला पंचायत सदस्य चुनाव आखिर कौन लड़ेगा जनमानस में चर्चा शुरू हो गई । मेडिकल दुकान से लेकर चाय पीते हुए और पान दुकान में पान खाते हुए भी चर्चा करते हुए देखे जा रहे है । जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू , जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू , जिला बीजेपी महामंत्री संतोष पटेल , युवा कांग्रेसी नेता रवि चंद्रवंशी , सांसद प्रतिनिधि दिनेश चंद्रवंशी , जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी , युवा कांग्रेसी नेता आनंद ठाकुर , बीजेपी वरिष्ठ सीताराम साहू , पूर्व जनपद सदस्य रूपेश चंद्रवंशी , पूर्व कृषि मंडी उपाध्यक्ष चोवा साहू , सरपंच संघ अध्यक्ष रूपेंद्र वर्मा , युवा कांग्रेस नेता वाल्मीकि वर्मा और कई नामी की चर्चा हो रही है । जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल ने कहा की मेरा लक्ष्य जिला पंचायत अध्यक्ष बीजेपी को बनाना है और जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू ने कहा की पार्टी जो जिम्मेदारी देगी उसे निभाया जाएगा और युवा कांग्रेसी नेता रवि चंद्रवंशी ने कहा की पार्टी जो निर्देश देगी उसका पालन किया जायेगा । महंगाई , बेरोजगारी , शराब बंदी , महतारी वंदन योजना , किसानों को रियायत दर पर शक्कर मिलना और कार्यकर्ताओ में दबी जुबान से नाराजगी ये सभी मुद्दे की चर्चा जोरों से हो रही है इतिहास के पन्नो पर नजर डाले तो अधिक बार बीजेपी का जिला पंचायत अध्यक्ष बना है । लेकिन सही तस्वीर में अभी टाइम है ।

पंथी नृत्य,जैतखाम पर पालो चढ़ाकर गुरु बालकदास की जयंती मनाई



भिलाई, 27 अगस्त। सोमवार अष्टमी तिथि को गुरुद्वारा सतनाम सेवा समिति उमरपोटी के तत्वाधान में महान प्रतापी शूरवीर सतनामी राजा धर्म गुरु बालक दास की जयंती सतनाम भवन गुरुद्वारा में गुरु गद्दी पूजा कर बड़े धूमधाम से मनाया गया। चौका मंगल भजन पंथी नृत्य दल के साथ मुख्य जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। जिसमें समिति के पदाधिकारीगण एवं ग्रामवासी महिला पुरुष बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इसमें जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती झमित गायकवाड़, सरपंच टिकेंद्र ठाकुर, उपसरपंच महेश कौशिक, सतनामी समाज अध्यक्ष सुखचंद देशलहरे, कार्यकारणी राजेश देशलहरे, गंगा प्रसाद कुर्रे, योगेश सोनेश्री शिव चरण नोरंगे, लोकनाथ बंजारे, नारायण गायकवाड, दिग्विजय गायकवाड़, सत्यप्रकाश कौशिक, बलदाऊ मारकंडे, बलि टंडन, बल्दू टंडन, राधे गायकवाड़, ताम्रध्वज देशलहरे, भागचंद मोनू गुलशन टीकम जगमोहन आरपे नकुल मुकेश जगत नारायण पप्पू तामेश्वर सुधे डोमन मयाराम जोहर नाथूराम महिला समिति के सदस्यगण बालिका पंथी दल उपस्थित थे।

तेज बारिश से बह गई कया की राईघाट पुलिया

रायगढ़, 27 अगस्त। लगातार हो रही बारिश ने अपना कहर दिखाना शुरू कर दिया है। बारिश की वजह से कया गांव में एक पुल बह जाने से स्कूली छात्रों सहित आसपास के एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड रहा है।मिली जानकारी के मुताबिक घरघोडा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कया में एक पुराना पुल एक हिस्सा कल शाम हुई बारिश की वजह से बह गया है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि यह पुल एक पुल एक दर्जन से भी अधिक गांवों को घरघोड़ा मुख्यालय से जोड़ता है। कल शाम से शुरू हुई बारिश की वजह से जलस्तर बढने की वजह से पानी पुल के उपर से बह रहा था। सुबह पानी उतरने पर ग्रामीणों ने देखा कि पुल का एक हिस्से को पानी अपने साथ बहा कर ले गया। जिससे इस मार्ग आवागमन पुरी तरह से ठप्प हो गया। जहां स्कूली बच्चे आज स्कूल नही जा पाये वहीं गांव के ग्रामीणों को अपने दिनचर्या कार्य के लिये 15 किलोमीटर दूर अन्य मार्ग का सहारा लेना पड़ा।

घरघोड़ा के लैलूंगा मार्ग में स्थित कया गांव के ग्रामीणों ने बताया कि शाम से हो रही तेज बारिश की वजह से रात में फुटहामुडा की तरफ से आने वाला मर्दन नाला उफान पर था। शुक्रवार की रात भर पुल के उपर से पानी बह रहा था। इस वजह से सुबह होते तक पानी के तेज बहाव ने रईघाट पुल के एक हिस्से के मिट्टी अपने साथ बहा कर ले गया।

साइकिलिंग क्लब के खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

भिलाई, 27 अगस्त। प्रगति भवन सिविक सेंटर में राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में चयनित भिलाई इस्पात संयंत्र साइकिलिंग क्लब के समस्त पदक विजेता खिलाडियों का भिलाई इस्पात संयंत्र ऑफिसर एसोसिएशन द्वारा सम्मान किया गया। बीएसपी साइकलिंग क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर एवं वीआर चन्नावार सचिव, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने एक संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दुर्ग जिला शिक्षा विभाग द्वारा 14 जुलाई को आयोजित दुर्ग संभाग स्तरीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में बीएसपी साइकलिंग क्लब के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगभग सभी पदक अपने नाम किया।

उन्होंने बताया कि बीएसपी साइकलिंग क्लब के खिलाड़ी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर से ही राज्य के प्रशिक्षक देवप्रकाश वर्मा के निर्देशन में अपना लक्ष्य तय कर अभ्यास में जुटे हुए हैं और वर्तमान में भी इनकी निरंतर अभ्यास जारी है। विशेष प्रशिक्षण के लिए जबलपुर से एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या को विभिन्न तकनीकी विधाओं के साथ अभ्यास करने हेतु नियुक्त किया गया है। यह समस्त खिलाड़ी आगामी 14 से 17 सितम्बर तक भिलाई में आयोजित ट्रैक साइकिलिंग एवं 6 से 9 अक्टूबर तक रायपुर में आयोजित रोड साइक्लिंग राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष एवं बीएसपी ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह, ज्ञान चतुर्वेदी, ईवी सुनील, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छग के उपाध्यक्ष एस के तिंगुरिया, कोषाध्यक्ष बीना मिश्रा, तोशेंद्र वर्मा आदि ने समस्त खिलाडियों को शुभकामनाएं दी।

एक नजर

देशी कट्टा सहित युवक गिरफ्तार

राजनांदगांव,27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन मे थाना क्षेत्र मे

अवैध शराब जुआ सटटा,अवैध हथियार रखने वालो के विरूध कार्यवाही के निर्देशन पर थाना बसंतपुर प्रभारी श्री सत्यनारायण देवांगन द्वारा टीम गठित कर लगातार थाना क्षेत्र मे भ्रमण कर भ्रमण के दौरान सायबर टीम की सहायता एंव मुखबीर के सूचना के आधार पर आज दिनांक 26.08.2024 को आरोपी रविकांत सोनी पिता मनोज सोनी उम्र 24 साल निवासी सृष्टि कालोनी गली नं 01 राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव, का रहने वाला सृष्टि कालोनी रोड किनारे मे एक लोहे देशी कटटा को लोगो को दिखाकर आने जाने वाले लोगो को डराने धमकाने पर उनके विरूध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिर0 कर न्यायायिक रिमाण्ड पर भेजा गया उक्त कार्यवाही मे साइबर क्राईम प्रभारी विनय पम्मार एंव सायबर टीम थाना प्रभारी निरी0 सत्यनारायण देवागन ,सउनि मनमोहन साहू ,प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल क्रमांक 991, आरक्षक 1527, की भूमिका सराहनीय रही

पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में पति को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव,27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)। मेडिकल कालेज पेण्ड्री से प्राप्त तहर्रीर की जांच पर मृतिका श्रीमती पूर्णिमा पति सम्पत गणवीर उम्र 42 प्रभात नगर रायल कीट स्कूल के पास लालबाग थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव के वारिसान से पुछताछ एंव डाक्टर साहब द्वारा प्राप्त पीएम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी सम्पत गणवीर पिता स्व0 गुलाब राव गणवीर उम्र 44 वर्ष निवासी प्रभात नगर रायल कीट स्कूल के पास लालबाग थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव के विरूध अपराध धारा 103(1) BNS का पाये जाने से अपराध पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया गया मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के मुखिया श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन एंव अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा ,नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदशन मे त्वरित कार्यवाही करने के निर्देशन पर थाना बसंतपुर प्रभारी श्री सत्यनारायण देवांगन द्वारा टीम गठित कर आरोपी को तत्काल हीरासत मे लिया गया उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी0 सत्यनारायण देवागन ,सउनि मनमोहन साहू ,प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल क्रमांक 991, आरक्षक 1527, ,एंव साइबर क्राईम प्रभारी विनय पम्मार व सायबर टीम की भूमिका सराहनीय रही।

डबल इंजन सरकार पूरी तरह फेल: योगेंद्र दास

राजनांदगांव,27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)। जिला किसान कांग्रेस महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार पूरी तरह से फेल होती नजर आ रही है। जिसका कारण छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार व केंद्र की मोदी नीत भाजपा सरकार द्वारा रोजगार गारंटी योजना के अधिनियम के लगातार धज्जियां उड़ाकर गरीब किसान व गरीबों का मजाक उडाने का काम कर रही है। अप्रैल माह के बाद से जिले के लाखों किसानों को मनरेगा की मजदूरी अब तक नहीं मिल पाई जिसके कारण किसानों को आर्थिक के साथ-साथ मानसिक परेशानी उठानी पड़ रही है वह भी उस समय जब किसानों को सबसे ज्यादा पैसे की जरूरत है। अभी वर्तमान में कृषि कार्य के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की पारंपारिक त्यौहारों का दौर चल रहा है। जिसके कारण अब किसान हताश व परेशान होकर सेठ-साहूकारों तथा समूहों से अधिक दर पर ब्याज में पैसा लेने मजबूर होना पड़ रहा है किन्तु इस डबल इंजन सरकार के साथ-साथ यहां के भाजपा नेताओं को इससे कोई मतलब नहीं है। इस डबल इंजन के सरकार मजदूर को पैसा देने में आनाकानी आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में देखने को मिलेगा।

'विष्णु' के घर कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

रायपुर. 27 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़

कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर आज भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मुख्यमंत्री निवास में धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस बार जन्माष्टमी अपने निवास पर दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई। राधा और कृष्ण का रूप धरे रायपुर के तीन दिव्यांग संस्थाओं के 25 बच्चों की अठखेलियों से आज शाम मुख्यमंत्री निवास गुलजार रहा। मुख्यमंत्री श्री साय ने इन बच्चों के साथ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने पालने में बाल गोपाल के रूप में बिराजे दिव्यांग बालक रूद्र की पूजा कर झूला भी झुलाया। उन्होंने प्रदेशवासियों को कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पूजा के बाद सभी बच्चों को खुद अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया। उन्होंने बच्चों को अपनी गोद में लेकर दुलारा और बातकर उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में भी पूछा। रायपुर के शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय मठपुरैना तथा माना के अस्थिबाधित बालगृह और बहु-दिव्यांग बालगृह के बच्चे मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कृष्ण जन्माष्टी कार्यक्रम में शामिल हुए। संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री साय ने आज का पावन दिन इन बच्चों के साथ साझाकर उनके त्यौहार को खास बना दिया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि इन बच्चों के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाना और उनकी पूजा करना मेरे लिए अत्यंत सुखद और गर्व का विषय है। प्रदेश के अन्य बच्चों की तरह ये बच्चे भी हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। हम इनकी बेहतर परवरिश, शिक्षा-दीक्षा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं।

श्रीकृष्ण की शोभा यात्रा ने किया शहर भ्रमण

राजनांदगांव,27अगस्त। भगवान श्री कृष्ण जी के अवतरण दिवस पर संस्कारधानी नगर राजनांदगांव मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कृष्ण जी की विधि विधान से पुजा अर्चना कर ,भक्तगण आर्शिवाद प्राप्त किये।शहर के साहडा देव मंदिर ,लक्ष्मी बाई स्कुल के पास कोसरिया यादव समाज द्वारा श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान श्री कृष्ण जी की पुजाअर्चना की गई ।दोपहर को विभिन्न वार्डो से भगवान श्री कृष्ण जी की शोभा यात्रा निकल कर साहड़ा देव मंदिर लक्ष्मी बाई स्कुल के पास एकत्रित हुई। कोसरिया यादव समाज के गणमान्यो व जिला अध्यक्ष मन्ना लाल यादव के आतिथ्य मे ईष्ठ देव भगवान श्री कृष्ण जी की पुजा आरती कर समाज को संबोधित करते हुवे कहा कि भगवान श्री कृष्ण जी यादव कुल मे जन्म लेकर यादवो को गौ पालक के रुप मे उपकृत किया है बुराई पर अच्छाई की जीत व पुण्य की रक्षाकर जीवन को शाश्वत प्रेम श्रद्धा व मानवता वादी संदेश देकर जनमानस को सचेत किया। जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर उपस्थित जनो को बधाई व शुभकामनाये दी। तदपश्चात भगवान श्री कृष्ण जी की एकत्रित शोभा यात्रा को जयकारा लगाकर शुभारंभ की। शोभा यात्रा मे राउत नाच,रामधुनी दल डीजे बाली अखाडा दल,के साथ लोग नाचते धिरकते खुशी के साथ भक्तिमय होके जय यादव जय माधव के नारा लगाते हुवे आंनद उठाये।जगह जगह शोभा यात्रा का स्वागत किया गया ।नगर वासियो द्वारा पानी शरबत परसादी का भी प्रबंध किया गया था।शोभा यात्रा स्टेशन चौक, दिल्ली दरवाजा, भारतमाता चौक, बसंतपुर थानाचौक, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक, जमातपारा गुरूद्वारा चौक, इमाम चौक, होते हुवे साहडा देव मंदिर पहुचा।जहां कि पुजा अर्चना कर परसादी वितरण कर शोभायात्रा का समापन किया गया।

सेवानिवृत्त होने पर पंचम साहू को दी गई विदाई

डोंगरगांव -- विद्युत यांत्रिकीय लाइट मशीनरी नलकूप एवं गेट जल संसाधन उपसंभाग राजनांदगांव के अंतर्गत खातूटोला बैराज मे कार्यरत पंचम राम साहू के 62 वर्ष शासकीय सेवा की अवधि पूर्ण करने पश्चात विदाई समारोह का आयोजन खातूटोला बैराज में आयोजित की गई, जिसमें विभाग के अनुभागीय अधिकारी श्री खोबरागढे व श्री मंसूरी साहब तथा उपयंत्री श्री वर्मा सम्मिलित हुए ।

पंचम राम साहू के विभाग में सेवाकाल के दौरान उनके कर्तव्य निष्ठा के साथ किए गए कार्यों के अनुभव को याद किया गया । विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने सेवानिवृत होने वाले पंचम राम साहू का शाल श्रीफल वह प्रतीक चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुभाग्य अधिकारी श्री खोबरागढे व मंसूरी साहब ने

टेड़ेसरा में अवैध प्लाटिंग की भरमार

■ तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव,27 अगस्त। टेड़ेसरा -जिले से महज 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम टेड़ेसरा पंचायत के अंतर्गत वार्ड नंबर 3 मे अवैध फ्लटिंग किया गया है। जिसे लेकर ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष शिकायत किया गया है। टेड़ेसरा चौक के आगे आदर्श इस्पात के बाजू में अवैध प्लाटिंग किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि खसरा नंबर 800/3 ,8004 /8 है । जिसमें जय कैलाश झारखंड (बोकारो) का रहने वाला है। जिसके द्वारा अब तरीका से प्लांट कटिंग किया गया है। प्लाटिंग करने से पहले लोगों को झूठी आश्वासन दिया गया की 25 फिट का रोड़ एवं नाली का निर्माण किया जाएगा। ऐसा कह कर ग्रामीणों को जमीन बेचा गया। इसी प्लांट में लगभग 10 परिवार घर बनाकर रह रहे हैं। जिसमें बारिश के मौसम पानी भर जा रहा है। इस अवैध प्लाटिंग में ना तो रोड बनाया गया और नहीं नाली का निर्माण किया गया। जिसकी वजह से स्कूल जाने वाले बच्चों को भी कठिनाईयों का सामना करना पढ़ रहा है। झारखंड के जय कैलाश के द्वारा स्थानीय शासन प्रशासन से किसी भी प्रकार की परमिशन नहीं लिया गया है । ऐसा प्रतीक होता है कि शासन के द्वारा भी अवैध प्लाटिंग करने वाले के उपर मेहरबान हो रहे हैं। जिसकी वजह से क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग बढ़ते चरम पर है। जिसकी वजह से भू- माफियाओं के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। इन्हें शासन प्रशासन का किसी भी प्रकार का भय नहीं है। जिसकी वजह से आज अवैध प्लाटिंग की मनमानी चल रही है। जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। गांव के ग्रामीण शिव कुमार यादव, महेंद्र पांडे, शैलेंद्र प्रसाद,मुन्नी देवी यादव ,खुशबू यादव, प्रेमनाथ यादव, कलावती यादव, कोमल यादव, अंशु यादव, अलका चौरसिया जलेश्वर शर्मा, मोहम्मद नौहीद इन सभी ग्रामीणों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष एवं अनुविभागीय अधिकारी को को लिखित शिकायत किया गया है। जिसमें ग्रामीणों ने गंभीरता पूर्व जांच करने कहा गया। शासन के नियमों को दरकिनार कर दिया गया है।

इस प्लॉट में मिट्टी डालकर भराव किया जाएगा। एवं नाली का निर्माण कराएंगे। बिना डायवर्शन का प्लांट है ?। शासन से किसी भी प्रकार कि प्लॉट कटिंग को लेकर परमिशन नहीं लिया गया है ।

जीई रोड में ट्रक की टक्कर से विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त, बिजली आपूर्ति ठप

■ तरुण छत्तीसगढ़

राजनांदगांव,27 अगस्त। आज आज सुबह-सुबह लगभग 4-30 बजे जीई रोड में राम दरबार के पास रायपुर की तरफ से आ रही एक ट्रक क्रमाःक पी बी- इ एन 4812 ने डिवाइडर में जोरदार टक्कर मारी और सड़क किनारे 33/11 चङ्क 11 लाइन के खंबे एवं विद्युत लाईन को बुरी तरह से क्षत्रिग्रस्त कर दिया। इससे पूरे क्षेत्र में नेहरू नगर सहित आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद हो गई। जैसे इसकी सूचना विद्युत विभाग को मिली तो सहायक यंत्री श्री मंडावी विभागीय टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सुधार एवं बचाव कार्य शुरु किया।

काफी मशक्कत के साथ विद्युत आपूर्ति को सुचारु करने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर सहायक यंत्री मंडावी ने बताया की लगभग लगभग अभी उन स्थानों पर जहां विद्युत प्रवाह बाधित हुई है वहां अन्य फीडर से अस्थायी रुप से विद्युत सप्लाई की जा चुकी है और क्षतिग्रस्त लाईन को शीघ्र ही दुरुस्त किया जाएगा। उन्होने कहा कि आज जन्माष्टमी का त्यौहार है और इसी के मद्देनजर विद्युत विभाग लोगों को अबाध विद्युत सप्लाई के लिए प्रतिबद्ध है और आमजनों की समस्या का निदान विभाग के उच्चाधिकारियों की प्राथमिकता है।

इंडियन सिल्क हाउस एजेंसी ने रायपुर में रिटेल स्टोर लॉन्च किया

रायपुर ,27 अगस्त। भारत के विभिन्न क्षेत्रों से साड़ियों का व्यापक संग्रह सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराने के लिए प्रसिद्ध बंगाल की अग्रणी रिटेल श्रृंखला, इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस ने रायपुर में अपना नया स्टोर शुरू किया है। स्टोर का उद्घाटन इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस की संस्थापक, प्रतिभा दुधोरिया द्वारा रिबन काटकर किया गया।

इस अवसर पर, प्रतिभा दुधोरिया ने कहा कि आधी सदी से अधिक की विरासत के साथ, इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस पूर्वी भारत की सबसे बड़ी सिल्क साड़ी रिटेल श्रृंखला है। यह ब्रांड अपनी गुणवत्ता, कारीगरी और ग्राहक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। इंडियन सिल्क हाउस एजेंसिस का मिशन है कि गुणवत्ता वाले उत्पादों को सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराना। एक तेजी से बढ़ती रिटेल श्रृंखला के रूप में, हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन उत्पाद और

सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्राहकों के आशीर्वाद से हम पूरे देश में अपनी रिटेल उपस्थिति स्थापित करने के लिए तैयार हैं और आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक साड़ी के साथ, हम दशकों की विरासत को आगे बढ़ाते हैं। यह एक कारीगरी की विरासत है, जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी सौंपा गया है,

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा

कुरूद,27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)। देशभर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उल्लास छाया हुआ है।सोमवार को इस पावन पुनीत अवसर पर

छ.ग. झेरिया यादव समाज नगर ईकाई कुरूद द्वारा श्रीराम मंदिर से सांधा चौक यादव समाज के भवन तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।पारंपरिक राउत नाचा से सराबोर होकर जय यादव जय माधव की मधुर ध्वनि में सामाजिक जनों ने अपनी आस्था प्रकट की।इसी तरह डीजे की मधुर थाप में युवाओं ने थिरकर कान्हा जी के जन्मोत्सव की खुशियां बांटी।शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ।बड़ी संख्या में इस दौरान समाज से जुड़े लोग शामिल हुए।

महिलाओं ने संतान की दीर्घायु के लिए की हलषष्ठी पूजा

डोंगरगढ़ ,27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)। 24 अगस्त को ग्राम अछोली के बगदाई पारा में स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के महिलाओं ने अपने संतानों की दीर्घायु की कामना को लेकर सामूहिक रूप से हलषष्ठी

पूजन का आयोजन किया । ज्ञात हो कि सामाजिक परम्परा एवं अपनी संस्कृति पर अटल विश्वास करते हुए भाद्र मास के षष्ठी तिथि को विवाहित महिलाओं द्वारा अपने संतानों की सुख, समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना को लेकर हलषष्ठी उपवास का आयोजन किया जाता है । मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम जी का जन्म हुआ था । इस कारण इस दिन बलराम जी का पूजा करने का विधान है । इस दिन बलराम जी के साथ छठ माता की विधिवत पूजा अर्चना करने से संतान को अच्छा स्वास्थ्य व लंबी उम्र की प्राप्ति होती है । इसी मान्यता के अनुसार अछोली के बगदाई पारा में स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के महिलाओं द्वारा संतान की दीर्घायु हेतु हलषष्ठी पूजन कर संतान दीर्घायु हेतु मनोकामना सिद्धी पूजा अर्चना की ।

धर्मनगरी में होगी गोविंदा की धूम आला रे आला गोविंदा आला

डोंगरगढ़,27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में आज मंगलवार कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के शुभ अवसर पर नगर के 24 वार्डो में दहीहांडी लूट धूमधाम से मनाया जावेगा। प्रातः 09 बजे मूंछ वाले हनुमान

महावीर मंदीर में भगवान श्री कृष्ण जी की पुजा अर्चना एवं आरती पश्चात द्वारा डोला निकाला जायेगा जो नगर के विभिन्न मार्ग थाना चौक, नया बस स्टैंड, ठेठवार पारा, हाईस्कूल चौक, सोल्हा पारा, भंडारी चाल, पुराना अस्पताल चौक, बुधवारीपारा रेलवे चौक रेलवे कालोनी गुरुनानक चौक, खण्डूपारा, जयस्तम्भ चौक से गोल बाजार होते हुए महावीर तालाब मंदीर में समापन होगी। कृष्णा जन्माष्टमी के अवसर पर गोल बाजार में हनुमान भक्त समिति व सेवा समिति के द्वारा दही मटकी लूट के विजेता को विशेष पुरस्कार सहित 44444/- वार्ड नंबर 01 में मोर्या ब्वायस गोविंदा उत्सव समिति ने 45555/- रु ईनाम की राशि रखी है। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष देव नगर में देवार समाज युवा संगठन द्वारा मटकी फोड़ विजेता टीम के लिए 41111/- रु की इनामी राशि रखी है। इधर दूसरी ओर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हाईस्कूल ग्राउण्ड में हाईस्कूल गोविंदा उत्सव समिति के द्वारा भव्य दही लूट का आयोजन सहित 55555/- रु के सबसे बड़ी राशि कृष्ण मटकी फोड़ दल के लिए रखा है। हाईस्कूल प्रांगण में भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता के साथ साथ स्वर डीजे रायपुर के प्रशिक्षु कलाकारों के द्वारा मधुर धुन सुनाई जायेगी। समिति के सदस्यों ने बताया कि आयोजन में जबलपुर, गोंदिया, रायपुर, दुर्ग की मटकी तोड़ टोली सम्मिलित होंगी। वहीं डोंगरगढ़ की विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल के मुख्य आतिथ्य व अध्यक्षता नवाज खान सहित कांग्रेस के सभी पदाधिकारियो सहित शहर के गणमान्यो की गरिमामय उपस्थिति में किये जायेंगे। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी चौक चौराहों पर सुरक्षाबल की प्रमुख रूप से तैनाती की गई है इसके साथ साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रो में डॉक्टरों की तैनाती की गई है।

दिव्यांगजन स्वाभिमान पैदल मार्च रैली बुधवार को

डोंगरगांव ,27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़)। विज्ञप्ति अनुसार जिला दिव्यांग संघ राजनांदगांव अध्यक्ष हेमन दास साहू के अनुसार छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के द्वारा विभिन्न शिकायत एवं मांग पत्रों के माध्यम से शासन प्रशासन व उनके संबंधित विभागों के अधिकारियों को बार बार अनुनय, विनय, निवेदन किया जा चुका जिस पर शासन प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं किये जाने से दिनांक 08/08/2024 को हमारे संगठन के द्वारा मुंख्यमंत्री को 27 अगस्त तक कार्यवाही करने की बात कही गई है उक्त अवधि में 6 सूत्रीय मांग पूरा

नहीं किये जाने पर छतीसगढ़ के समस्त दिव्यांग 28/08/2024 को सुबह 10 बजे से काली पट्टी लगाकर शासन के खिलाफ दिव्यांगजन स्वाभिमान पैदल मार्च निकाल कर शासन प्रशासन की नाकामियों व दिव्यांग जनों के साथ हो रहे अत्याचार व दिव्यांग कोटे मे फर्जीवाड़ा करने वाले फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने वाले डॉक्टर के नामो को बताते हुए मरीन इइव रायपुर से मुख्यमंत्री निवास तक चलेंगे जिसमे रास्ते मे किसी भी दिव्यांग जनो के साथ कोई भी अप्रिय घटना के लिए शासनं प्रशासन जिम्मेदार होगा। साथ ही संघ की मांगों को बताते हुए कहा कि हमारी प्रमुख मांगों में (1हमारे संघ के शिकायती पत्रों में उल्लेखित समस्त फर्जी दिव्यांग जनो का राज्य मेडिकल बोर्ड से दिव्यांगता का भौतिक परीक्षण कराकर फर्जी दिव्यांग शासकीय कर्मियों को बखास्त किया जावे. (2 दिव्यांग जनों को प्रतिमाह 5000रूपये मासिक पैशन दिया जावे एवं बीपीएल की बाध्यता खत्म किया जावे.(3)18वर्ष से ऊपर के अविवाहित विवाहित युवती महिलाओ को महतारी वंदन योजना मे शामिल किया जावे.(4) दिव्यांगजनों के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाकर अति शीघ्र शासकीय पद निकालते हुए विज्ञापन जारी किया जावे.(5)शासकीय दिव्यांग कर्मियों को पदोन्नति मे 4%आरक्षण दिया जावे.

श्री कृष्ण जन्मोत्सव सिटी कोतवाली में कृष्ण लीला मंचन कर मनाया गया

रायपुर,27 अगस्त। राजधानी में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव एवं विकास समिति द्वारा जन्मोत्सव बहुत ही उत्साह के साथ श्री कृष्ण लीला मंचन कर

रायपुर के सिटी कोतवाली थाना में मनाया गया कारागार बंदीगृह में भगवान श्री कृष्ण का प्राकट्य उत्सव रात्रि में मनाया गया जिसमें श्री कृष्ण लीला का मंचन किया गया। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रांत सह महामंत्री प्रसिद्ध कलाकर्मी डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर मथुरा के राजा कंस की भूमिका में उपस्थित दर्शकों को अपनी कला से झंकृत कर दिया आकाशवाणी से जब सुना की देवकी का आठवां लाल तुम्हारा काल होगा तब उन्होंने देवकी और वासुदेव को कारागार- बंदी गृह में डाल दिया। ठीक 12ः00 भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ वासुदेव और माता देवकी ने कारागार से बालक कृष्ण को टोकरी में रखकर सदर बाजार गोपाल मंदिर भक्तों के दर्शनार्थ ले गए।

टीकेएम ने स्त्री पुरुष बराबरी और सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता जताई

रायपुर,27 अगस्त। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 26 अगस्त को महिला समानता दिवस के मौके पर अपने कार्यबल में और उससे परे भी,स्त्री पुरुष की बराबरीतथा महिलाओं को सशक्त बनाने कीअपनी दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि कीहै। संयुक्त राष्ट्र के ससटेनेबल डेवलपमेंट गोल (सतत विकास लक्ष्यों- एसडीजी), विशेष रूप से एसडीजी5 (लैंगिक समानता) और एसडीजी 8 (सभ्य कार्य और आर्थिक विकास) के साथ तालमेल बैठाते हुए, टीकेएम ने एक समावेशी और विविधतापूर्ण कार्यस्थल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बदलाव लाने वाले कई उपायों की श्रृंखला शुरू की है।

अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के भाग के रूप में, टीकेएम ने 2030 तक अपने कार्यबल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाकर30त्न तक करने का लक्ष्य रखा है।

खुज्जी विधायक के मीडिया प्रभारी राम साहू पर रामपुर सरपंच ने लगाया अवैध उगाही का आरोप,राम साहू ने आरोप को झूठा बताया

जसीम कुरैशी

छुरिया,27 अगस्त। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र मे जब भी काग्रेंस से विधायक बने चुनाव के बाद विधायक से निष्ठावान काग्रेंस कार्यकर्ता का दूरी बन

जाता है वहीं कुछ अवसरवादी लोग विधायक को अपने घेरे मे लेकर कमीशनखोरी व निजी स्वार्थ पूर्ती मे लगकर क्षेत्र मे दूकानदारी चलाकर पार्टी का छवि खराब करते है,हाल ही मे ग्राम पंचायत रामपुर के संरपच ने खुज्जी विधायक मिडिया प्रभारी राम साहू पर 50 हजार रूपये कमीशन लेने का आरोप लगाकर खुज्जी विधानसभा के राजनीतिक सत्ता दल के नेताओं के लिए एक मुद्दा परोस दिया है ,जानकारी के मुताबिक रामपुर ग्राम पंचायत मे सी.सी. रोड निर्माण के लिए विधायक निधि से 5 लाख प्रदान किया गया है,आरोप है राशि दिलाने के एंवज मे विधायक मिडिया प्रभारी राम साहू द्वारा संरपच से 50 हजार रूपये देने का दबाव बनाया गया जीस पर संरपच द्वारा फोन पे के माध्यम से 30 हजार देने बताया उसका स्क्रीन साट भी प्रमाण के तौर पर दिखाया गया शेष राशि 20 हजार के लिए पुनः राम साहू द्वारा दबाव बनाने उनका आरोप है ।उक्त संरपच का खुलाआरोप है, राम साहू मेरे अलावा क्षेत्र मे विधायक द्वारा जो भी राशि ग्राम पंचायतों मे जारी किया जाता है ,राम साहू उक्त स्वीकृत राशि का सूची लेकर नई शिप्ट कार मे अनेक ग्राम पंचायतों मे जाकर संरपचो सेअवैध वसुली करता है। संरपच द्वारा इस मामले का जानकारी ब्लाक काग्रेंस कमेटी के मिटींग के दौरान दिया गया है स्वाभाविक तौर पर इस बात का जानकारी विधायक भोलाराम साहू को मिला होगा खबर है अब तक उक्त मामले पर उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नही दिया है और न ही राम साहू पर कोई कार्यवाही का पहल किया है जो क्षेत्र मे चर्चा का विषय है।

राम साहू मिडिया प्रभारी विधायक खुज्जी संरपच का आरोप झूठा है उसने पैसा बीमा कराने दिया है

संपादकीय

नारी की हर तरह से सुरक्षा जरूरी है

नारी बदलते वक्त के साथ और ज्यादा असुरक्षित महसूस कर रही है तो यह सच भी है।कोलकाता, बदलापुर जैसी घटनाएं उसमें असुरक्षा की भावना को और बढ़ाते हैं। देश में ऐसा कभी नहीं होता कि किसी हिस्से में नारी के साथ कोई अपराध न हो। रोज होते है, हर घंटे होते हैं, हर मिनट होते हैं। इससे यह पता चलता है कि यह कितनी गंभीर है। आजादी के बरसों बाद भी देश व समाज आधी आबादी को एक सुरक्षा का माहौल नहीं दे पाया है। वह घर के भीतर भी असुरक्षित है और घर के बाहर भी असुरक्षित है तो इसके लिए परिवार,समाज व सरकार सभी दोषी हैं। घर से बाहर निकलते ही लोग भूल जाते हैं कि जैसे उनके घर की महिलाओं का सम्मान की हकदार है,वैसे ही घर से बाहर भी महिलाएं उतनी ही सम्मान की हकदार है। महिलाओं के सम्मान का संस्कार परिवार को देना चाहिए तथा समाज को इसका ध्यान रखना चाहिए। सरकार को नारी सुरक्षा के लिए गंभीरता से प्रयास करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति नारी का किसी तरह से भी अपमान करता है तो अदालत को बाद में सजा देनी चाहिए, पहले परिवार व समाज को सजा देनी चाहिए। क्योंकि कोई व्यक्ति किसी नारी का अपमान करता है तो वह साथ ही अपने परिवार व समाज का भी अपमान करता है। लोग तो कहते हैं कि इसके परिवार ने इसे अच्छे संस्कार नहीं दिए इसलिए इसने नारी का अपमान करने की हिम्मत की। दूसरे समाज तो कहते हैं कि इसके समाज ने इसे सिखाया ही नहीं कि नारी का सम्मान करना चाहिए। परिवार व समाज के बाद सरकार की बारी आती है कि नारी का अपमान करने वाले को सजा जरूर मिले। जब नारी का अपमान करने वाले को परिवार,समाज व अदालत तीनों जगह से सजा मिलेगी तो ही उसे बात समझ में आएगी की नारी का अपमान बहुत गंभीर अपराध है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य है,दोषी कोई भी उसे बचना नहीं चाहिए यानी पकड़ा जाना चाहिए और सजा भी जरूर मिलनी चाहिए। उन्होंने महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माताओं,बेटियों व बहनों की सुरक्षा देश की प्राथमिकता है।सरकारें आएंगी जाएंगी लेकिन महिलाओं की गरिमा की रक्षा करना सभी की बड़ी जिम्मेदारी है। यह तो हुई कानूनी तौर पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए कुछ करना। इसके साथ ही महिलाओं को आर्थिक रूप से सुरक्षा देना भी तो जरूरी है। पीएम मोदी महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत कर यही काम कर रहे हैं। वह महिलाओं को लखपति बनाकर उनको आर्थिक रूप में मजबूत कर रहे हैं। इससे अब कोई उनका आर्थिक रूप से कोई अपमान नहीं कर सकेगा। इससे परिवार,समाज व देश मे महिलाओं का सम्मान बढ़ेगा। यह महिलाओं से ज्यादा अच्छे से कौन जान सकता है कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उनको परिवार,समाज व देश में किस किस तरह से अपमान सहना पड़ता है। वह भी चाहती हैं कि वह आर्थिक रुप से मजबूत हो, लेकिन उनको परिवार व समाज से ऐसा सहयोग नहीं मिलता है। उनको कह दिया जाता है कि आप परिवार तक सीमित रहो, सरकार के प्रयास से उन महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत होने का मौका मिलेगा जो होना चाहती हैं। इससे देश में काम करने वाली व काम देने वाली महिलाओं की संख्या भी बढ़ेगी। महिला हर तरह से जब सशक्त होती है तो कोई उसका अपमान नहीं कर सकता। वह परिवार से लेकर समाज तक में अपमानित होती है तो उसकी एक वजह यही है कि वह न तो सामाजिक तौर पर मजबूत है, न ही आर्थिक रूप से मजबूत है। अक्सर तो उसको कमजोर होने के कारण ही अपमान का सामना करना पड़ता है। कमजोर महिलाओं की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी तो है ही साथ ही उसे कमजोर महिला से मजबूत महिला बनने का मौका देना भी सरकार की जिम्मेदारी है। यह काम पीएम मोदी कर रहे हैं और उनके प्रयासों से राज्य सरकारें भी ऐसा करने को प्रेरित हो रही है तो यह अच्छी बात है। इसका स्वागत करना चाहिए। मोदी जानते हैं कि विकसित भारत के लिए हर तरह से मजबूत महिलाओं का होना भी देश के लिए जरूरी है। यही वजह है कि वह विकसित भारत के लिए आथिक तौर पर देश को मजबूत करने के लिए पुरुषों के साथ ही महिलाओं को प्रेरित कर रहे हैं। विकसित देश के लिए पुरुष जितने जरूरी हैं, उतनी ही महिलाएं भी जरूरी है। आधी आबादी की उपेक्षा कर कोई देश पूरा मजबूत नहीं हो सकता।

गंभीर समस्या

सुनील कुमार महला

अंतरिक्ष मलबे का उचित प्रबंधन आज की आवश्यकता

बढ़ती प्रौद्योगिकी, उन्नत संचार व्यवस्था, विज्ञान और विकास के इस युग में अंतरिक्ष में उपग्रहों के लगातार स्थापित होने से अंतरिक्ष में मलबे में लगातार वृद्धि हो रही है। हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने इस पर अपनी गहन चिंता व्यक्त की है, जैसा कि अंतरिक्ष में घूम रहा यह मलबा न केवल उपग्रहों की कक्षा में बल्कि हमारे वातावरण के लिये भी बहुत खतरनाक हो सकते हैं। यदि कोई बड़ा टुकड़ा पूरी तरह से नष्ट हुए बिना हमारे वायुमंडल में प्रवेश कर जाए तो यह पृथ्वी को(यहां पर उपस्थित जीवों, प्राणियों, वनस्पतियों तक को) भारी क्षति पहुँचा सकता है। एक जानकारी के अनुसार अंतरिक्ष मलबा 17,500 मील प्रति घंटे की गति से यात्रा करता है और 1 सेमी से बड़े मलबे की वस्तुओं की आबादी लगभग 1 मिलियन है। हालांकि, यह भी एक तथ्य है कि पृथ्वी के घने वायुमंडल से पुनः प्रवेश के दौरान होने वाली भीषण गर्मी के कारण मलबे की एक बड़ी मात्रा जल जाती है, लेकिन जो अवशेष बच जाते हैं, वे महासागरों और दुनिया के अन्य कम आबादी वाले क्षेत्रों में गिर जाते हैं, लेकिन अंतरिक्ष मलबे का खतरा तब भी कहीं न कहीं बरबकार रहता है।

दरअसल, हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू भारत के चंद्रयान-3 के चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष मलबे पर चिंता जताई है। दरअसल, आज विभिन्न देशों द्वारा अनेकानेक अंतरिक्ष अभियान लांच किए जा रहे हैं, जैसा कि विकसित और विकासशील देशों में अंतरिक्ष के रहस्यों को जानने समझने की एक बड़ी होड़ लगी है। आज अंतरिक्ष में मलबे के अनेक टुकड़े घूम रहे हैं और कहना गलत नहीं होगा कि अंतरिक्ष में अत्यधिक तीव्र गति से घूमने वाले ये टुकड़े अन्य अंतरिक्ष संपत्तियों और कार्यात्मक उपग्रहों के लिये खतरा माने जाते हैं। ऐसा अनुमान है कि पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थित पिंड 17,500 से 18,000 मील प्रति घंटे (7 से 8 किमी/सेकेंड) की गति से यात्रा करते हैं।लगभग 10 सेमी या उससे अधिक व्यास वाली वस्तुओं से होने वाला प्रभाव टीएनटी के विस्फोट के बराबर हो सकता है। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि पृथ्वी की निचली कक्षा में अंतरिक्ष मलबे के 100 ट्रिलियन से ज्यादा टुकड़े हैं, जिनका पता नहीं लगाया जा सका है।साइंस जर्नल में प्रकाशित ह्य पृथ्वी की कक्षा की रक्षा करें: उच्च समुद्र की गलतियों से बचेंह्ल शीर्षक वाले अध्ययन से यह चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया है। हालांकि, वर्ष 2030 तक भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों को मलबा मुक्त बनाने का लक्ष्य तय करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की सराहना भी की है, लेकिन अंतरिक्ष में बढ़ रहा मलबा कहीं न कहीं धरती के सभी जीवों, मनुष्यों के लिए एक खतरा बनकर उभर रहा है। आज अमेरिका, चीन, रूस और भारत समेत अनेक देशों का अंतरिक्ष मलबा अंतरिक्ष में तैर रहा है। यदि हम यहां केवल भारत की ही बात करें तो एक आंकड़े के अनुसार भारत के पास 103 सक्रिय या निष्क्रिय अंतरिक्ष यान एवं 114 अंतरिक्ष मलबे की वस्तुएं हैं। इस प्रकार, भारत के कुल 217 अंतरिक्ष पिंड पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे हैं। अब यहां प्रश्न यह है कि आखिर अंतरिक्ष मलबा है क्या ? तो इस संबंध में बताना चाहूंगा कि अंतरिक्ष मलबा, पृथ्वी की परिक्रमा करने वाली उन कृत्रिम सामग्रियों को कहते है, जो वर्तमान में कार्यात्मक स्थिति(फंक्शनल स्टेटस) में नहीं हैं। इसे अंतरिक्ष कबाड़ या कक्षीय मलबा या स्पेस जंक भी कहा जाता है। उल्लेखनीय है कि अधिकांश अंतरिक्ष मलबें निम्न पृथ्वी कक्षा में पाए जाते हैं। मानव द्वारा पृथ्वी की कक्षा में भेजे गए उपग्रह निष्क्रिय स्थिति में छोटे-छोटे टुकड़ों में परिवर्तित होकर पृथ्वी की कक्षा में चक्कर लगाते रहते हैं। नासा के अनुसार, निम्न पृथ्वी कक्षा में 15,700 मील प्रति घंटे की गति से 27,000 से अधिक मलबे के टुकड़े चक्कर लगा रहे हैं। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि मुक्त अवस्था में अंतरिक्ष मलबा परिचालन एवं संचार उपग्रहों के लिये खतरा उत्पन्न कर सकता है। यहां तक कि इसके टकराने से उपग्रह निष्क्रिय हो सकते हैं। पाठकों को यह जानकारी हासिल करके आश्चर्य होगा कि छोटे से छोटे मलबे के टुकड़े (मिलीमीटर आकार के मलबे) से होने वाली टक्कर भी उपग्रहों को नष्ट कर सकती है। इसे 'केसलर सिंड्रोम' के रूप में जाना जाता है। अच्छी बात यह है कि अंतरिक्ष पर्यावरणीय खतरों से भारतीय अंतरिक्ष संपत्तियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिये ह्यइसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंटह्ल को लॉन्च किया गया है। इसरो द्वारा इस संबंध में अनेक अनुसंधान गतिविधियां शुरू की गई हैं, जो हमारे लिए एक सुखद संकेत है। हमारे यहां बेंगलुरु में एक समर्पित अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता नियंत्रण केंद्र भी स्थापित किया गया है। इसरो अंतरिक्ष मलबे को कम करने के लिये सेल्फ-ईटिंग रॉकेट(इसमें रॉकेट प्रभावी रूप से 'स्वयं को नष्ट कर देंगे' ताकि समुद्र में कोई कचरा न गिरे और न ही अंतरिक्ष में कोई मलबा बचे) और सेल्फ-वैनिंशिंग सैटेलाइट(उपग्रह को उसके जीवनकाल के पश्चात एक 'किल-बटन' के माध्यम से उसकी कक्षा में जलाकर नष्ट कर देना) जैसी भविष्य की तकनीकों पर भी कार्य कर रहा है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि इसरो नेटवर्क फोर स्पेस आब्जेक्ट्स ट्रैकिंग एंड एनालिसिस यानी कि 'नेत्र प्रोजेक्ट' के तहत भारत में विभिन्न स्थानों पर रडार, टेलीस्कोप, नियंत्रण केंद्र एवं डाटा प्रोसेसिंग इकाइयों को स्थापित कर छोट-से-छोटे मलबे की ट्रैकिंग कर रहा है। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि अंतरिक्ष में भीड़भाड़ के कारण पृथ्वी की कक्षा में वस्तुओं के बढ़ते घनत्व के कारण अंतरिक्ष मलबे की मात्रा में वृद्धि हो रही है, जिससे टकराव की एक श्रृंखला प्रतिक्रिया हो सकती है। अंत में यही कहूंगा कि अंतरिक्ष मलबे के निर्माण को रोकने के लिए हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों यह सुनिश्चित करना होगा कि उपग्रहों को उनके पूरे जीवन चक्र में, उनके प्रक्षेपण चरण से लेकर, जीवन के अंत तक जब वे सेवामुक्त हो जाते हैं, उन सभी का सावधानीपूर्वक प्रबंधन किया जाए। यह अच्छी बात है कि आजकल प्रक्षेपण प्रक्रिया को पहले की तुलना में अधिक स्थायी रूप से प्रबंधित किया जा रहा है और इस दिशा में अनुसंधान,नये प्रयोग भी लगातार जारी हैं। भारत समेत विश्व के विकसित व विकासशील देश अंतरिक्ष कचरे के प्रबंधन की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं और आने वाले समय में इस दिशा में हम और भी बेहतर कर पायेंगे।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपके ऊपर काम का दावा अधिक रहेगा, लेकिन फिर भी आप घबराएंगे नहीं। आप अपने विरोधियों को आसानी से परास्त कर सकेंगे। आपको अपनी इनकम के सोर्स पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिल सके। आप अपने घर का रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन खर्च करेंगे और घर के लिए कुछ नया सामान भी लेकर आ सकते हैं।

वृषभ- आज का दिन वैवाहिक जीवन जी रहे लोगों के लिए खुशनुमा रहेगा। आपको व्यवसाय में मन मुताबिक लाभ मिलने की संभावना है, जो आपको खुशी देगी। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप अपने जीवनसाथी को कहीं घूमाने फिराने लेकर जा सकते हैं। आपके भाई व बहन आपके कामों में पूरा साथ देंगे, लेकिन किसी पारिवारिक समस्या को लेकर आप परेशान रहेंगे। आपको किसी से कोई वादा सोच विचारकर करना होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को इस समय में किसी दूसरी नौकरी की ओर रुख करना पड़ सकता है।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपको अपने खर्चों को कंट्रोल करके चलने की आवश्यकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आपको किसी काम को लेकर अति उत्साहित नहीं होना है। विद्यार्थी को अपनी इरादे मजबूत रखने होगे, तभी उन्हें किसी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। आपकी सेहत में उतार चढ़ाव बना रहेगा, जिसको लेकर आपका काम करने में मन भी थोड़ा कम लगेगा। आपको दोस्तों के साथ मौज मस्ती करने का मौका मिलेगा।

कर्क- आज का दिन सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको कारोबार में अच्छा लाभ मिलेगा, लेकिन आपको वाहन की खरीदारी पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा। आपके विरोधी आपके कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे। आप अपने मन में किसी के लिए ईर्ष्या की भावना ना रखें। आपकी किसी मन की इच्छा की पूर्ति होने से परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्यरत लोगों को मनमुताबिक लाभ मिलेगा। आपको किसी नए काम को करने का मौका मिलेगा। आपके ऊपर कामों का बोझ अधिक रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधानी से करना होगा और यदि आपने किसी से उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते हैं। शेयर मार्केट आदि में निवेश करने के लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह करने की आवश्यकता होगी।

कन्या- आज का दिन आपके लिए अपने रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। परिवार में किसी सदस्य की कोई बात आपको बुरी लग सकती है। घर से दूर नौकरी में सदस्य परिवार के सदस्यों से मिलने जा सकते है। आपको किसी वाद विवाद में पड़ने से बचना होगा, नहीं तो वह कानूनी हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के जरिए काम करने की आवश्यकता है। आप अपनी वाणी में व्यवहार पर नियंत्रण रखें।

तुला- आज का दिन आपके लिए सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। रोजगार की तलाश में लगे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लग सकता है। आप अपने मित्रों के साथ किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आप आज मौज मस्ती के मूड में रहेंगे। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के मनमाने व्यवहार के कारण समस्या रहेगी। आप संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपकी सेहत में यदि कुछ गिरावट चल रही थी, तो उससे आपको राहत मिलेगी। आपको अपने खर्चे को लेकर सावधान रहने की आवश्यकता है। आपको किसी निवेश से नुकसान हो सकता है। संतान के साथ आप कुछ आनंदमय पल व्यतीत करेंगे। आप अपने कामों को लेकर प्लानिंग करके चले, तभी आप सभी कामों को पूरा कर पाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा, जिसे देखकर आपको खुशी होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

धनु- आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन मिलने की संभावना है। आपको अपने कार्यक्षेत्र और नौकरी में शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। नव विवाहित जातकों में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपको अपने बिजनेस में काफी संघर्षों के बाद ही राहत मिल सकेगी, लेकिन आपकी शिक्षा में यदि कुछ समस्याएं आ रही थी, तो उन्हें आप अपने सीनियर से बातचीत करके आसानी से दूर कर सकते हैं। परिवार के सदस्यों को लेकर आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। रोजगार के तलाश कर रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर मिलेगा। यदि आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के लिए सोच रहे थे, तो वह आप कर सकते हैं। परिवार में सुख व समृद्धि बढ़ेगी और अपनी जीवन साथी को लेकर आप कहीं घूमने फिरने भी जा सकते हैं, जिससे दोनों के बीच चल रही अनबन भी दूर होगी। धन को लेकर आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें, नहीं तो वह आपको समस्या दे सकता है। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ मिलने की संभावना है। भाग्य के दृष्टिकोण से दिन अच्छा रहेगा।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए बजट बनाकर चलने के लिए रहेगा। आपको बिजनेस में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है, लेकिन आप अपने खर्चों को भी कंट्रोल करके चले और अपनी आय के अनुसार व्यय करेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी पद व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आप अपने खान-पान में संतुलित भोजन ले। आपको कोई पेट संबंधित समस्या होने की संभावना है। किसी काम को लेकर यदि आप परेशान चल रहे थे, तो वह पूरा हो सकता है। आपको अपने व्यापार के सिलसिले में छोटी दूरी की यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी।

मीन- आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। उनको किसी पुरस्कार के मिलने की संभावना है। परिवार में लोग आपकी बातों को पूरा महत्व देंगे। आप अपने मित्रों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा हो सकता है, जो आपको खुशी देगा। आपकी धार्मिक कार्यों के प्रति रुचि बढ़ेगी और दानपुण्य के कार्य में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। ससुराल पक्ष से यदि आप धन उधार लेने की सोच रहे थे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा।

संघर्ष और मनोबल के सारथी बने

संजीव ठाकुर

सफलता एक दिन में नहीं मिलती पर एक दिन मिलती जरूर है,जो सफलता भाग्य से मिलती है वह क्षण-भंगुर भी हो सकती है इसिलए निरंतर,नियमित मेहनत,श्रम करने आदत होनी चाहिए,साथ में यदि उच्च मनोबल हो तो सोने पे सोहागा होगी और इससे प्राप्त सफलता स्थाई और चिरंतर होती है।जीवन में अच्छे लक्ष्य को लेकर की गई मेहनत सार्थक होती है और कभी व्यर्थ, जाया नहीं होती है

वर्तमान के आपाधापी एवं कठिन जीवन शैली में हर व्यक्ति चाहता है कि उसे प्राथमिकता मिले और उसके सब कार्य तत्काल पूर्ण हो जाऐ भारत की जनसंख्या के हिसाब से हर स्थान, हर जगह जबरदस्त प्रतियोगिता का वातावरण निर्मित हो चुका है एक काम के लिए हजारों लोग लाइन में लगे हुए हैं, मूलत किसी पद को पाने के लिए इतनी ज्यादा प्रतियोगिता एवं प्रतिस्पर्धा है कि साधारण कद काठी एवं सामान्य व्यक्तित्व का व्यक्ति भीड़ में कहीं खो जाता है अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने से वंचित रह जाता हैअसफलता के कारण मानसिक दबाव जिंदगी भर रहने लगता है, ऐसे व्यक्तित्व विकास मनुष्य के जीवन में एक कड़ी और चुनौतीपूर्ण जीवन रेखा है एसे में व्यक्ति को शानदार व्यक्तित्व बनाने के लिए बड़ी मेहनत एवं कठिन तपस्या की आवश्यकता होती है तभी वह इस प्रतिस्पर्धात्मक जीवन शैली में अपने आप को सही और सटीक स्थापित कर पाता है

व्यक्तित्व विकास के साथ मनुष्य अपना जीवन दूसरों की तुलना में बेहतर तरीके से गुजार पाता है, ऐसे में लोगों एवं आप के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों के मन में आपके प्रति सकारात्मक एवं अच्छे विचार आते हैं आपका प्रभाव भी लोगों पर आपकी कार्यप्रणाली पर अच्छा होने लगता है अच्छे व्यक्तित्व का मालिक अपने प्रतिदिन के काम में सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा तथा शक्ति प्रदान कर पाता है और धीरे-धीरे वह लोगों से अलग दिखाई देने लगता है, आमजन उससे जुड़ना चाहते है, और आपकी तरह बनने के सपने देखने लगते हैं वर्तमान समय में शायद ऐसा ही कोई व्यक्ति होगा जो शानदार व्यक्तित्व का धनी एवं मालिक ना बनना चाहता होगो यदि आपकी पर्सनैलिटी याने व्यक्तित्व साधारण एवं निम्न स्तर का है, तो आपको अपने व्यक्तित्व को निखारना ही होगा, तब जाकर आप किसी अच्छे पद,व्यवसाय किसी महान लक्ष्य को संचालित कर सकते हैं ऐसे में आप यदि नकारात्मक सोच के व्यक्ति हैं तो आपको अपने व्यक्तित्व निर्माण में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, नकारात्मक सोच के व्यक्ति को हमेशा कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, और उसे इन्हीं परेशानियों का निदान भी सूझता नहीं है,पर जिनका का सकारात्मक रवैया होता है,उन्हें हर कठिनाई, परेशानी में निदान के उपाय एवं तरीके अपने सूझ बुझ से निकालने का फामूर्ला मालूम होता है, ऐसे व्यक्तियों का काम कभी रुकता नहीं और वे निर्बाध गति से आगे बढ़ते जाते हैं यह सर्वविदित सत्य है की आपका संव्यवहार आपके व्यक्तित्व का दर्पण होता है हर कार्य के संचालन संपादन में आपके व्यक्तित्व की परछाई स्पष्ट परिलक्षित होती है, आपका व्यवहार आपके चरित्र तथा स्वभाव के बारे में सब कुछ बता देता है, और उसका इसका बड़ा व्यापक प्रभाव भी दृष्टिगोचर होता है, व्यक्तित्व विकास न सिर्फ आपकी निजी जिंदगी में प्रभाव डालता है वरन आपकी व्यवसाय और लक्ष्य में भी सकारात्मक एवं प्रभावकारी होता है जब आप एक अच्छे व्यक्तित्व और सकारात्मक विचार वान व्यक्ति होते हैं तो आप काफी उत्साही एवं आत्मविश्वास से भरपूर भी हो सकते हैं, और आत्मविश्वास से परिपूर्ण व्यक्ति जिंदगी में हर मुश्किल को पार कर एक सफल व्यक्तित्व का धनी हो जाता है उसे हर जगह सफलता ही सफलता प्राप्त होती है सफल व्यक्तित्व बनाने के लिए आप अपने व्यवहार को अत्यंत नम्र, शालीन और आत्मविश्वास से भरा ही रखें, किसी भी व्यक्ति से चाहे छोटा हो बड़ा हो अमीर हो गरीब हो मिलते समय उसका यथा योग्य अभिवादन शिष्टाचार पूर्वक अवश्य करें इससे आपकी पहुंच एवं प्रभाव का दायरा विस्तृत होने लगेगा, सफलता ही सफलता से आप आगे बढ़ने लगेंगे, किसी भी व्यक्ति से अशिष्टतापूर्वक व्यवहार न करें ,आपको यदि यह महसूस होता है कि सामने वाला कुछ गलती पर है या गलत कार्य कर रहा है तो उस पर नाराज ही जाए ना कर उसे बड़े ठंडे दिमाग से समझाई दीजिए, इससे आपका प्रभाव गलत ना होकर शानदार होने लगेगो प्रभावशाली व्यक्तित्व के निर्माण में समय की प्रतिबद्धता एवं समय पर कार्य करने की अदम्य लालसा का बड़ा महत्व है यदि आप सही समय पर सही कार्य करेंगे एवं अपने संपूर्ण कार्य समय पर प्रतिपादित करने की आदत डालेंगे, तो कार्यों की सफलता की एक तरह से संपूर्णता दिखाई देने लगती है यदि कहीं मीटिंग या किसी व्यक्ति को अपने समय दिया है तो आप वहां समय पर ही पहुंच कर मीटिंग का संपादन करें, आज के युग में किसी को किसी का इंतजार करना पसंद नहीं आता है ऐसे में काम की सफलता की गुंजाइश कम हो जाती है और किसी को किसी भी कार्य के लिए इंतजार करवाना अच्छे व्यक्तित्व के निर्माण के प्रतिकूल प्रभाव डालता है, यदि आप नौकरी में हैं,व्यवसाय में हैं या जन प्रतिनिधि हैं, तो लोगों की बातें सुनने का आप में पर्याप्त संयम भी होना चाहिए, यदि आप किसी व्यक्ति की बातें धैर्य पूर्वक सुनते हैं तो उसे आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली लगता है एवं कार्य की सफलता में संदेह नहीं रह जातो अनावश्यक किसी भी व्यक्ति से बिना उसकी बात सुने समझे बहस करने की थोड़ी भी गुंजाइश ना रखें, अन्यथा कार्य विपरीत स्वरूप भी ले सकता हैसामने वाला व्यक्ति यदि सचमुच गलत है तो ही अपनी बात आप रखें या बोले, इसमें महत्वपूर्ण बिंदु यह है कि आप अपनी शक्ति एवं दुर्बलताओं को अच्छे से पहचाने और जाने आपको जब अपनी शक्ति और क्षमता का पता होगा तो आप उस कार्य को अच्छे से कर पाएंगे एवं इससे आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी, और अपनी कमजोरियों को सफलता के पीछे सुधार करने में सफल भी होंगे आप प्रयास करें कि हमेशा मुस्कुराहट आपके चेहरे पर हो एवं आपका चेहरा चिड़चिड़ा या परेशान ना दिखाई दे, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा का एक बड़ा प्रतीक हैयह सफलता में कठिनाई पैदा करने वाला कारक माना जाता है मुस्कुराते हुए चेहरे से लोग प्रसन्न होकर उसकी बात सुनना चाहेंगे और यही एक ऐसा तत्व है जो आपके आत्मविश्वास को कई गुना बढ़ा देगा और आपकी सफलता में कोई गुंजाइश नहीं रह जाएगी मुस्कुराते हुए चेहरे के आचरण को लोग ज्यादा पसंद करते हैं अपना मित्र भी बनाना चाहेंगे, आप जो भी कार्य करते हैं पढ़ते हैं नौकरी करते हैं, व्यवसाय या समाज सेवा करते हैं, उसके संबंध में आपके पास गहरी और संपूर्ण जानकारी होना चाहिऐ अधूरा ज्ञान बहुत ही खतरनाक और असमंजस निर्माण करने वाला होता है और कार्य की सफलता में संदेह भी पैदा करता है क्योंकि अधूरी जानकारी आपके काम करने की प्रणाली पर सवालिया निशान लगा देती है इसमें आप फिर जवाब देने की स्थिति में भी नहीं रह पाएंगे अधूरा ज्ञान नकारात्मक होकर आपके आत्मविश्वास को भी डगमगा देता है आप फिर उस कार्य को करने में डरने लगेगे.

संस्मरण

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा

तुमने दी आवाज ... लो मैं आ गया ...

बात 17 अगस्त शनिवार 2024 की है । यह एक स्वर्णिम अवसर बनकर मेरे और मेरे अभिन्न मित्रों के लिए खुशियों भरा पैगाम लेकर आया । मैं शिक्षकीय पेशे से जुड़ा होने के कारण अपनी सबसे बड़ी संपत्ति अपने विद्यार्थी वर्ग को मानता रहा हूं । सच्चाई भी यही है - एक शिक्षक के जीवन में सबसे बड़े धन के रूप में उनके शिष्य ही हुआ करते हैं और सबसे अच्छे मित्र के रूप में उन्हीं शिष्यों को अध्यापन कार्य के लिए जुटाई गई स्तरीय पुस्तकों का भंडार । यह वह दिन था जब मेरे 1996 बैच के विद्यार्थियों ने अपने सभी शिक्षकों से एक बार पुनः आशीर्वाद की चाह के साथ ₹ पुनर्मिलन ₹ का शानदार आयोजन किया था । जैसे - जैसे बच्चे (अब पालक) आते गए , कुछ के चेहरे बड़ी आसानी से पहचान की परिधि में आ गए तो कुछ से हमें खुद परिचय देने कहा गया ! 28 वर्ष के लंबे अंतराल के बाद ऐसा होना स्वाभाविक ही था । बच्चों की बाल - सुलभ शैतानियां भी मेरे चेतन मन में चलचित्र की भांति चलने लगी । कुछ ऐसे भी विद्यार्थी थे जो अपने शिक्षण काल में भी शांत चित्त के थे । वे आज भी बड़े ही शालीन नजर आ रहे थे । सबसे बड़ी दुविधा उस वक्त की छात्राओं से आमना - सामना होने पर उपस्थित हो रही थी । अब सारी छात्राएं अपना गृहस्थ जीवन सम्हाल चुकी थीं । किसी के पास एक तो किसी के पास दो से तीन संतान रूपी खुशियों भरी मणियों की माला थी । मैं पूरी तरह से उन्हें पहचानने में खुद को असमर्थ पा रहा था । जिन्हें मैने पहचाना उनकी खुशी का नजारा उनके चेहरों पर पढ़ा जा सकता था । यह संस्मरण मेरे लिए पहला नहीं था । इससे पूर्व भी तीन से चार वर्षों में इसी तरह के पुनर्मिलन आयोजन विद्यार्थियों ने किए थे । जहां तक मैं समझता हूं अपने वरिष्ठ लोगों द्वारा किए गए आयोजन की चर्चा सुनने के बाद इस बार 1996 बैच भी इस आयोजन की भूमिका तैयार कर अंतिम चरण में पहुंच चुका था । मैं इस पुनर्मिलन आयोजन को एक ऐसी शुरूआत मानता हूं जिसका दीपक घी की लौ में सदैव प्रज्ज्वलित होता रहेगा । अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धानवत रहने वालों का चल पड़ा सिलसिला केवल वेसलियन स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ही नहीं अन्य शालाओं के लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बन चुका है । मुझे अपार आनंद का अनुभव इसलिए भी है कि वेसलियन के छात्रों ने इसे अपने गुरुओं से मिलने का एक अच्छा अवसर बना लिया । एक - एक शिक्षक के विषय में जानकारी एकत्र कर उन्हें स - विनय आयोजन में आमंत्रित करना भी सहज कार्य नहीं है । इतने लंबे समय में जहां विद्यार्थियों ने अपने देश के बड़े शहरों में काम और सेवाएं देने अपना ठिकाना बना लिया है , वहीं दूसरी ओर सेवा - निवृत्त शिक्षकों से लेकर अन्यत्र चले गए शिक्षकों की सुध लेना वास्तव में शिष्यों की उस प्रवृत्ति का द्योतक है जो गुरु - शिष्य परंपरा को अपने जीवन का स्वर्णिम काल मानता है ।

सुबह - सुबह का वक्त था । पुराने मित्र आते गए और कारवां जुड़ता गया । देखते ही देखते हम उम्र के विद्यार्थी एक - दूसरे से गलबहियां करने लगे । कोई ट्रेन से , कोई प्लेन से तो कोई बाइक से या फिर कोई पग नापता हुआ दोस्ती को साकार रूप देने अपने - अपने ठिकानों से निकल पड़ा । जैसे ही कोई विद्यार्थी पहुंचता पूरा का पूरा सैलाब उसकी ओर उमड़ पड़ता । यह देख मुझे बॉलीवुड की याद आने लगी । मेरा मन और आत्मा राग - तरंगिणी में जा उलझे । सहसा ही वह श

एक नजर

जागरुकता कार्यक्रम में लोगों को कई विषयों की जानकारी दी गई

बीजापुर,27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। केरिपुबल ने हैल्थ चैक-अप जागरूकता कार्यक्रम, कौशल विकास, जल संरक्षण,ऑरगॅनिक खेती, दाल एवं मिलैट्स की खेती तथा जलवायु संरक्षण आदि विषयों पर 229बटालियन कैम्प मुरदण्डा बीजापुर में कार्यक्रम का आयोजन आज दिनांक 23/08/2024को किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाओं, पुरूषों एवं नवयुवकों ने भागलिया । उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्यतः मुरदण्डा, बांसागुड़ा, नेन्ड्रा, चिल्कापल्ली, फुटकेल,सिलगेर, आवापल्ली आदि गाँव के लोगो ने बड़े जोश के साथ भाग लिया ।उपरोक्त कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर जानकारी देने के लिए वन विभाग, कृषि विभाग, ढ्ढञ्ज। आवापल्ली, ष्टश्वह्र कार्यालय आवापल्ली, पुलिस व प्रशासन ने मौजूद रहकर विभिन्न सम्बन्धित विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान लगभग 130 से अधिक महिलाये, पुरूष एवं नवयुवक मौजूद रहे। विदित है कि वर्तमान में ग्रामीण लोग खेती कार्य में व्यस्त हैं, फिर भी बडी संख्या में ग्रामीणों ने समय निकालकर भाग लिया जो बदलते परिवेश एवं ग्रामीणों मे बढ़ती राष्ट्रीय विचारधारा एवं बल के प्रति विश्वास को दर्शाता है । कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों पर जानकारी देने, भाषण आदि के साथ नाश्ता, जलपान एवं लंच की व्यवस्था की गई। इस दौरान 229 वीं वाहिनी द्वारा मुफ्त मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया जिसका लाभ स्थानीय नागरिकों ने उठाया एवं बड़ी संख्या लोगों का इलाज एवं में दवाओं का वितरण किया गया ।कार्यक्रम का आयोजन 229 वीं वाहिनी के कमाण्डेंट श्री चंदम बॉबी सिंह, के दिशा-निर्देश एवं नेतृत्व में हुआ । इस दौरान स्ठरूआवापल्ली श्री भूपेन्द्र गावरे, स्ठक्क्ह आवापल्ली श्री तिलेश्वर प्रसाद यादव, ञ्जढ्ढ बांसागुड़ा, ढ्ढञ्जढ्ढ दुगईगुड़ा प्राचार्य, सीनियर ऐग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर आवापल्ली, फौरेस्ट रेंजर आवापल्ली, ष्टश्वह्र कार्यालय पदाधिकारी एवं 229 बटालियन केरिपुबल के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे । उरोक्त कार्यक्रम की बड़ी सफलता 229 वीं वाहिनी की बीजापुर क्षेत्र में जनता के बीच लोकप्रियता सहयोग एवं उनके केरिपुबल एवं वाहिनी के प्रति विश्वास को दर्शाता है ।

मांई की नगरी में धूमधाम के साथ मनाई गई जन्माष्टमी

- हनुमान मंदिर एवं राधा कृष्ण मंदिर में भक्त देर रात तक कृष्ण की भक्ति में डूबे रहे
- यादव समाज ने नगर में निकाली कृष्ण लला की झांकी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 27 अगस्त। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्मष्टमी पर्व मांई दंतेश्वरी की पावन नगरी दंतेवाड़ा में धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भक्त देर रात तक कृष्ण की भक्ति में डूबे रहे। नगर में झांकी एवं कलश यात्रा भी निकाली गई। चहुंओर कृष्ण के जयकारे एवं भजन ही गूंजायमान हो रहे थे। रात 12 बजे कान्हा के जन्म उपरांत भक्तों ने जमकर आतिशबाजी की और कृष्ण लला के आगमन की खुशी नाच गाकर मनाई। हर वर्ष की भांति इस साल भी नगर के बस स्टेंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर एवं अस्पताल परिसर में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में उल्लास के साथ जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। बीते देर रात तक भक्त अपने प्रिय कान्हा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में जूटे रहे। शाम को जहां नगर के दोनों मंदिरों में भजन संकीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया तो वहीं दिन में यादव माधव समाज के अनुयायियों द्वारा नगर में युवाओं ने विशाल बाईक रैली तो वहीं महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने हाथी घोडा पालकी-जय कन्हैया लालकी के जयकारे लगाते नगर भ्रमण किया। अन्य समाज एवं संगठनों द्वारा भी नगर में जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान की झांकी निकाली गई। नगर का पूरा माहौल मानो एक दिन के लिए कान्हा की नगरी मथुरा वृंदावन में तब्दील हो गया था हर कोई अपने प्रिय बाल गोपाल कान्हा की भक्ति में डूबा रहा। कई मोहल्लों में हमेशा की तरह युवाओं द्वारा मटकी फोट स्पर्धा का आयोजन भी किया गया जिसमें विजयी टीम को उचित पारितोषित भी दिया गया। बस स्टेंड स्थित हनुमान मंदिर में हर साल की तरह इस बार भी कृष्ण लला का आकर्षक साज सज्जा के साथ झुला तैयार किया गया था जिसमें भगवान को साज श्रृंगान कर बिठाया गया था। मंदिर में भजन संध्या का आयोजन भी किया गया जिसमें जीजी गोस्वामी एवं टीम द्वारा एक से बढ़कर एक कृष्ण के भजन गाकर भक्तों को झुमने पर मजबूर कर दिया। मंदिरों में तो भगवान की विशेष साज श्रृंगार, पूजन आरती हुआ ही वहीं घर घर में भी कृष्ण भक्त अपने प्रिय कान्हा को दुध, दही, पंचामृत से स्नान करवाकर उनका अभिषेक कर पूजन वंदना कर जन्माष्टमी मनाया गया। रात 12 बजते ही थाल, घंटाल बजाकर, फटाके फोडकर, आरती वंदना कर तथा कान्हा को लडडू एवं खीर का भोग लगाया गया। कई छोटे छोटे बच्चे कृष्ण का रूप धरे आकर्षक वेषभूशा धारण किए हुए मंदिर पहुंचे थे जिन्हें देखकर ऐसा लग रहा था मानो साक्षात कान्हा ही पुनः धरती पर उतर आए हों। मंदिरों में रात 12 बजे के बाद भक्तों की भारी भीड उमड़ पड़ी थी। घर में पूजा संपन्न करने के बाद भक्त सीधे मंदिर पहुंचे और अपने अतिप्रिय कृष्ण लला का दर्शन किया। हनुमानजी मंदिर एवं राधा कृष्ण मंदिर में झुले में बैठे कान्हा को एक झलक देखने एवं झुला झुलाने के लिए भक्तों में होड़ मची रही। सभी ने बारी बारी से अपने कान्हा को झुला झुलाया और नत्मस्तक होकर भगवान से अपने एवं परिवार के सुख शांति का आर्शीवाद मांगा। मंदिरों में आए सभी भक्तों को समिति की ओर से प्रसाद पंचामृत वितरण किया गया।

बिना टेंडर,कार्यादेश व नियमों विपरीत लगा दिये सोलर लाइट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

चारामा, 27 अगस्त। नगर पंचायत चारामा के सदर बाजार में डामरीकृत सड़क के किनारे लगाए गये सोलर लाईट इन दिनों काफी चर्चा में है। हॉलाकि ये सोलर लाईटें नगर के सदर लाईन में ही कुछ दुरी तक ही लगायी गई है। लेकिन दिलचस्प बात यह है कि इन लाईटों को लगाने के लिए नगरीय निकाय से अब तक विधिवत तरीके से कोई टेंडर ही जारी नही हुआ है और न ही किसी ठेकेदार को इस कार्य के लिए कोई कार्यादेश प्राप्त हुआ है। जबकि नगरीय निकाय में किसी भी निर्माण कार्य के लिए बकायदा टेंडर निकाल कर ठेकेदारों से निर्माण कार्य कराये जाने का प्रावधान है। लेकिन चारामा नगर पंचायत में तो सब कुछ चलता है वाली कहानी ही दिखाई पड रही है। चूंकि टेंडर में निर्माण कार्य करने संबंधी नियम व शर्ते लगायी जाती है अब जब बिना टेंडर एवं कार्यादेश के सोलर लाईट लगायी गयी है तब इसके गुणवत्ता एवं बाकी मापदण्डों को कैसे तय किया गया है कि किस प्रकार की लाईट लगाना है क्या गुणवत्ता होगी, उसका मापदण्ड क्या होगा। इस प्रकार से लगाये गये सोलर लाईट में ध्यान देने वाली एक और बात है कि प्रत्येक खंभों में नगर पंचायत के अध्यक्ष की फोटो लगी तख्ती लगायी गई है जिसमें लिखा गया है कि अध्यक्ष निधि से प्रदत्त। उक्त तख्ती को देखकर नगर पंचायत की कार्य शैली पर सवाल खडा होता है कि किस प्रकार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि अपने हितों के लिए सरकारी नियमों को तांक में रखकर आम नागरिकों के हितो के लिए सरकार से प्राप्त राशि की हेराफेरी करते है। जब किसी निर्माण कार्य का मापदण्ड ही तय नही हुआ है तब कैसे बिना मापदण्ड के किसी सरकारी निर्माण कार्य को अंजाम दिया जा सकता है।

इस संबंध में नगर पंचायत से प्राप्त दस्तावेज के अनुसार नगर के सदर बाजार में डामरीकृत सड़क के किनारे लगाये गये सोलर लाईटों के संबंध में तथा उसमे लगाये अध्यक्ष की फोटों के विषय से संबंधित जानकारी नस्ती कार्यालय नगर पंचायत निकाय में उपलब्ध नही है। वहीं उक्त सोलर लाईटों को बिना किसी मापदंड के लगाये जाने के संबंध में नगर के गणमाण्य नागरिकों एवं बुद्विजीवियों के बीच नाराजगी देखी जा रही है और इस प्रकार के बिना टेंडर एवं नियमों को ताक पर रखकर लगाये गये सोलर लाईट के संबंध में जिले के प्रभारी मंत्री के आगामी कांकेर दौरे के समय उक्त मामले को लेकर शिकायत करने की चर्चा भी हो रही है।

20 लखपति दीदीयों को किया गया प्रमाण पत्र वितरित

सुकमा, 25 अगस्त। दिनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भारत सरकार द्वारा 25 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के 11 लाख परिवार को लखपति पहल दीदी के तहत लखपति परिवार और लखपति सीआरपी को सम्मान पत्र वितरण का कार्यक्रम जलगांव महाराष्ट्र में रविवार को संपन्न किया गया ।इसी परिपेक्ष में कलेक्टर श्री हरिस एस. एवम् सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में तीनों विकासखंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण कार्यक्रम को विकास खण्ड छिंदगढ़, सुकमा और कोंटा मे दीदीयों द्वारा प्रसारण सुना गया। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत लखपति दीदीयो के सम्मान कार्यक्रम जनपद पंचायत सुकमा एवम् छिंदगढ़ में क्रमशः 120-120, और जनपद पंचायत कोंटा में 20 लखपति दीदीयो को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। जनपद स्तर के जनप्रतिनिधिगण उपस्थित होकर प्रमाण पत्र वितरण किया गया, साथ ही पीआरपी, आरबीके, सक्रिय महिला और समूह के सदस्य भी शामिल हुए।

धान के तनाछेदक कीट के प्रभावी नियंत्रण के उपाय

सुकमा, 27 अगस्त। कृषि विज्ञान केन्द्र, सुकमा के पौध रोग वैज्ञानिक श्री राजेन्द्र प्रसाद कश्यप, कीट वैज्ञानिक डॉ योगेश कुमार सिदार, कृषि अभियांत्रिकी वैज्ञानिक डॉ.परमानंद साहू व चिराग परियोजना के एस.आर. एफ. यामलेशवर भोयर ने बताया कि वर्तमान में जिले के धोबनपाल, मुरतोणडा, नीलावरम, तोगपाल, पुजारीपाल,सोनाकुकानार, नयानार का मैदानी भ्रमण के दौरान धान के खेत मे तना छेदक कीट का आक्रमण दिखाई दे रहा है। इस कीट की इल्ली अवस्था फसल को नुकसान पहुंचाती है इस कीट की चार अवस्था होती है अण्डा, इल्ली, शंखी व तितली। मादा तितली पत्तियों की नोंक के पास समूह मे अंडें देती है। अंडे से इल्ली निकलती है जो हल्के पीले रंग की होती है इल्ली निकलने के बाद, इल्ली पहले पत्तियों को खाते हुए धीरे धीरे गोभ के अंदर प्रवेश करती है जिससे पौधे की बढवार रूक जाती है। कीट पौधे के गोभ के तने को नीचे से काट देती है जिससे धान के पौधे का बीच वाला हिस्सा सूख जाता है जिसे मृत गोभ (डेड हार्ट) कहते है, फिर इस कीट का प्रकोप बालियां निकलने के समय होता है जिससे फसल को भारी नुकसान होता है जिससे बालियों मैं दाना का भराव नहीं हो पाता है और बालियां सूख कर सफेद रंग की हो जाती हैं जिसे सफेद बालियां (व्हाइट ईयर हेड) कहते हैं प्रभावित बालियों को खीचने पर आसानी से बाहर निकल जाता है। कई बालियों में मे इल्ली अंदर दिखाई देता है इसके नियंत्रण के लिए प्रभावी उपाय अपनाना चाहिए। जिसमें रोपाई करते समय पौधे के ऊपरी भाग को थोड़ा सा काटकर रोपाई करें। खेतो एवं मेड़ो को खरपतवार मुक्त रखें। संतुलित मात्रा में पोषक तत्वों का उपयोग करें। खेत कि समय समय पर निगरानी करें तथा अण्डे दिखाई देने पर नष्ट कर दे। खेतों मे चिडियो के बैठने के लिए टी आकार की पक्षी मीनार लगाए। नर तितली को आकर्षित करने के लिए फेरोमोन ट्रैप लगाए। रात्रि चर कीट को पकड़ने के लिए प्रकाश प्रंपच या लाइट ट्रैप खेतो मे लगाए।अण्ड परजीवी ट्राइकोग्रामा जापोनिकम के 50 हजार अण्डे प्रति हेक्टेयर की दर से 2-3 बार खेत मे छोडे।उस समय रासायनिक कीटनाशक का स्प्रै ना करें। नीम अजेडीरेक्टीन 1500 पी पी एम का 2.5 लीटर प्रति हेक्टयर की दर से प्रयोग करें। दानेदार कीटनाशकों का छिडकाव गभोट वाली अवस्था से पहले करना चाहिए।बारिश रुकने व मौसम खुला होने पर कोई एक कीटनाशक का प्रयोग करें। क्लोरेटानिलिप्रोएल 0.4त्न जी आर 10 किलो प्रति हेक्टेयर या क्लोरोपायरीफास 20 ई.सी. 1250 मि.ली. प्रति हेक्टेयर या कर्टाफ हाइड्रोक्लोराइड 50 त्न एस.पी. 1000 ग्राम प्रति हेक्टेयर या क्लोरेटानिलिप्रोएल 18.5त्न एस.सी. 150 मि.ली. प्रति हेक्टेयर या फिप्रोनिल 5 प्रतिशत एस.सी. 1000-1500 मि.ली.प्रति हेक्टेयर या फ्लूबेंडामाइड 20 प्रतिशत डब्ल्यू. जी. 125 ग्राम प्रति हेक्टेयर का उपयोग करके प्रभावी नियंत्रण कर सकते हैं , ठीक न होने पर 15 दिन बाद दूसरे कीटनाशक का छिडकाव करें। और अधिक जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों और कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर रासायनिक दवाइयों का उपयोग करें।

सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर एवं उद्यमिता विकास अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं ने सांसद से किया संवाद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 27 अगस्त। बीजापुर प्रवास के दौरान बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर एवं उद्यमिता विकास अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं से एजुकेशन सिटी स्थित डाईट में संवाद किया। सांसद को अपने बीच पाकर युवाओं में उत्साह का माहौल निर्मित हुआ। वहीं सांसद श्री कश्यप युवाओं के साथ संवाद करते हुए प्रसन्न हुए और अपने जीवन वृतांत भी साझा किया। सांसद श्री कश्यप ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की। मध्यप्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य में विकास की गति में तेजी आई। बस्तर जैसे जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र में निरंतर विकास सड़क,बिजली,पानी शिक्षा, रोजगार जैसे बुनियादी सुविधाएं मिली। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी सोच और विकासमूलक योजनाओं से भारत आज विकसित देश बनने की ओर अग्रसर है। भारत को विकसित देश बनाने में युवाओं का बहुत बड़ा योगदान है। शासन के योजनाओं और जिला प्रशासन के अभिनव पहल से आज 200 युवाओं को संबोधित करते हुए मुझे बहुत हर्ष हो रहा है कि मेरे बस्तर, बीजापुर के युवा आज उद्यमिता विकास से स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे है। वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए अग्रसर हो रहे है। निश्चित ही बदलाव की बयार है अब बीजापुर भी बदल रहा है प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि मैं भी सामान्य परिवार से संबंध रखता हूं । खेती किसानी का कार्य करते हुए आगे बढ़ा हूं और अपने मेहनत लगन समर्पण और बस्तर की जनता से प्रेम और सहयोग से बस्तर संसदीय क्षेत्र का सांसद बना हूं । हमेशा कड़ी मेहनत, सकारात्मक सोच और सीखने की प्रवृत्ति होना चाहिए जिससे हम आगे बढ़ सकते है। इस दौरान युवाओं क अपने-अपने विचार व्यक्त किया और सांसद श्री कश्यप के साथ फोटो सेशन एवं सेल्फी ली। इस दौरान श्री जी वेंकट, श्री निवास मुदलियार, श्री संजय लुंकड़, पार्षद श्री नंदकिशोर राणा, श्री घासीराम नाग सहित एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, सीएमओ डॉ. बी.आर.पुजारी, सहायक संचालक कौशल विभाग श्री गौरव पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रनिधिगण उपस्थित थे।

भैरमगढ़ एवं गंगालूर एरिया कमेटी के 25 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 27 अगस्त। पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज, दंतेवाड़ा एवं उप पुलिस महानिरीक्षक केरिपु ऑप्स बीजापुर सेक्टर, बीजापुर के मार्ग दर्शन में जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान डीआरजी, बस्तर फाईटर, 85वी वाहिनी केरिपु, 222वी वाहिनी केरिपु एवं 202 कोबरा के द्वारा किये जा रहे संयुक्त प्रयासो से छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति साथ ही छ0ग0 शासन द्वारा चलाये जा रहे ÷नियद नेल्ला नार÷ योजना से प्रभावित होकर भैरमगढ़ एरिया कमेटी एवं गंगालूर एरिया कमेटी के पार्टी सदस्य, एलओएस सदस्य, सीएनएम अध्यक्ष सहित 25 माओवादियों ने आज दिनांक 26/08/2024 को उप पुलिस महानिरीक्षक, केरिपु ऑप्स बीजापुर श्री देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 85वी वाहिनी श्री सुनील कुमार, कमांडेंट 222वी वाहिनी केरिपु श्री विजेन्द्र कुमार, कमांडेंट 202 कोबरा श्री अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स, श्री वैभव बैंकर, उप पुलिस अधीक्षक डीआरजी बीजापुर श्री विनित साहू के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताड़ना से तंग आकर एवं छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया । 1.शामबती मड़कम पिता सुक्कू उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी मदपाल बटगुडेम थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पदनाम- कंपनी नम्बर 02 में पार्टी सदस्य, ईनाम 08.00 लाख रूपये , वर्ष 2012 से सक्रिय 2. ज्योति पूनेम पिता दुला पूनेम उम्र 27 जाति मुरिया निवासी बुरजी नयापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पदनाम - कंपनी नम्बर 02 हेड क्वार्टर पार्टी सदस्य, ईनाम- 08.00 लाख रूपये , वर्ष 2012 से सक्रिय 3. महेश तेलम पिता सुखराम तेलम उम्र 24 वर्ष जाति मुरिया निवासी मेटापाल दोसेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, कंपनी नम्बर 02 पीएलजीए सदस्य , ईनाम - 08.00 लाख, वर्ष 2008 से सक्रिय 4.विष्णु करटम ऊर्फ मीनू पिता घासी करटम उम्र 29 वर्ष जाति मुरिया निवासी पीड़ियाकोट अदेमपारा थाना ओरछा जिला नारायणपुर, प्लाटून नम्बर 16÷बी÷ सेक्शन डिप्टी कमाण्डर, ईनाम 03.00 लाख , वर्ष 2014 से सक्रिय 5.जयदेव पोडियाम पिता अंदो पोडियाम उम्र 18 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेदापाल स्कूलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, मिरतुर एलओएस पीएलजीए सदस्य, ईनाम 01.00 लाख , वर्ष 2023 से सक्रिय6.गुडडु ककेम पिता बुगूर उम्र 20 वर्ष जाति मुरिया निवासी मड़कमपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, 10.00 हजार का ईनाम घोषित, पदनाम - पोमरा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून डिप्टी कमांडर, वर्ष 2013 से सक्रिय 7.सुदरू पूनेम पिता कोवा उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर, जीआरडी डिप्टी कमाण्डर, 10000/- का ईनाम घोषित, वर्ष 2008 से सक्रिय 8.सन्नू पोड़ियाम पिता आंदो उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेदापाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर, फुलगटटा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष 2015 से सक्रिय9बासू पोड़ियाम पिता स्व0 हड़मो पोड़ियाम उम्र 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेदापाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर, फुलगटटा आरपीसी सीएनएम सदस्य, वर्ष 2012 से सक्रिय 10. मोटूराम तेलम पिता स्व0 सुक्कू तेलम उम्र 37 वर्ष जाति मुरिया निवासी मदपाल पटेलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पदनाम - पोमरा आरपीसी मिलिशिया प्लाटून डिप्टी कमाण्डर, वर्ष 2007 से सक्रिय 11.सोमारू तेलम पिता सन्नू तेलम उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी मदपाल पटेलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापर, पदनाम- पोमरा आरपीसी, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष 2007 से सक्रिय 12.सोमलू पोटाम पिता स्व0 सुक्कू पोटाम उम्र 31 वर्ष जाति मुरिया निवासी मदपाल थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पदनाम- पोमरा आरपीसी, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष 2005 से सक्रिय13. राजू वंजाम पिता सोनू वंजाम उम्र 42 वर्ष जाति मुरिया निवासी मदपाल बटुमपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पदनाम- पोमरा आरपीसी, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष 2001 से सक्रिय14. सुखराम तेलम पिता स्व0 सुपा तेलम उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी मदपाल धुर्वापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पदनाम- पोमरा आरपीसी, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष 2017 से सक्रिय15. आयतु तेलम पिता स्व0 सोमलू तेलम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी मदपाल धुर्वापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पदनाम- पोमरा आरपीसी, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष 2010 से सक्रिय16संतोष तेलम ऊर्फ धोबीराम पिता मंगू तेलम उम्र 34 वर्ष जाति मुरिया निवासी मदपाल पटेलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पदनाम- पोमरा आरपीसी, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष 2008 से सक्रि1 17.बिज्जू तेलम पिता स्व0 मनकू तेलम उम्र 23 वर्ष जाति मुरिया निवासी मदपाल पटेलपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पदनाम- पोमरा आरपीसी, मिलिशिया प्लाटून सदस्य, वर्ष 2007 से सक्रि 18.राकेश फरसीक पिता बुधराम फरसीक उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी कुरूष थाना गंगालूर जिला बीजापुर, भूमकाल मिलिशिया कमाण्डर, वर्ष 2007 से सक्रिय 19.बुदरू पूनेम पिता सन्नू उम्र 35 जाति मुरिया निवासी पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर, जीआरडी ÷बी÷ सेक्शन कमाण्डर, वर्ष 2008 से सक्रिय 20. कोया पूनेम ऊर्फ सुखराम पिता सुकलु पूनेम उम्र 41 वर्ष जाति मुरिया निवासी मेटापाल एर्रापारा, वर्ष 2003 से सक्रिय 21. सांतो पूनेम ऊर्फ रिशु पिता मंगु पूनेम उम्र 32 वर्ष जाति मुरिया निवासी मेटापाल एर्रापाल थाना गंगालूर जिला बीजापुर, पुसनार आरपीसी जनताना सदस्य/जंगल शाखा अध्यक्ष, वर्ष 2006 से सक्रिय 22.छोटू पोटाम ऊर्फ जोम्मा पिता बदरू पोटाम उम्र 28 वर्ष जाति मुरिया निवासी मेटापाल पटेलपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, ग्राम मेटपाल डीएकेएमएस अध्यक्ष, वर्ष 2010 से सक्रिय 23. सुक्कु कुडियम पिता मासा कुड़ियम उम्र 33 वर्ष जाति मुरिया निवासी मेटापाल कडियमपारा थाना गंगालूर, ग्राम मेटापाल, ग्राम रक्षा दल कमाण्डर, वर्ष 2008 से सक्रिय 24.पाकलू पूनेम पिता सन्नु पुनेम उम्र 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार बंटीपारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर, ग्राम पुसनार भूमकाल मिलिशियासी सेक्शन कमाण्डर, वर्ष 2005 से सक्रिय 25. रमेश अवलम पिता सोमलू उम्र 25 वर्ष जाति मुरिया निवासी कडेर थाना नैमेड़ जिला बीजापुर, भूमकाल मिलिशिया सदस्य, वर्ष 2008 से सक्रिय संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं माओवादियों के द्वारा आदिवासियों पर किये जा रहे अत्याचार से त्रस्त होकर एवं छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए उक्त माओवादियों द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया । आत्मसमर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000-25000/- रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान किया गया ।

जन्माष्टमी पर मटका फोड़ का आयोजन किया

नारायणपुर,27 अगस्त। नारायणपुर जिले के न्यू बस स्टैंड कलेक्ट्रेट मार्ग पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ड्रायवर कल्याण संघ व संरक्षक पंकज जैन के द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर मटका फोड़ का आयोजन किया गया । इस आयोजन में बड़ी संख्या में बच्चों व महिलाओं ने मटका फोड़ कार्यक्रम में भाग लिया पूरा माहौल जय कन्हैयालाल की हाथी घोड़ा पालकी के नारे से गूंज उठा । इस दौरान कार्यक्रम शांतिपूर्ण सम्पन्न हो इसके लिए थाना नारायणपुर द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे । पीरामिण्ड बनाकर मटका फोड़ का प्रथम इनाम 3100 रुपये , डंडे से आंख पर पट्टी बांधकर मटका फोड़ का इनाम 500 रुपये , जमीन पर मटकी फोड़ का इनाम 500 सहित 100 रुपये के आकर्षक इनाम सहित ट्राफी भी दी गई । वही इस दौरान कृष्ण कन्हैया बनकर आये बच्चों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया । मटका फोड़ कार्यक्रम के जमीन मटका फोड़ में बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर हाथ आजमाए वही आंख पर पट्टी बांधकर डंडे से मटकी फोड़ में कार्यक्रम देखने आए लोगो ने भी भाग लिया वही पीरामिण्ड बनाकर दही मटकी फोड़ में ग्रुप में मिलकर मटकी फोड़ी और 3100 का पहला इनाम जीता ।

कार्यक्रम को सफल बनाने ड्राइवर संग से अध्यक्ष कमल कोर्राम ,संतोष, खेमू साहू , राजेश साहू ,राजेश वैष्णव,ललित , उजाला, शेखर, दीपक , राहुल ,इन सभी का अहम योगदान रहा । पंकज जैन सरंक्षक ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी डॉयवर संघ के तत्वाधान में बस स्टेंड कलेक्ट्रेट रोड़ पर किया गया जिसमें बच्चों से लेकर महिलाओ ने बड़ी संख्या में भाग लेकर मटकी फोड़ कार्यक्रम का आनन्द उठाया । जमीन मटकी , पीरामिण्ड मटकी , डंडे मटकी का आयोजन किया गया था । विजेताओ को नगद पुरुष्कार व नन्हे कन्हैया को शील्ड प्रदान किया गया ।

एक नजर

देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी से नाराज युवा कांग्रेस ने जेल भरो आंदोलन किया

रायगढ़, 27 अगस्त। सतनामी समाज के लिए आवाज उठाने पर विधायक देवेंद्र यादवए युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा व सतनामी समाज के अन्य निर्दोष युवाओं को षड्यंत्र तरीके से जेल भेजें जाने के खिलाफ रायगढ़ जिला युवा कांग्रेस शहर के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी से निकलकर जेल भरो आंदोलन का आयोजन किया गया। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार रायगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश महामंत्री राकेश पांडे की उपस्थिति में युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष जायसवाल के नेतृत्व में संगठन प्रभारी आशीष यादव के कुशल संचालन और एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष आरिफ हुसैन के नेतृत्व में उनकी पूरी टीम के साथ युवा कांग्रेस एनएसयूआई के सैंकड़ों युवा नेताओ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में राज्य सरकार का विरोध करते हुए जेल भरो आंदोलन का आयोजन किया गया।

युवा नेताओ की टोली सैकड़ों की संख्या में जिला कांग्रेस कार्यालय से गगनचुंबी नारे लगाते हुए, सिटी कोतवाली गिरफ्तारी देने के लिए निकली पुलिस ने पहले युवा कांग्रेस नेताओ को सुभाष चौक के पास गिरफ्तार करने की कोशिश की परंतु काफी संघर्ष के बाद यूंकाई रास्ता बदलकर हंडी चौक की ओर से सिटी कोतवाली पहुंचने के लिए निकल गए हंडी चौक में पुलिस और युवा नेताओ के बीच घंटो चली संघर्ष के बाद पुलिस द्वारा सभी को गिरफ्तार करते हुए, रामलीला मैदान ले जाया गया और वहां सभी की गिरफ्तारी दर्ज की, सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस एवं कांग्रेस के नेताओ ने गिरफ्तारी दी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष जायसवाल ने बताया कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद से लगातार दमन कारी नीति हावी हुई है प्रदेश में युवाओं की आवाज बनकर उभर रहे हमारे नेता देवेंद्र यादव की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा सरकार पूरी तरफ से घबराई हुई है भाजपा सरकार के इशारे में पुलिस प्रशासन बिना किसी ठोस सबूत के एक विधायक को गिरफ्तार किया गया है इससे यह साफ झलक रहा है कि भाजपा युवाओं की आवाज को बुलंद नही होने देने चाहती है, प्रदेश महामंत्री राकेश पांडे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को नाम मात्र आगे रखकर केंद्र सरकार में बैठे भाजपा के नेता द्वेषपूर्ण राजनीति कर रहे है इससे राज्य की भाजपा सरकार को सीधा सीधा नुकसान आगामी सभी चुनावों में देखने को मिलेगा और अगर देवेंद्र यादव और अन्य नेता सतनामी समाज के भोले भाले निर्दोष जनता दोषी है तो उनके खिलाफ ठोस सबूत भी होना चाहिए लेकिन पुलिस प्रशासन केवल आरएसएस भाजपा के इशारों पर कार्यवाही कर रही है इनकी नीति इसी तरह चलती रही तो सरकार के अंजाम अच्छा नहीं होगा।

लखपति दीदी योजना से महिलाएं होगी आत्मनिर्भर एवं सशक्त

रायगढ़, 27 अगस्त। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लाखों लखपति दीदियों को प्रमाण-पत्र दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्व-सहायता समूहों को लोन भी जारी किया। जिससे देश भर के लाखों बहनों को लखपति दीदी बनाने में मदद होगी।

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिले में प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी के लाईव कार्यक्रम का आयोजन बिहान द्वारा गठित सभी 28 क्लस्टर और 400 से अधिक ग्राम संगठन में किया गया। जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने प्रोजेक्टर लैपटॉप और मोबाइल के माध्यम से उनके लाइव प्रसारण को देखा। इस दौरान लखपति महिला पहल अंतर्गत 2932 लखपति दीदियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। लखपति दीदी पहल के अंतर्गत केडर महिलाओं और जो महिलाएं लखपति की श्रेणी में आ गई हैं या आने वाली हैं उनको प्रमाण पत्र संकुल स्तरीय संगठन के माध्यम से दिया गया। लखपति दीदी पहल के अंतर्गत बिहान योजना की ऐसे ग्रामीण महिलाएं जो समूह से जुड़ी हैं और जिनके परिवार की वार्षिक आय 60 हजार से अधिक हैं उसको इस श्रेणी में रखा गया हैं।उल्लेखनीय है कि लखपति दीदी योजना खास तौर पर महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए शुरू किया गया है। इस योजना के द्वारा महिलाओं की आय में बढ़ोत्तरी के लिए लोन दिया जाता है। इसके साथ ही ट्रेनिंग, टेक्निकल मार्गदर्शन एवं उत्पादों की भी मार्केटिंग के बारे में जानकारी दी जाती है। रायगढ़ ब्लॉक में पीएम की फ्लेगशिप योजना लखपति पहल के तहत दीदी लोगों की प्रति तिमाही आजीविका रजिस्टर की एंट्री की जा रही हैं और उनके आय का ब्यौरा डिजिटल रजिस्टर के माध्यम से रखा जाता हैं। एंट्री हेतु लखपति सीआरपी का चयन हर ग्राम पंचायत में किया गया हैं। जिस दीदी की आय कम हैं उनका दूसरे विभाग से अभिसरण करके या उनको प्रशिक्षण दिलाकर उनके आय में वृद्धि करने सहयोग किया जा रहा हैं। रायगढ़ जिले में सभी 28 संकुल स्तरीय संगठन में पदाधिकारी दीदी द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण लखपति पहल की दीदियों को किया जा रहा हैं। इस अवसर पर सभी सीएलएफ के पदाधिकारी, जनपद पंचायत रायगढ़ के स्टॉफ, प्रदान संस्था, पीआरपीके मौजूद रहें।

सदस्यता अभियान हमें दो माह में पूरा करना है:शिवरतन

महासमुन्द, 27 अगस्त। 25 अगस्त को भाजपा के देशव्यापी सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा जिला कार्यसमिति की कार्यशाला, भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष,कार्यक्रम के मुख्यवक्ता, शिवरतन शर्मा जी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई । कार्यशाला के पूर्व,मुख्यवक्ता शिवरतन शर्मा जी के साथ सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरीं,प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया,सम्भाग एवम जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही,महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ,पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहु,पूर्व राज्यमंत्री पूनम चन्द्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा,जिला संगठन सह प्रभारी संध्या परगनिहा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंदजीत सिंह गोल्डी सहित मंचस्थ पदाधिकारियो ने भारतमाता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चना कर कार्यशाला का शुभारंभ किया । भाजपा के सदस्यता अभियान कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा के कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि हम सभी प्रदेश संगठन द्वारा दिए गए लक्ष्य को एकजुटता से कार्य करते हुए पूरा करेंगे । बूथ से लेकर जिला स्तर तंक के कार्यकर्ताओं को जिम्मेंदारी प्रदान करते हुए इस अभियान को पूर्ण किया जाना है । कार्यशाला में मार्गदर्शन के लिए मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष, शिवरतन शर्मा जी ने कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ताओं के त्याग,तपस्या और परिश्रम से पूरे विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी है । आज पूरे देश मे वातावरण भाजपा के अनुकूल है केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है और प्रदेश में भी विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में सुशासन की राष्ट्र और जनसेवा में समर्पित सरकार है । संगठनात्मक दृष्टिकोण से सदस्यता अभियान हमे 2 माह में पूरा करना है। 1 सितंबर को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो सदस्यता दिलाकर अभियान की शुरुआत करेंगे । प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य है । शिवरतन शर्मा ने बताया कि प्रथम चरण में सदस्यता टोली बूथ तंक पहुंचकर 200 सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करेंगे । द्वितीय चरण में व्यावसायिक, शैक्षिक,सार्वजनिक संस्थानों और कमजोर क्षेत्र वाले स्थानों में और तृतीय चरण में सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे। भाजपा के सांसद,विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों को सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया । जिन बूथों में भाजपा का मतदान प्रतिशत कम है वहा पर हमे विशेष फोकस करते हुए सदस्यता बढ़ानी है । सर्ववर्ग, सर्वसमाज की भागीदारी सदस्यता अभियान में हो । प्रधानमंत्री मोदी जी ने जिस विकसित भारत की कल्पना की है उसमे पार्टी के सभी सदस्यों की महती भूमिका होगी । सांसद रूपकुंमारी चौधरी ने उपस्थित कार्यकर्ताओ का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि महासमुन्द जिला सदैव संगठनात्मक कार्यो में अग्रणी रहा है । माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र की दिशा में तेजी से अग्रसर है और नवभारत के निर्माण में हम सभी सहभागी बने । सम्भाग एवम जिला प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही ने सदस्यता अभियान को लेकर अपने सम्बोधन में कहा कि 1 सितंबर से 31 अक्टूबर तंक हम सभी को अपनी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी समझकर सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पुरा करना है । भाजपा विश्व की सबसे बड़ी सदस्य संख्या वाली पार्टी है तो इसमें भाजपा के कार्यकर्ताओ की निष्ठा,मेहनत और लगन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना अहम रही है । हम सबको सम्पूर्ण विकसित ,अजेय भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए सदस्यता अभियान को सर्वग्राही और सर्वस्पर्शी बनाना होगा । विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने आगामी 30 अगस्त शुक्रवार को महामहिम राज्यपाल श्री रामन डेका के सिरपुर में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण एवम भ्रमण कार्यक्रम के पूर्व महासमुन्द आगमन की सूचना देते हुए बताया कि महामहिम राज्यपाल का आगमन 30 अगस्त को सुबह 9.30 बजे सर्किट हाउस लभरा में आगमन होना है । विधायक योगेश्वर सिन्हा ने कार्यकर्ताओ से इस अवसर पर उपस्तिथि की अपील किया है। कार्यक्रम के समापन अवसर में मंचस्थ अतिथियों द्वारा भाजपा कार्यालय में एक पेड़ मां के नाम से फल एवम छायादार पौधों का रोपण किया गया । कार्यशाला कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप चन्द्राकर एवम आभार जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मोनिका साहु ने किया । सदस्यता अभियान की कार्यशाला में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक परेश बागबाहरा,प्रीतम दीवान, रामलाल चौहान,त्रिलोचन पटेल,विधानसभा संयोजक चंद्रहास चन्द्राकर ,पिछड़ा वर्ग प्रदेशाध्यक्ष राकेश चन्द्राकर,जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल,वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ एन के अग्रवाल, छत्तरसिंह नायक,प्रेमशंकर पटेल अलका चन्द्राकर, सहित भाजपा के जिला पदाधिकारी ,मण्डलो के अध्यक्ष महामंत्री,जिला,जनपद,नगरपालिका,नगर पंचायत के अपेक्षित श्रेणी के प्रतिनिधिगण, मोर्चा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संयोजक उपस्थित थे ।

फैशन अफिनिटी मिसेज छत्तीसगढ़ 2024 के लिए बीजापुर की राजकुमारी का हुआ चयन

बीजापुर,27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बस्तर संभाग के बीजापुर जिले से ताल्लुक रखने वाली राजकुमारी सपके का चयन फैशन अफिनिटी मिसेज़ छत्तीसगढ़ 2024 सीजन 5 के लिए हुआ है। राजकुमारी सपके, जो वर्तमान में छत्तीसगढ़ महिला नगर सैनिक के रूप में नगर सेना कार्यालय बीजापुर में कार्यरत हैं, ने अपने क्षेत्र और सपनों को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।राजकुमारी सपके का परिचय- राजकुमारी सपके, उम्र 32, पति- श्री चिरंजीव सपके, बीजापुर के वार्ड क्र. 12, राउत पारा की निवासी हैं। उन्हें डांसिंग, एक्टिंग, ट्रेवलिंग और ग्रूमिंग का बहुत शौक है। बचपन से ही उनका सपना था कि वे फैशन शो और मॉडलिंग में अपनी पहचान बनाएं, लेकिन पिछड़े जिले से होने के कारण उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। परिवार की ज़िम्मेदारी के साथ साथ उनके इस संघर्ष की बदौलत वे आज फैशन इंडस्ट्री में अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही हैं। राजकुमारी सपके अपने जॉब के साथ-साथ वीएलसीसी से ब्यूटीशियन कोर्स भी कर रही हैं। फैशन अफिनिटी का हिस्सा बनकर उन्होंने अपने सपने को पूरा करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। उनका लक्ष्य है कि वे अपने क्षेत्र की उन महिलाओं की मदद करें, जिनमें प्रतिभा तो है लेकिन उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच की आवश्यकता है। फैशन अफिनिटी के निदेशक हर्षा राजपाल, डॉली शर्मा, रोहित त्रिपाठी, और आलोक गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का चयन अत्यंत कठिन कार्य है और सही प्रतिभाओं को चुनना और भी चुनौतीपूर्ण होता है। फैशन अफिनिटी का यह आयोजन उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो फैशन और मॉडलिंग की दुनिया में अपना नाम बनाना चाहते हैं। राजकुमारी सपके का इस प्रतियोगिता में चयन बीजापुर के लिए गर्व की बात है, उनके साहस, संघर्ष और संकल्प का प्रतीक है।

दही हांडी फोड़ने वाली टीम को समिति अध्यक्ष ने पुरस्कृत किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बचेली, 27 अगस्त। भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर बैलाडीला देव स्थान समिति एवं गायत्री परिवार किरंदुल के तत्वाधान में आयोजित कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर नगर के नन्हे बच्चों के लिए भगवान श्री कृष्ण जी और राधा मैय्या के बाल रूप का वेशभूषा प्रस्तुति तथा भजन संकीर्तन , भगवान श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव की विशेष पूजा अर्चना, महाआरती की गई। जन्मोत्सव के पश्चात नन्हे बच्चों के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण जी का दहीहंडी फोड़ने का भी कार्यक्रम हुआ इन नन्हें बच्चों की टीम को आयोजन समिति की ओर से प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा के कर कमलों से नगद राशि से पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर एनएमडीसी प्रबंधन के मुख्य महाप्रबंधक आदरणीय श्री संजीव साही जी सपत्नीक, महाप्रबंधक विद्युत श्री सुब्रमण्यम जी सपत्नीक ,उप महाप्रबंधक कार्मिक श्री बीके माधव जी सपत्नीक ,पुलिस थाना किरंदुल के थाना निरीक्षक श्री पी.आर.साहू जी एवं नगर के प्रतिष्ठित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं व्यावासायिक संस्थाओं के अध्यक्ष,सचिव ,पत्रकार नगर के गणमान्य नागरिक, मातृशक्तियों, भक्तजन सपरिवार सम्मिलित होकर सभी कार्यक्रमों से लाभान्वित एवं आनंदित हुए ।इस धार्मिक अध्यात्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन पश्चात उपस्थित नगर परिवार के श्रद्वालुओं को भगवान श्री कृष्ण जी का प्रसाद समिति की ओर से वितरण किया गया।कार्यक्रमों को सफल करने में सहयोग प्रदान करने वाले सेवादारों,समाज सेवकों, प्रबंधन, पुलिस प्रशासन, मिडिया/पत्रकार, व्यावासायिक संस्थाओं, समस्त धार्मिक , सामाजिक , सांस्कृतिक संस्थाओं के प्रमुखों एवं नगरपरिवार को आयोजन समिति की ओर से विशेष तौर पर धन्यवाद दिया गया

रायगढ़ कॉपी निर्माता संघ के निःशुल्क भोजन प्रसाद शिविर का शुभारंभ

रायगढ़, 27 अगस्त। भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व की खुशी में शहर के रायगढ़ कॉपी निर्माता संघ के सभी सदस्यों द्वारा विगत 27 वर्षों से निःशुल्क भोजन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक इस परंपरा के अंतर्गत आज गौरी शंकर मंदिर चौक, इंडियन गैस के बगल में सुबह 11 बजे भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर व उनको श्रद्धा का भोग लगाकर निःशुल्क भोजन प्रसाद का शुभारंभ समाजसेवी बजरंग लाल अग्रवाल, समाजसेवी पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं युवा समाजसेवी अनुप बंसल की विशेष उपस्थिति में किया गया।

हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण - निःशुल्क लगाए गए भोजन प्रसाद शिविर सुबह 11 बजे से रात तक चलता रहा।

जिसमें दूर दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से श्री हरि का प्रसाद ग्रहण किया।वहीं श्रद्धालु श्रीनाथ अग्रवाल ने बताया कि यह निःशुल्क भोजन प्रसाद शिविर 26 अगस्त की रात तक अनवरत चलता रहेगा।

जिले में करीबन 3000 लोगों को अब तक अप्राप्त है भुगतान राशि : कमलेश

बीजापुर,27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तेंदूपत्ता संग्रहण की राशी भुगतान को लेकर धनोरा समिति के सैकड़ों ग्रामीण सीपीआई नेता कमलेश झाड़ी के नेतृत्व में जिला वनमण्डल अधिकारी कार्यालय पहुंचे लेकिन मौके पर अधिकारी मौजुद नही थे वे दौरे पर थे।वहीं सीपीआई नेता से फ़ोन पर चर्चा उपरांत डीएफओ ने इस मामले को जल्द देखने की बात कही और सम्बन्धित शाखा में लेटर छोड़ने को कहा।जहां सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने मिडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, बस्तर का हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता का पैसा ग्रामीणों को अबतक नही मिलना बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। जिसे लेकर प्रशासन और मौजूदा सरकार में कोई गंभीरता नही है। चूंकि यह अतिपिछड़ा आदिवासी इलाका है। यहां के आदिवासियों के आय का प्रमुख साधन तेंदू पत्ता ही है इन पैसों से ही कृषि कार्य एवं बच्चों के पढ़ाई का खर्च भी संपूर्ण हो पाता है।पर दुर्भाग्य की बात यह है कि इन सारी समस्याओं को लेकर आदिवासी हितों के लिए मौजूदा छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार बिल्कुल गंभीर नही है।वहीं सीपीआई नेता ने आगे कहा कि आज ग्रामीणों ने 10 दिनों का सम्बन्धित विभाग को अल्टीमेटम दिया है। समयावधि में राशी का भुगतान नही होनी पर, आंदोलन होगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

बस्तर के सांसद का पटनम में स्वागत

बीजापुर,27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर जिले के तीन दिवसीय दौरे के प्रवास के दौरान आज बस्तर के लोकप्रिय सांसद माननीय श्री महेश कश्यप जी पहली बार पहुंचे बीजापुर जिले के अंतिम छोर तरलागुड़ा, भद्रकाली, भोपालपटनम, सैंड्रापल्ली, मद्देड जहां स्थानीय जनता ने जगह- जगह किया ढोल नगाड़ों, फूल माला वा तिलक वंदन कर किया भव्य और ऐतिहासिक स्वागत।क्षेत्र की जनता द्वारा सांसद जी के लोक सभा में रेल लाइन की सफल मांग होने पर आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। पश्चात माननीय सांसद जी ने सभी को धन्यवाद व्यक्त किया।इस दौरे के बीच अनेक ग्रामों में भाजपा की महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित हुआ।इस दौरान माननीय सांसद श्री महेश कश्यप जी के साथ भाजपा संगठन बीजापुर से भाजपा के जिलाध्यक्ष माननीय श्रीनिवास मुदलियार जी, भाजपा के वरिष्ट नेता बस्तर भाजपा प्रभारी जी. वेंकट जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एसटी मोर्चा श्री सुखलाल पुजारी जी,कोषाध्यक्ष श्री संजय लुंकड़ जी, जिला महामंत्री श्री सत्येंद्र ठाकुर जी, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री जिला राम राना जी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष श्री घासीराम नाग जी,जिला मंत्री श्री जागर लक्ष्मैया जी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री नंदकिशोर राना जी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष श्री बलदेव उरसा जी, जिला मंत्री श्री राकेश केतारप जी समेत जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, देव तुल्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

पचास साल में पहली बार मतदान से होगा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष का चुनाव

पत्थलगांव, 27 अगस्त। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष का चुनाव इस बार मतदान के जरिये संपन्न कराया जा रहा है,इससे पूर्व समाज के लोगो की आपसी सहमति के आधार पर दो वर्ष के लिए अग्रवाल सभा का अध्यक्ष बनाया जाता था,परंतु इस बार अध्यक्ष पद के लिए सात अग्र बंधुओ के नाम आने की वजह से आपसी सहमति मे शुरू से ही अडचन उत्पन्न हो रही थी,नाम वापसी के दिन पांच लोगो ने अपना समर्थन अन्य प्रत्याशियों को देकर अपना नाम वापस ले लिया था,जिसके बाद अग्रवाल सभा के अध्यक्ष के लिए प्रयागराज अग्रवाल एवं परशुराम अग्रवाल दो नाम बाकी रह गये थे,इन दोनो नामो के बीच भी सहमति के लिए प्रस्ताव दिया गया,परंतु दोनो ने अपने नाम की प्रमुखता के साथ अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी प्रस्तुत कर दी,जिसके बाद अग्रवाल सभा के सरंक्षको ने दोनो ही प्रत्याशियों के बीच चुनाव के जरिये सभा का अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया। ऐसा अग्रवाल सभा के इतिहास मे पहली बार होने जा रहा है,जब अध्यक्ष का चुनाव मतदान के जरिये कराया जायेगा। विगत बावन् वर्षो से शहर मे अग्रसेन जयंती का आयोजन किया जा रहा है,जानकारो के अनुसार बावन साल से ही अग्रवाल सभा मे अध्यक्ष पद सुशोभित होते आया है,हर दो वर्ष के बाद अग्र बंधुओ की आपसी सहमति से यह पद मनोनित कर दिया जाता था,अब 31 अगस्त दिन शनिवार को अग्रवाल सभा के नये अध्यक्ष के लिए मतदान की प्रक्रिया संपन्न करायी जायेगी,जिसके लिए विगत वर्ष 2022-23 के दौरान अग्रसेन जयंती संपन्न कराने मे सहयोग राशि देने वाले अग्र बंधुओ द्वारा दोनो प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला सामने लाया जायेगा।।

घर-घर जाकर मांगे जा रहे वोट-:अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पद पर दावेदारी मजबुत करने वाले दोनो ही प्रत्याशियों द्वारा अब अग्र बंधुओ के घर-घर जाकर अपने पक्ष मे मतदान की अपिल की जा रही है। वर्ष 2022-23 मे सहयोग राशि प्रदान करने वालो की संख्या के अनुसार कुल 297 अग्र बंधुओ द्वारा दोनो प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला तय किया जायेगा। दोनो ही प्रत्याशी अपने समर्थको के साथ अग्र बंधुओ के घर पहुंचकर अपने पक्ष मे मतदान करने की अपिल कर रहे है।।

प्री वेडिंग समाप्ति की होगी पहल-:अग्रवाल समाज मे लंबे समय से कुछ कुरितियो ने घर बसाया हुआ है,जिसमे इन दिनो सबसे ज्यादी परेशानी विवाह उत्सव से पूर्व प्री वेडिंग के प्रचलन से हो रही है,इस कुप्रथा के कारण मधुर संबंध बनने से पहले ही अनेक बार बिगडने की कगार पर पहुंच रहे है,अग्रवाल सभा का अध्यक्ष के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने वाले प्रयाग राज अग्रवाल ने समाज की इस कुप्रथा को रोकने की पहल पर अपना प्रथम प्रयास बताया। उनका कहना था कि बच्चो के संबंध शुरू होने से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंच रहे है,जिसे रोकने के लिए वे पूरा प्रयास करेंगे। उनके इस घोषणा से समाज के एक बडे वर्ग मे हर्ष की लहर है।

शांतिपूर्वक हुई व्यापम की प्रयोगशाला सहायक एवं तकनीशियन की परीक्षा

रायगढ़, 27 अगस्त। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 25 अगस्त 2024 को दो पाली में प्रातः 10 से दोपहर 12.15 बजे तक प्रयोगशाला सहायक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 4.15 बजे तक प्रयोगशाला तकनीशियन के लिये भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें रायगढ़ जिले में सुबह की पाली में 21 परीक्षा केंद्र प्रयोगशाला सहायक परीक्षा के लिये एवं शाम की पाली में 17 परीक्षा केंद्र प्रयोगशाला तकनीशियन परीक्षा के लिये बनाये गये थे। उपरोक्त परीक्षाओ में जिले में सुबह की पाली हेतु निर्धारित 21 परीक्षा केंद्रों में कुल 6223 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 2550 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 3673 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह शाम की पाली में निर्धारित 17 परीक्षा केंद्रों में कुल 4767 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमे 1850 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 2917 प्रशिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। उपरोक्त परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर रायगढ़ द्वारा महेश शर्मा डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ को नोडल अधिकारी एवं भुवनेश्वर पटेल एपीसीए समग्र शिक्षा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया था।

कृष्णा पामभोई क्लब के पदाधिकारियों ने फॉर्म बीपीएल लांच किया

भोपाल पटनम, 27 अगस्त। @ IPL के तर्ज़ पर बीपीएल बीजापुर प्रीमियर लीग सीजन 3 श्री कृष्णा पामभोई क्लब भोपालपटनम के तत्वाधान में ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता कराया जाना है जिसमें बीजापुर जिले के 150 से अधिक खिलाड़ी क्क्क का फॉर्म भरेंगे फार्म के आधार पर खिलाड़ियों का नीलामी किया जाएगा नीलामी के लिए 8 टीमों ने भाग लिया 1 डेजलर स्टार भोपालपटनम 2 जय भैरमदेव ब्लास्टर 3 नीलम सराई फाइटर्स 4 फीयरलेस फाइटर 5 मनवा किंग बीजापुर 6 इलमिडी वारियर्स 7 नैमेड राइडर्स 8 चक्क्र 11 ये सभी टीम मालिक प्रत्येक खिलाड़ी के लिए बोली लगाएंगे कृष्णा पामभोई क्लब के अध्यक्ष ए रविन्द्र ने कहा कि यह बहुत बड़ा मंच है जिले के खिलाड़ियों के लिए इसमें युवा खेल के लिए आगे आएंगे और आगे चलकर जिले का नाम रोशन करेंगे साथ ही बीजापुर जिले में पहली बार क्रिकेट मैच यूट्यूब लाइव के माध्यम से कराया जाएगा जिसमें आगे चलकर खिड़की और बढ़-चढ़के हिस्सा लेंगे और दर्शक भी अपने घर बैठकर लाइव मैच का लुत्फ उठाएंगे।

पालनार कैम्प के आसपास के 31 युवाओं ने अमित शाह से की मुलाकात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर 27 अगस्त । माओवादी आतंक से प्रभावित बीजापुर जिले के पालनार कैम्प के आस-पास के 5 गांव के 31 युवाओं ने आज केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से नवा रायपुर में मुलाकात की। इनमें से कई युवा पहली बार बीजापुर से निकलकर राजधानी रायपुर आये हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय, उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा एवं वन मंत्री श्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे। केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने इन बच्चों से हाल-चाल पूछा और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इन बच्चों ने राजधानी रायपुर के भ्रमण के दौरान पुरखौती मुक्तागन, महानदी भवन मंत्रालय, मीवान स्टील प्लांट, मैग्नेटो मॉल, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, पुरखौती मुक्तांगन, रेलवे स्टेशन और मैग्नेटो माल का भ्रमण किये। 23 अगस्त की रात से यह युवा रायपुर पहुँचे हैं। युवा कल गंगरेल बांध घूमते हुए वापस बीजापुर लौट जाएँगे।गौरतलब है कि पालनार सुरक्षा कैम्प के आस-पास के इन बच्चों के गांवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत सड़क, बिजली पानी राशन, स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत सुरक्षा कैम्प के पांच किलोमीटर की परीधि के गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है। बीजापुर जिले के सुरक्षा कैम्पों के पास के 33 गांवों में नियद नेल्लानार योजना संचालित की जा रही है।बीजापुर जिला प्रशासन की पहल पर पालनार कैम्प के पास के इन गांवों के बच्चों को राजधानी रायपुर में औद्योगिक विकास सहित रोजगार के क्षेत्र में नए नए अवसर एवं विकास की सभी गतिविधियों से परिचित कराया गया है। इससे इन युवाओं में नए उत्साह का संचार दिख रहा है। ये युवा अब रोज़गार मूलक गतिविधियों से जुड़कर अपना नया और सुंदर भविष्य बनाना चाहते हैं।

श्याम बगीची की चित्ताकर्षक झांकियां देखने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

रायगढ़, 27 अगस्त। भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व की खुशी में शहर के श्री श्याम मंडल अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल लेन्ध्रा के विशेष मार्गदर्शन में समिति के सदस्यों ने इस बार भी ऐतिहासिक एवं भव्य पांच दिवसीय 24 से 28 अगस्त तक श्री कृष्ण जन्माष्टमी झूला उत्सव का आयोजन किया है। जिसका शुभारंभ श्री श्याम मंडल के इतिहास में पहली बार विगत 24 अगस्त को शाम पांच बजे बनारस से पधारे सुप्रसिद्ध संत श्री श्री 1008 चैतन्य श्री अग्निशिखा जी महाराज जी ने अत्यंत खुशनुमा

रक्षाबंधन पर बंधी राखियों को चढ़ाकर मनाई गई गोगा नवमी

जन्माष्टमी के दूसरे दिन संतान की लंबी आयु व सुख-समृद्धि के लिए रखा गया व्रत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 27 अगस्त। जन्माष्टमी के दूसरे दिन गोगा नवमी के रूप में गोगा की पूजा कर रक्षाबंधन पर बंधी राखियों को चढ़ा कर पूजा की गई। संतान की लंबी आयु के लिए गोगा नवमी के दिन व्रत रखा गया।गोगा नवमी की सुबह यानी 27 अगस्त, मंगलवार को स्नान आदि करने के बाद गोगादेव की प्रतिमा या तस्वीर साफ स्थान पर स्थापित की गई।सबसे पहले गोगादेव को रोली, चावल, पुष्प, गंगाजल चढ़ाया गयां। इसके बाद खीर, चूरमा, या हलवे का भोग लगाया गया। चने की दाल भी चढ़ाई गई।इसके बाद दीपक जलाकर, फूलों का हार पहनाया गयां। मन में इच्छा कर गोगा देव प्रार्थना की गई कि वह उसे पूरा करें मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से नागों के देव गोगा महाराज की पूजा करते हैं उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से जीवन के हर कष्ट दूर हो जाते हैं और सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है.

गोगा का त्योहार: भाद्रपद मास जन्माष्टमी के दूसरे दिन गोगा नवमी का पर्व मनाया गया। इस दिन गोगादेव की पूजा की गई। गोगादेव राजस्थान के लोकदेवता हैं, इनकी पूजा मध्य प्रदेश सहित छत्तीस गढ़ में भी राजस्थानी परिवार के अलावा अन्य प्रदेशों में भी होती है।

गोगादेव भी इनमें से एक हैं। हर साल भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को गोगा नवमी का पर्व मनाया जाता है। इस दिन गोगादेव की पूजा मुख्य रूप की जाती है। वैसे तो गोगादेव राजस्थान के लोकदेवता है, लेकिन अन्य प्रदेशों में भी इनके काफी भक्त रहते हैं। मान्यता है कि जो गोगादेव की पूजा करता है, उसे सर्प भय से मुक्ति मिलती है।

गोगा नवमी और इससे जुड़ी खास बातें: गोगदेव से जुड़ी अनेक कथाएं राजस्थान में प्रचलित है। उसके अनुसार, गोगादेवजी विक्रम संवत 1003 में चौहान राजवंश में हुआ था।

- » जिस दिन गोगादेव का जन्म हुआ, उस दिन भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि थी, इसलिए हर साल इसी दिन गोगा नवमी का पर्व मनाते हैं।
- » गोगादेव के पिता ठाकुर जेवरसिंह और माता बाछल कंवर था। गोगदेव के कई नाम हैं जैसे गोगाजी, गुग्गा वीर, जाहर वीर आदि।
- » गोगादेव गुरु गोरखनाथ के परम शिष्य भी थे। इन्हें सांपों के देवता के रूप में भी पूजा जाता है। इनकी पूजा से सर्प भय नहीं रहता।
- » हर साल गोगा नवमी पर राजस्थान के गोगामेढ़ी में मेला लगता है, जहां सभी धर्म के लोग गोगादेव की पूजा करते हैं।
- » जो व्यक्ति गोगादेव की पूजा पूरी श्रद्धा और भक्ति से करता है, उसे योग्य संतान की प्राप्ति होती है, ऐसी मान्यता है।

समाचार संक्षेप

पचपेड़ी में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में अजय चंद्राकर ने किया पौधरोपण

भखारा, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एक पेड़ मां के नाम के तहत भखारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पचपेड़ी में कुरूद विधायक व पूर्व केबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, आस- पास के ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के द्वारा पचपेड़ी स्थित 3 एकड़ क्षेत्र में 10 हजार पौध रोपण किया गया। जिसमें जाम, जामुन, नीम, टिकोमा, सिंदूरी, अर्जुन, आम, सीताफल, इमली, आंवला एवं अन्य प्रजातियों के मिश्रित पौधों का रोपण किया गया। उक्त कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, संयुक्त वनमंडलाधिकारी मनोज विश्वकर्मा, संलग्नाधिकारी बी.के लकरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी ओमकार सिन्हा, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुरुद महेन्द्र रघुवंशी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण धमतरी राकेश कुमार तिवारी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर धमतरी हरीश देवांगन, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी मोगरागहन राजेश वर्मा, अर्जुन लाल निर्मलकर सी एफओ, सालिक राम साहू सी एफ ओ, लक्ष्मीकांत साहू बी एफओ कुरुद, शशिकांत साहू बी एफओ, हर्ष सिन्हा बी एफओ, नारायणी बारला बी एफओ, गुनेश्वरी साहू बी एफओ, राकेश रणसिंह, दीपक टंडन, डेमन निर्मलकर, बंटी जाधव, हेमचंद सिन्हा, रमेश साहू, कोमल चेलक, गिरधारी एवं वन विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। इस मौके पर महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा नीम पौधों का वितरण किया गया।

हार-जीत खेल का हिस्सा, हारने पर निराश न हों पूरे उत्साह से करें आगे की तैयारी : शिवरतन

हतबंध, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्रतिस्पर्धा मनुष्य के अंदर आत्मविश्वास जगाता है। विपरीत परिस्थितियों में डंटकर मुकाबला करना सीखाता है, खेल में किसी एक की जीत होती है। बाकी लोग हारते हैं, हारने पर निराशा न हो बल्कि अगली तैयारी पूरे उत्साह से करें, जीत का सेहरा आप पर चढ़ेगा। उक्त विचार जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा छ ग ने समापन अवसर पर व्यक्त किए। केसदा में आयोजित बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 5संकुल, 13 विद्यालयो के 142 बच्चौ ने भाग लिया।। अध्यक्षता निजाम सिंह वर्मा प्रभारी प्राचार्य केसदा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री किरण ध्रुव सरपंच केसदा, श्याम कुमार कश्यप उप सरपंच, डॉ ऋष्ण कुमार नायक केन्द्रीय अध्यक्ष मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज क्षत्रिय समाज रायपुर, संतराम वर्मा अध्यक्ष शाला विकास समिति, मुबारक हुसैन अध्यक्ष सद्भावना मंच सिमगा भाटापारा परिक्षेत्र, मूगेलाल पनिहार पूर्व सरपंच, आनंद यादव पूर्व जनपद अध्यक्ष सिमगा, छगनलाल वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि, उपस्थित थे। खेल कूद में खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद, तवाफेक, गोला फेंक, 100, 200, 400, 600 मीटर दौड़, शामिल थे।ग्राम भारती के 15आचार्य दीदी गणों ने निर्णायक की भूमिका निभाई। खेलकूद प्रभारी संतोष चक्रधारी, थे मंडल अध्यक्ष केजू बघेल, प्रैमलता बिसैन, भारती सिंह के उपस्थिति में प्रतियोगिता सानंद सम्पन्न हुआ।विजयी खिलिडियो को शील्ड, मेडल से नवाजा गया। सम्पूर्ण आयोजन को सफल बनाने में संजू निर्मल कर, चोवाराम वर्मा, घनश्याम निर्मलकर सरस्वती शिशु मंदिर केसदा के स्टाफजिले से आये आचार्य, दींदीई गणों ने विशेष योगदान दिया।

29 अगस्त को जिले में मनाया जायेगा कृमिमुक्ति दिवस

बलौदाबाजार, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम अंतर्गत 29 अगस्त को जिले के सभी आंगनवाड़ी, शासकीय अशासकीय तथा अनुदान प्राप्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, मदरसे, निजी स्कूल, केंद्रीय और नवोदय विद्यालयों में 1 से 19 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों और किशोर -किशोरियों को कृमि नाशक दवाई एल्बेंडाजोल 400 मिग्रा का सेवन कराया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने दी। उन्होंने बताया कि, छूटे हुए बच्चों के लिए मॉप अप दिवस 4 सितंबर निर्धारित किया गया है। इसमें 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली चूरा कर पानी में मिलाकर चम्मच में देना है। 2 से 3 वर्ष को पूरी एक गोली चूरा बना कर पानी में, जबकि 3 से 5 तथा 5 से 19 वर्ष तक को एक पूरी गोली चबा कर पानी के साथ सेवन करना है। पेट में दर्द, कमज़ोरी, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, खून की कमी ये कुछ लक्षण हैं जो कृमि संक्रमण को प्रकट करते हैं। संक्रमित भोजन, साफ-सफाई न रखना, पालतू जानवरों से यह संक्रमण हो सकता है। कृमि कई प्रकार के होते हैं जिसमें से टेपवर्म, राउंडवॉर्म, पिनवर्म या थ्रेडवर्म और हुकवर्म प्रमुख हैं।

30 पाव अवैध देशी प्लेन शराब के साथ महिला गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ऑपरेशन विश्वास के तहत चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों, जुआ, शराब, सट्टा आदि अनैतिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 26.08.2024 को मुखबिर सूचना पर चौकी करहीबाजार से प्रधान आरक्षक हितेंद्र सोनी, आरक्षक प्रकाश सिंह, टिकेश्वर गायकवाड, खुमान साहू की पुलिस पुलिस टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर ग्राम ओटेबंद में अवैध रूप से शराब बेचने वाली आरोपिया कुमारी बाई उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम ओटेबंद को पकड़ा गया। आरोपिया से 30 पाव देसी मदिरा मसाला शराब, कीमती ?2700 जप्त किया गया है। आरोपिया के विरुद्ध चौकी करहीबाजार में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर, न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए, जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

एक नजर

शुष्क दिवस में भी शराब की अवैध बिक्री, विभाग संदेह के दायरे में

सिमगा, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आज 26, अगस्त को राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा शुष्क दिवस घोषित किया गया है। किन्तु इस आदेश का उल्लंघन करते हुए सिमगा थाना क्षेत्र के ढाबा संचालकों एवं कोचियों द्वारा बिना डर, भय, के अवैध शराब की खुलेआम बिक्री की जाती रही है क्षेत्र के सभी ढाबों एवं कोचियों के ठिकानों पर शराब की गंगा बह रही थी। इस दौरान शासन एवं आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की बिक्री पर नजर रखने के लिए जिला कार्यालयों एवं संभागीय, राज्य स्तरीय उड़न दस्ता एवं गठित की गई विशेष जांच दल का कोई नामो निशान नहीं था। नाम नहीं छापने के शर्त पर कुछ अवैध शराब विक्रेताओं ने बताया कि उनके द्वारा आबकारी विभाग के नौकरशाहों को महिने में बंधी बंधाई मोटी रकम दी जाती है जिससे कि उन्हें किसी प्रकार का भय, डर, नहीं रहता जिससे कि वे बेखौफ़अवैध शराब की बिक्री करते हैं। बताते चलें कि शुष्क दिवस के पहले शराब भट्ठी के मैनेजर द्वारा क्षेत्र के ढाबा संचालकों एवं कोचियों को ओवर रेट में भारी तादाद में अवैध शराब सप्लाई की जाती है। जिससे कि गांव गांव में मारपीट, लड़ाई झगड़े अशान्ति का माहौल पैदा होता है, हमेशा शांति भंग की आशंका बनी रहती है।

हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप ने जरूरतमंद को उपचार के लिए प्रदान की सहायता राशि

सिमगा, 27 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम लोहरसी निवासी लखन लाल पटेल द्वारा अपनी भतीजी कु.लावण्या पटेल जो कि थैलेसीमिया जैसी गंभीर रोग से ग्रस्त है। इस बच्ची का ईलाज उनके माता-पिता बैंगलोर में रहकर करा रहे हैं ऐसी जानकारी दी गई है।उसके ईलाज के लिए डाक्टरों के द्वारा अनुमानित 20 लाख रुपए का प्राक्कलन तैयार किया गया है। परिवार आर्थिक रुप से इतनी बड़ी राशि का व्यवस्था करने में अक्षम है।अतः सोशल मीडिया के मदद से सहयोग की अपील की गई थी।इसकी जानकारी ग्रुप सदस्य द्वारा श हेल्पिंग हैंड चैरिटी ग्रुप छुरा को दी गई। जिसके समुचित जांच उपरांत कु.लावण्या पटेल के लिये उनके चाचा लखन लाल पटेल को ग्रुप के द्वारा 20000/-(बीस हजार रुपए) का चेक व ग्रुप के कुछ विशिष्ट सदस्यों के द्वारा नीजी रुप से अतिरिक्त सहयोग 16000/-प्रदान किया गया। ग्रुप के द्वारा दोनों राशि को मिला कर ग्रुप के द्वारा 36000/- छत्तीस हजार रुपए का चेक ग्रुप के सदस्य श्री अमिताभ जैन के द्वारा दिया गया।बच्ची के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना समस्त सदस्यों के द्वारा की गई है।यह जानकारी ग्रुप के सचिव लक्की मेमन द्वारा दिया गया है।विदित हो कि जनसेवा ही प्रभुसेवा है के उक्ति को चरितार्थ करता हुआ यह ग्रुप गरियाबंद जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित और आर्थिक रुप से अक्षम लोगों को आर्थिक सहयोग राशि चेक के माध्यम से प्रदान करता है।इस सेवा कार्य में गरियाबंद जिले सहित अन्य जिलों के लगभग 180 सेवाभावी सदस्य जुड़े हुए हैं, जो प्रतिमाह अपना अंशदान ग्रुप को ऐसे सेवा कार्य के लिए प्रदान करते हैं।ग्रुप का एकमात्र उद्देश्य है कि राशि के अभाव में कोई जरुरतमंद ईलाज से वंचित ना रहे।वर्तमान में सिर्फगरियाबंद जिले के जरुरतमंदों को ही इस ग्रुप द्वारा उपचार हेतु आर्थिक सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की जाती है।भविष्य में इसका दायरा बढ़ाये जाने की योजना है।साथ ही निकट भविष्य में रक्तदान और वृक्षारोपण के क्षेत्र में काम करना ग्रुप का लक्ष्य रहेगा।

अंचल में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण-राधा का रूप धारण कर मोहा सबका मन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 27 अगस्त। ग्राम अंवरी सहित अंचल के गॉवो में गिरधर गोपाल श्रीकृष्ण का जन्माष्टमी पर्व का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।सुबह से ही भक्तिमय वातावरण बना रहा। विभिन्न स्थानों व मंदिरों में कृष्णभक्ति मय गीतों की गूंज उमड़ती रही साथ भजन कीर्तन जारी रहा।श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मुरली मनोहर की आराधना की। घरों में नन्हे-मुन्हे बच्चों में कृष्ण-राधा का रूप धारण कर सबका मन मोहा। घरों में लड्डू गोपाल कृष्ण की पूजा आराधना विधिवत की गई और प्रसादी भोग लगाकर जनकल्याण की कामना की गई। विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ दही हांडी स्पर्धा चल रही है।

अंवरी निवासी थानेश्वर साहू ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी जिसे जन्माष्टमी वा गोकुलाष्टमी के रूप में भी जाना जाता है, एक वार्षिक हिंदू त्योहार है जो विष्णुजी के दशावतारों में से आठवें और चौबीस अवतारों में से बाईसवें अवतार श्रीकृष्ण के जन्म के आनन्दोत्सव के लिये मनाया जाता है।प्रतिवर्ष परंपरानुसार कृष्ण पक्ष के आठवें दिन (अष्टमी) को भाद्रपद में मनाया जाता है। पुराणों के मुताबिक श्रीकृष्ण त्रिदेवों में से एक भगवान विष्णु के अवतार हैं। कृष्ण के आशीर्वाद और कृपा को पाने के लिए हर साल लोग इस दिन व्रत रखते हैं, मध्य रात्रि में विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं। भजन कीर्तन करते हैं, और जन्मोत्सव मनाते हैं। इस दिन के लिए मंदिरों को विशेष तौर पर सजाया जाता है। कुछ स्थानों पर जन्माष्टमी पर दही-हांडी का भी उत्सव होता है।

जन्माष्टमी पर भक्त श्रद्धानुसार उपवास रखते हैं। भगवान श्रीकृष्ण की विशेष पूजा अर्चना की जाती हैं। बाल गोपाल का जन्म मध्य रात्रि में हुआ था। इसलिए जन्माष्टमी की तिथि की मध्यरात्रि को घर में मौजूद लड्डू गोपाल की प्रतिमा का जन्म कराया जाता है। फिर उन्हें स्नान कराकर सुंदर वस्त्र धारण कराए जाते हैं। फूल अर्पित कर धूप-दीप से वंदन किया जाता है। कान्हा को भोग अर्पित किया जाता है। उन्हें दूध-दही, मक्खन विशेष पसंद हैं। इसलिए भगवान को भोग लगाकर सबको प्रसाद वितरित किया जाता है।

ग्राम अंवरी में रिमझिम बारिश के फुहारों में महामाया मंदिर से श्री कृष्ण की झांकी निकाला गया जो कि गांव में चौक चौराह में बांधे हुए मटकी को कृष्णा द्वारा फोड़ा गया कृष्ण भक्तों ने बाजा गाजा डीजे के साथ महामाया मंदिर से गौशाला चौक होते हुए बजरंग चौक तक सभी गली भ्रमण कराया घर घर से माताओं बहनों ने अपने घर से थाली सजा का श्री कृष्ण की आरती पूजा अर्चना करते रहे।

कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 27 अगस्त। छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज सेमरा पाली के तत्वाधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को ग्राम सिलघट स्थित यादव समाज भवन में कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसमें श्री कृष्ण कथा पूजा संपन्न होने पश्चात यादव समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई समाज की महिलाएं कलश के साथ बड़ी संख्या में सम्मिलित रही उक्त शोभायात्रा से ग्राम सिलघट की गली, मोहल्ले जय यादव, जय माधव, जय श्री कृष्ण व राधे-राधे से गुंजा उठा इस अवसर पर अतिथि सम्बोधन व प्रसादी वितरण का भी कार्यक्रम हुआ इस अवसर पर सेमरा पाली अध्यक्ष बिरसिंग यादव,उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव,सह अध्यक्ष सनत यादव,सचिव राजेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष खूबलाल यादव, झम्मन यादव, संरक्षक थानसिंग यादव, अमरसिंग यादव, गंभीर यादव, मनोहर यादव, बिसाहू यादव, रेखराम यादव, नैनसिंग यादव सहित सामाजिक गण उपस्थित रहे।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मानस मंदिर में सोल्लास मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 27 अगस्त। जगत के पालनहार सृष्टि के रचयिता लीलाधारी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मानस मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मानस यज्ञ समिति के मार्गदर्शन में इस वर्ष पूरे नगर में श्री राधा कृष्ण और गोप गोपियों की टोली मटकी फोड़ के लिए गाजे बाजे के साथ हांडी फोड़ कार्यक्रम हुआ वापसी पश्चात मानस मंदिर में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं और नगर से आए हुए छात्र-छात्राओं कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण पर आधारित गीतों पर एकल युगल सामूहिक भाव नृत्यों की प्रस्तुति हुआ सभी प्रतिभागियों को आयोजन समिति द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिया गया।श्री कुंज बिहारी गौशाला समिति खुशरूपाली द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रस्तुति सहभागिता के लिए तीन विद्यालय को शील्ड प्रदान किया जाएगा। रात्रि 9:30 से शिक्षक मानस परिवार द्वारा भजन कीर्तन के साथ मध्य रात्रि 12:00 बजे आतिशबाजी के साथ श्रीकृष्ण प्रकट उत्सव मनाया जाएगा एवं मंदिर पुजारी यज्ञेश पांडेय के सानिध्य में पूजा आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम मार्गदर्शक ओंकार शाह, यशपेंद्र शाह, बजरंग पांडेय, के मार्गदर्शन में गोपाल सोनी, शीतल ध्रुव, निखिल साहू, नीरज नायक, अखिल चौबे, शैलेंद्र दीक्षित, मोनू सेन, मिथलेश सिंहा, उज्जवल जैन एवं शिक्षक मानस परिवार कार्यक्रम का संचालन अर्जुन धनंजय सिंन्हा ने किया। कार्यक्रम में टंकेश्वर देवांगन, विशेश्वर कंवर, गणेशुराम साहू ईश्वर, विक्कू चंद्राकर, मेश पांडे तथा शिक्षक मानस परिवार विनोद देवांगन, हीरालाल साहू, मनहरण पटेल, पुखराज ठाकुर, कैलाश पटेल, केशव साहू, ललित वर्मा, भोला पांडे, लीलाधर ध्रुव, तुलेश्वरी, ममता, अभिषेक पांडे, पुरैना संतोष वर्मा, रूपनाथ बंजारे, पुनितराम ठाकुर, शिव ठाकुर, मायाराम साहू, संतोष सोरी, मनोज पटेल, आत्मा राम ठाकुर, महिला मंडल धर्म प्रेमी सभी विद्यालय के शिक्षक गण आचार्य गण विद्यार्थी गण भारी संख्या में उपस्थित थे।

10 सितंबर ओबीसी दिवस की तैयारी को लेकर बनी रणनीति

चेतन को जिला व राजेश को ब्लाक अध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 27 अगस्त। आजादी के महज 25 दिनों के बाद महात्मा गांधी की आव्हान पर राम लखन चंदापूरी और चूलहाई राम के नेतृत्व में ओबीसी आंदोलन की नींव रखी गई। उस समय में जातीय असमानता की बहुत बड़ी खाई थी। चूल्हाई राम ने समाज में समानता लाने और भेदभाव को दूर करने के उद्देश्य से सामूहिक भोज जैसे कार्यक्रम के माध्यम से आगे बढ़ने लगे जिसे देख सामंतियों को बरदाश्त नहीं हुआ और चूल्हाई राम के दोनों कान कटवा दिए। जवाब में उनके समर्थकों ने भी सामंतियों के इलाके को आग के हवाले कर दिया। यह 50 के दशक की बहुत बड़ी घटना थी। शहीद चूल्हाई राम साहू के शहादत के याद में लगातार 10 सितंबर को ओबीसी दिवस मानते आ रहे हैं। ओ.बी.सी. संयोजन समिति प्रदेश नेतृत्व में इस वर्ष बालोद जिले में यह कार्यक्रम आयोजित है। जिला धमतरी संगठन ने भी कुरूद के तहसील साहू समाज भवन में रविवार को बैठक कर ओबीसी दिवस की सफल संचालन के लिए रणनीति बनाई।संस्थापक व अधिवक्ता शत्रुहन साहू के दिशा निर्देश में प्रदेश कार्य. अध्यक्ष टिकेश्वर साहू ने ग्राम मड़ेली निवासी चेतन साखरे को सम्मति से जिला अध्यक्ष का नया कार्यभार सौंपे। चोवाराम साहू को धमतरी जिले के संरक्षक का दायित्व दिया गया है। राखी निवासी राजेश साहू को कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष का नया दायित्व दिया गया है। नव नियुक्त जिला अध्यक्ष साखरे ने इस कार्यक्रम में जिलेवासियों से जन धन की निवेदन करते हुए उपस्थिति की अपील किए हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक शैलेंद्र कुमार साहू, अविनाश साहू, लेकेश कुमार साहू, कुरूद ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, भखारा ब्लॉक अध्यक्ष सदानंद साहू, आशीष साहू, जीवन साहू, बुधराम साहू, मिलाप चन्द्राकर, डेरहू राम साहू, देवलाल साहू, लीलाराम साहू, कमल नारायण साहू, पूनारद साहू की उपस्तिथि रहा।

एक नजर

ऑफिस से नकदी व ढाई लाख का सामान पार

रायपुर, 27 अगस्त। जयराम कॉम्पलेक्स मौदहापारा स्थित ऑफिस का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 95 हजार सहित 3 नग डेल एवं एचपी का लेपटाप, प्रिंटर व 3 नग मोबाइल फोन पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी साहेल जैन 32 वर्ष महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी का जयराम कॉम्पलेक्स में ऑफिस है। जहां अज्ञात चोर ने 25-26 अगस्त की दरम्यानी रात प्रार्थी के ऑफिस का ताला तोड़कर नकदी 1 लाख 95 हजार सहित 3 नग डेल एवं एचपी का लेपटाप, प्रिंटर व 3 नग मोबाइल फोन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 2 लाख 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

रायपुर, 27 अगस्त। शादी का प्रलोभन देकर महिला से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हीरापुर निवासी 31 वर्षीय प्रार्थिया ने कबीरनगर थाना में शिकायत की कि आरोपी दिव्यांसु शेखर सेन ने 29 सितंबर से 29 नवम्बर के मध्य प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर प्रार्थिया से शारीरिक संबंध बनाया। जिसके बाद आरोपी ने शादी से इंकार कर दिया।

खेत से हजारों रुपए का सामान पार

रायपुर, 27 अगस्त। ग्राम गोईंदा में अज्ञात चोर ने खेत में लगे पंप एवं केबल वायर को पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया नंदबाई दीवान 60 वर्ष ग्राम गोईंदा की रहने वाली है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के खेत में लगे पंप एवं केबल वायर को पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 22 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

रायपुर, 27 अगस्त। मौदहापारा एवं विधानसभा पुलिस ने अवैध शराब के साथ भाई-बहन सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 90 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने रजबंधा मैदान निवासी फिरोज कबाड़ी के मकान में दबिश देकर आरोपी अलताफ खान 27 वर्ष व उसकी बहन सुल्ताना बेगम 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 55 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने ग्राम नरदहा के पास दबिश देकर आरोपी रामशंकर कुर्रे 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है।

ड्राई-डे में बेच रहा था शराब, गिरफ्तार

रायपुर, 27 अगस्त। ड्राई डे के दिन अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। सूत्रों ने बताया कि आरोपी करन बघेल को कोतवाली क्षेत्र के नेहरू नगर से 130 पौवा अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। 26 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि नेहरू नगर स्थित सुलभ के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। इस पर एंटी क्राइम और साइबर यूनिट तथा कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। करन बघेल, निवासी नेहरू नगर, ने कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करता रहा। गिरफ्तारी के दौरान करन के पास से 80 पौवा गोवा अंग्रेजी शराब और 50 पौवा देशी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल कीमत लगभग 16, 500 आंकी गई है।

प्रोजेक्ट आश्रय का शुभारंभ

रायपुर, 27 अगस्त। डिलीवरी एसोसिएट्स को बेहतर सुविधा देने की अपनी अटूट प्रतिबद्धता के रूप में 'प्रोजेक्ट आश्रय' लॉन्च किया गया है। इस प्रोग्राम के तहत विभिन्न रेस्ट-पॉइंट्स स्थापित किए जाएँगे, जहाँ संपूर्ण लॉजिस्टिक इंडस्ट्री के ड्राइवर्स को दिल्ली एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे शहरों में इन आश्रय स्थलों पर आराम करने की सुविधा मिल सकेगी। उदयसा फाउंडेशन के साथ अमेजान इंडिया द्वारा साझेदारी में शुरुआती स्तर पर अधिक आवागमन वाले स्थानों पर पाँच आश्रय केंद्र स्थापित किए जाएँगे।

स्वामी आत्मानंद को पुण्यतिथि पर किया नमन

रायपुर, 27 अगस्त। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने समाज सुधारक और शिक्षाविद् स्वामी आत्मानंद की पुण्यतिथि 27 अगस्त पर उन्हें नमन करते हुए कहा है कि उन्होंने छत्तीसगढ़ में मानव सेवा एवं शिक्षा संस्कार की अलख जगाई। पीड़ित मानवता की सेवा को उन्होंने सबसे बड़ा धर्म बताया। स्वामी विवेकानंद के विचारों का भी उन पर भी गहरा असर हुआ और उन्होंने अपना पूरा जीवन दीन-दुःखियों की सेवा में बिता दिया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने स्वामी आत्मानंद के पद चिन्हों पर चलते हुए किसानों, वनवासियों, गरीबों और मजदूरों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के हर संभव प्रयास कर रही है। स्वामी आत्मानंद ने वनवासियों के उत्थान के लिए नारायणपुर आश्रम में उच्च स्तरीय शिक्षा केन्द्र और वनवासी सेवा केन्द्र प्रारंभ किए।

नया पाठ्यक्रम प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के लिए सिरदर्द

वैल्यू एडेड कोर्स से विद्यार्थियों को हो रही परेशानी

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 27 अगस्त। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी महाविद्यालयों में स्नातक स्तर की कक्षाओं में नया पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है। यह पाठ्यक्रम प्राध्यापकों और अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मुसीबत का पहाड़ बनता जा रहा है जिसके कारण अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है।

महाविद्यालयीन प्राध्यापकों के अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातक स्तर पर चार वर्षीय पाठ्यक्रम तय कर दिया गया है। इसके अंतर्गत बीकॉम, बीए, बीएससी एवं बीएससी होम के विद्यार्थियों को चार वर्ष का पाठ्यक्रम पढ़ना होगा। इस दौरान उन्हें अनेक शोध कार्य करने होंगे जिसे वैल्यू एडेड कोर्स का नाम दिया गया है। छात्रों को ज्वाइंट सिलेबस पढ़ाया जा रहा है। इसके तहत बीए, बीकॉम तथा बीएससी के छात्रों को अलग-अलग संकाय के विषयों का अध्ययन करना होगा। पहले स्नातक स्तर का पाठ्यक्रम तीन वर्ष का होता था। चार वर्ष के पाठ्यक्रम को लेकर छात्र परेशान हैं। कई छात्र इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं।

पीजी कोर्स के लिए समय सीमा निर्धारित है। यह दो वर्ष का पाठ्यक्रम है। छात्रों को अब कुल मिलाकर 6 वर्ष अध्ययन करना होगा। नई शिक्षा नीति में अनेक प्रावधान किए गए हैं जिसमें शोधपरक पढ़ाई को महत्व दिया गया है। छात्रों को नए पाठ्यक्रम के बारे में प्राध्यापक बता रहे हैं। यह पाठ्यक्रम निर्धारित समय में पूरा करना होगा अन्यथा उन्हें काफी परेशानी होगी।

छात्रसंघ चुनाव को लेकर असमंजस की स्थिति

महाविद्यालयों में इस समय छात्रसंघ चुनाव को लेकर राष्ट्रीय दलों के छात्र संगठन उठापटक कर रहे हैं। शासन द्वारा इस संबंध में अभी कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है। महाविद्यालयों के कुलाधिपति राज्यपाल होते हैं। राज्यपाल की अध्यक्षता वाली कोऑर्डिशन कमेटी की बैठक में इस पर निर्णय लिया जाएगा। यह बैठक कब होगी इसका पता नहीं है लेकिन कांग्रेस समर्थित छात्र संगठन एनएसयूआई छात्रसंघ चुनाव कराने के लिए निरंतर प्रदर्शन कर रहा है।

तैयारी

रायपुर, 27 अगस्त। गणेश चतुर्थी पर्व के लिए राजधानी में मूर्तिकार गणनायक को मिट्टी से विभिन्न रूप प्रदान कर रहे हैं।

ऐषणा ने जमाया गुरुभक्ति का रंग

रायपुर, 27 अगस्त। आचार्य भगवंत जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में 5 अगस्त से जारी 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप के समापन समारोह दिवस पर देर रात तक शताब्दी ढ़ेलडिया व 5 वर्षीय बिटिया ऐषणा ने गुरुभक्ति का अनूठा रंग जमाया। माँ बेटी ने नवकार मंत्र है प्यारा, इसने लाखों को तारा, इस महामंत्र का जाप करो भवजल से मिले किनारा के मंगलाचरण से भजन संध्या का आरम्भ किया। चलो रे मालपुराधाम दादा ने सबको बुलाया है। मालपुरा में ऐसा एक गुलाब है जो दुनिया में लाजवाब है। ओ पालन हारे निर्गुण और न्यारे तुम्हारे बिन हमरा कोई नही। दादा जैसा यार कहां, कहां ऐसा याराना। भक्ति की रात दादा आज थाने आणो है जैसे गुरुभक्ति के भजनों से भक्तों को सराबोर कर दिया।

सहकारिता चुनाव कराने की कवायद

पहले 12 सौ से अधिक प्राथमिक सहकारी समितियों के चुनाव कराने होंगे

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 27 अगस्त। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ प्रवास के पश्चात अब सहकारिता चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। भाजपा सरकार जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ बनाने के लिए इस चुनाव को कराना चाहती है।

मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता आंदोलन के विस्तार एवं प्रभावशाली बनाने के लिए भाजपा के सहकारी नेताओं की बैठक ली थी। अमित शाह स्वयं कई सहकारिता आंदोलन से जुड़े हुए हैं इसलिए यहां पर भी सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाना चाहते हैं। राज्य में सहकारी समितियों के परिसीमन का कार्य पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में 13 सौ से अधिक सहकारी समितियां हैं। इन समितियों के चुनाव भाजपा शासनकाल में हो चुके थे लेकिन कांग्रेस शासनकाल में प्रभारी सीईओ बना दिए गए। सहकारिता क्षेत्र में प्रभारवाद जमकर चला। इसके चलते सहकारिता आंदोलन काफी प्रभावित हुआ है। राज्य में प्राथमिक सहकारी समितियों के सदस्य जिला स्तरीय समिति कके सदस्यों का निर्वाचन करेंगे। इसके पश्चात राज्य स्तरीय समितियों के संचालक चुने जाते हैं। वर्तमान में अपेक्स बैंक, मार्कफेड तथा अन्य प्रदेश स्तरीय सहकारी समितियों में वरिष्ठ अधिकारी हैं। वहीं जिला स्तरीय केंद्रीय सहकारी बैंकों में कलेक्टर प्रभारी सीईओ हैं। दुग्ध सहकारी संघ तथा अन्य संस्थाओं में कानूनी दांवपेच चलने के लिए यहां पर चुनाव नहीं हो पा रहे हैं।

राज्य में मार्कफेड के पूर्व उपाध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, बिलासपुर कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र पांडेय तथा अन्य सदस्यों ने राज्य में कांग्रेस शासनकाल में सहकारिता आंदोलन को समाप्त करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में सहकारिता आंदोलन का विस्तार करना जरूरी है इसलिए सहकारिता समितियों का चुनाव कराया जाना चाहिए।

बलौदाबाजार हिंसा में गिरफ्तारी का करना चाहिए समर्थन : केदार गुप्ता

रायपुर, 27 अगस्त। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस के थानों का घेराव पर बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि वे विपक्ष में हैं, पर उनको यह सोचना चाहिए कि अगर बलौदाबाजार की हिंसा हुई है. महादेव सट्टा एप जैसे वाकये हुए हैं, जिसमें युवाओं को आत्महत्या तक करना पड़ा. इसमें अगर गिरफ्तारी हो रही है, तो उसका समर्थन करना चाहिए.

निकाय चुनावों से पहले बीजेपी की तैयारियों पर बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने कहा कि बीजेपी कैडर बेस पार्टी है. निकाय चुनाव और सदस्यता अभियान अलग-अलग रणनीति के तहत है. संगठन का काम निरंतर का चलता रहता है. बीजेपी संगठनात्मक रूप से बहुत मजबूत है. सदस्यता अभियान को नए रूप से और नए आयाम तक पहुंचाएंगे.

बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने मीडिया से चर्चा में बीजेपी सदस्यता अभियान पर चल रहे कार्यशाला पर कहा कि पार्टी का सदस्यता अभियान बहुत तेजी के साथ चल रहा है. मंडल स्तर पर मीटिंग आयोजित हो रही है. जिला स्तर पर मीटिंग हो चुकी है. निश्चित रूप से हम एक नया इतिहास बनाने जा रहे हैं. जिनकी पुरानी सदस्यता थी, वह स्वमेव समाप्त हो रही है. अब सभी को नया रूप से फिर से सदस्यता लेनी है. पूरा विश्वास है कि बीजेपी एक नया इतिहास रचेगी।

पांच साल का रुद्र शर्मा गूगल ब्वॉय

अद्वितीय स्मरण शक्ति देखकर विस अध्यक्ष भी हैरान

रायपुर, 27 अगस्त। छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले में रहने वाले पांच साल के रुद्र शर्मा ने अपनी अद्वितीय क्षमताओं से लोगों को हैरान कर दिया है। रुद्र, जिसे अंचल में गूगल बॉय के नाम से जाना जाता है, एक वास्तविक जीनियस साबित हो चुका है। रुद्र की प्रतिभा देखकर पूर्व मुखयमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह भी हैरान रह गए। डा.सिंह ने आधे घंटे तक इस बच्चे से विभिन्न विषयों पर वार्तालाप करते रहे। फिर अपना वह रुद्र शर्मा को पुरस्कार स्वरूप अपना वह पेन भेंट किया जो उन्हे संसद सदस्य होने पर दिल्ली में मिली थी।

रुद्र केजी-1 का विद्यार्थी होने के बावजूद, उसकी स्मरण शक्ति इतनी तेज है कि वह एक बार पढ़ी हुई जानकारी को अच्छी तरह याद रख लेता है। उसे किसी भी विषय पर जानकारी चाहिए हो, वह उसे एक क्लिक में गूगल की तरह प्राप्त कर लेता है। रुद्र के इस अद्वितीय गुण को देखकर उसे समाज का गौरव माना जा रहा है। उसके प्रदर्शन ने दुर्ग जिले का नाम रोशन किया है और लोग उस अनूठे जीनियस की प्रशंसा कर रहे हैं। रुद्र की इस अद्वितीय क्षमता ने लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देता है। उसके परिवार ने उसे और भी उत्साहित किया है अपने सपनों की ऊँचाइयों को छूने के लिए। इस विलक्षण बालक से मिलने पिछले दिनों भोपाल से मीडिया की एक टीम भी दुर्ग आई थी।

देश भर में जन्माष्टमी पर 25 हजार करोड़ का कारोबार

रायपुर, 27 अगस्त। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि आज देश भर में जन्माष्टमी का त्यौहार बेहद धूम धाम से मनाया गया और देश भर के मंदिरों में कहाँ सजावट हुई वहीं दूसरी ओर लोगों ने भी अपने घरों के मंदिरों एवं पूजा स्थलों को सुंदर तरीक़े से सजाया। कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के मुताबिक़ देश भर में जन्माष्टमी के मौक़े पर लगभग 25 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार हुआ। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि इस बेहद महत्वपूर्ण त्यौहार पर हुए बड़े व्यापार में ख़ास तौर पर फूल, फल, मिठाई, भगवान की पोशाक, श्रृंगार का सामान, व्रत की मिठाइयाँ, दूध दही, माखन तथा ड्राई फरूट की बड़े पैमाने पर बिक्री हुई। जन्माष्टमी जैसे त्यौहार देश में सनातन अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे देश की अर्थव्यवस्था मज़बूत होती है।

सुसंस्कारों का बीजारोपण

रायपुर, 27 अगस्त। बच्चों के मन मस्तिष्क में सुसंस्कार के बीजारोपण करने सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में सकारात्मक पहल करते हुए बच्चों को प्रभु नवांगी पूजन, देववंदन विधि सिखाई जाती है। अनुमोदना स्वरूप बच्चों को पुरस्कृत किया जाता है।

सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि प्रातः से ही बच्चे पूजन के वस्त्र जैन संस्कृति के परिचायक धोती दुप्पटा पहन कर आते हैं, तथा अपने मधुर कंठ से प्रभु भक्ति के श्लोक, नवांगी पूजन के दोहे व दर्शनम देव देवस्य, दर्शनम पाप नाशनम, दर्शनम स्वर्ग सोपानाम, दर्शनम मोक्ष साधनम के पवित्र आत्म कल्याणकारी श्लोकों के साथ जब एक साथ सभी बच्चों ने सीमंधर स्वामी जिन मंदिर में प्रभु प्रतिमा के सामने सामूहिक स्वर में पाठ किया तो मंदिर में अलौकिक दृश्य उपस्थित हो गया।

यही नहीं इस प्रयास से बच्चो के माता पिता भी प्रातः से ही पूजन में आने लगे हैं। ट्रस्टी निलेश गोलछा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा भावी पीढ़ी को संस्कारित करने रात्रि धार्मिक पाठशाला का भी संचालित हो रही है।

अंशदान शिविर का आयोजन

रायपुर, 27 अगस्त। भारत स्काउट्स एवम् गाइड्स जिला संघ रायपुर के जिला अध्यक्ष स्वामी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ सुरेश शुक्ला के मार्गदर्शन एवम् जिला आयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर डॉ विजय कुमार खंडेलवाल के निर्देशानुसार स्थानीय संघ आरंग में एक दिवसीय अंशदान पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नव निर्वाचित विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा का स्कार्फसे स्वागत किया गया। शिविर में 25 हाई / हायर सेकंडरी स्कूल का अंशदान 12 मिडिल स्कूल का पंजीयन किया गया। शिविर को सफल बनाने में जिला संगठन आयुक्त बालक दास राउत, विकासखंड सचिव आरंग रोहित कुमार वर्मा, होरीलाल पटेल, भारत दीवान ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण झांकी के विविध रूप

रायपुर, 27 अगस्त। बेटी बचाओ मंच टिकरापारा के महिलाओं ने कृष्ण जन्माष्टमी को हर्ष व उल्लास के साथ मनाया। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा शहर महासचिव अंजली यदु की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में राधा कृष्ण की झांकी के रूप में बच्चों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कृष्ण और राधा के बाल रूप के साथ थिरकते महिलाओं ने ब्रज व वृंदावन का एहसास कराया। प्रदेश अध्यक्ष मिश्रा तथा भगवान कृष्ण के तस्वीर की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिलाओं ने आपस में एक दूसरे को गुलाल लगाकर स्वागत किया। उपस्थित महिलाओं को सुहाग के प्रतीक के रूप में मंच द्वारा चूड़ी, सिंदूर, बिंदी, आलता भेंट किया गया। अंत में मक्खन का प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से ललित मिश्रा, अंजली यदु, लता चंद्राकर, रूपा यदु, आशा धीवर, किरण कर्स, सुप्रिया धुवारे, नीतू साहू, रीना ठाकुर सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल हुए।

भगवान कृष्ण की महाआरती

रायपुर, 27 अगस्त। राजधानी के पुरानी बस्ती क्षेत्र में स्थित राज ठेठवार परिवार चौक में जन्माष्टमी के अवसर पर विधि विधान से कृष्ण भगवान की महाआरती की गई जन्मोत्सव के दौरान पटाखे व लाड़ियां फोड़कर स्वागत किया गया नंदलाला जी को पंजरी भोग प्रसाद सहित छप्पन भोग अर्पण किया गया द्य गोकुल राजा के जन्म की खुशी में सभी ने एक साथ हाथ उठाकर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जयकारे लगाए द्य इस मंगल बेला पर राजेश यदु, देवेंद्र शर्मा गजेश यदु, प्रवीण झा, नवीन यदु, संजू मिश्रा, युगल यदु, रविंद्र यदु, राजकुमार पांडे, राहुल यदु, कमलेश यदु, नागेश यदु, शुभम यदु, राजेंद्र गवई विजय यदु, संतोष

अग्रवाल, हरीश तिवारी, रोहन यदु संस्कार यदु वासु यदु दिव्यांश यदु राजवंश यदु, श्रितिक यदु सहित मोहल्लेवासी काफी संख्या में मौजूद रहे।

नामकरण की राजनीति नई नहीं बहुत पुरानी है : शर्मा

रायपुर, 27 अगस्त। छत्तीसगढ़ में नामकरण की राजनीति नई नहीं बहुत पुरानी है. सरकार बदलने के साथ ही योजनाओं से लेकर चौक-चौराहों, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों के नामकरण को लेकर सियासत होती रही है. सरकारें किसी की भी रही हो नामकरण को लेकर सियासी बवाल मचते रहा है. जैसे कि अब की बार भाजपा सरकार में पक्ष और विपक्ष के बीच वार-पलटवार के साथ देखने को मिल रहा है.

दरअसल भाजपा सरकार ने नवा रायपुर के चौक-चौराहों के नामकरण के लिए एक समिति का गठन किया है. समिति की ओर सुझाए गए नामों पर सरकार चौक-चौराहों का नामकरण करेगी. लेकिन इसे लेकर विपक्ष की ओर से सवाल खड़ा किया गया है कि पुरखों के नामों के साथ खिलवाड़ न किया जाए. भाजपा की सरकार नामकरण की राजनीति न करें.

इस मामले में आज उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्पीकर हाउस में आयोजित एक साहित्यिक कार्यक्रम में साहित्यकारों, इतिहासकारों और संस्कृतिकर्मियों के बीच कहा कि भाजपा नाम बदलने पर नहीं, काम करने पर विश्वास करती है. सभी को पता है कि भारत की सबसे बड़ी सुनियोजित सिटी बनाने काम डॉ. रमन सिंह की सरकार शुरू हुआ था. अब राज्य में फिर से भाजपा की सरकार है तो नवा रायपुर के विकास को लेकर फिर से तेजी से काम शुरु हो गया है, जो कि पिछली सरकार में नहीं हो सका था.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26